राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 44 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



संसद में लोकसभा स्पीकर संसद की प्रक्रिया की निगरानी करते हुए।

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## वक्फ बिल पर जेपीसी रिपोर्ट संसद में पेश

● वक्फ विधेयक पर जेपीसी की रिपोर्ट राज्यसभा में पेश, विपक्ष ने किया वॉकआउट

**हंगामा**

▶▶ विपक्ष ने आपत्ति जताई कि उनके कई साथियों के असहमति नोट को रिपोर्ट में शामिल नहीं किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** जेपीसी पर विपक्ष का लोकसभा में हंगामा, स्पीकर ने कहा- सभी विषयों को रिपोर्ट में शामिल किया गया राज्यसभा के बाद लोकसभा में भी गुरुवार को वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट को पेश करने के दौरान विपक्ष ने हंगामा किया। विपक्ष ने आपत्ति जताई कि उनके कई साथियों के असहमति नोट को रिपोर्ट में शामिल नहीं किया गया है। इसपर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस संबंध में जिन भी विषयों को उनके समक्ष उठाया गया है उसे रिपोर्ट के एनक्चर (अनुलग्नक) में शामिल किया गया है। हालांकि विपक्ष ने इस मुद्दे पर सांकेतिक बाहिर्गमन किया। जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने रिपोर्ट को लोकसभा में पेश किया। इसके बाद विपक्ष के नेता हंगामा करते हुए सदन के बीचों-बीच आ गए। इसपर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष के नेताओं ने आपत्ति जताई है कि उनके विमत (असहमति भरे नोट) शामिल नहीं किए गए हैं। वे अपनी पार्टी की ओर से आग्रह करते हैं कि लोकसभा अध्यक्ष कार्यप्रणाली के तहत जो जोड़ना चाहें जोड़ें, उनकी पार्टी को कोई आपत्ति नहीं है। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष के जेपीसी सदस्य उनसे मिले थे।



डा. सैयद नसीर हुसैन, आईएनर

### असहमति नोट हटा दिए गएः नासिर हुसैन

**कर्नाटक** से कांग्रेस के सदस्य सैयद नासिर हुसैन ने कहा कि रिपोर्ट से उनके असहमति नोट हटा दिए गए हैं। जेपीसी सदस्यों के बीच कोई चर्चा नहीं हुई। खरगे के दावों का विरोध करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि असहमति वाले नोट रिपोर्ट के परिशिष्ट में शामिल हैं। उन्होंने विपक्ष पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट से कोई कटौती या निष्कासन नहीं किया गया है। विपक्ष एक अनावश्यक मुद्दा बना रहा है। वक्फ विधेयक में क्या बदलाव हैं विधेयक में कुछ प्रमुख बदलाव शामिल हैं, जैसे राज्य वक्फ बोर्डों में कम से कम दो गैर-मुस्लिम सदस्य होना और यह तय करने के लिए एक सरकारी अधिकारी को शामिल करना कि कोई संपत्ति वक्फ संपत्ति है या नहीं।

### वक्फ पर जेपीसी की पूरी रिपोर्ट पेश की गई, विपक्ष की आपत्तियां गलतः किरेन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में पेश की गई वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट में विपक्ष की आपत्तियों को शामिल नहीं किए जाने के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया के तहत पूरी रिपोर्ट को पेश किया गया है। केवल समिति और अध्यक्ष के बारे में की गई टिप्पणियों को अध्यक्ष ने अपने अधिकार का उपयोग कर हटाया है। रिजिजू ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि आज वक्फ संशोधन विधेयक से संबंधित रिपोर्ट को दोनों सदनों में पेश किया जाना था। आज पहले इसे राज्यसभा में पेश किया गया। विपक्ष ने इस पर आपत्ति जताई कि इसमें उनकी आपत्तियों को शामिल नहीं किया गया है। विपक्ष का आरोप गलत है।

## राहुल-केजरीवाल से मिले आदित्य ठाकरे



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने दिल्ली दौरे के दौरान गुरुवार को राहुल गांधी और केजरीवाल से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सभी विपक्षी सांसदों को सोचना चाहिए कि हमारा अगला कदम क्या होगा, क्योंकि हमारे लोकतंत्र में इलेक्शन अब फेयर और निष्पक्ष नहीं रह गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि केजरीवाल ने 10 साल में बहुत काम किए हैं, जिन्हें जनता जानती है। भाजपा को चुनाव आयोग का आशीर्वाद था, इसी वजह से दिल्ली में जीती है। उसे चुनाव आयोग का आभार करना चाहिए। दिल्ली में काफी जगह वोट काटे गए थे, चुनाव आयोग ने लोगों से वोट डालने का अधिकार छीना है।

**चुनाव आयोग ने कई राज्यों में हेराफेरी कीः आदित्य ठाकरे ने** चुनाव आयोग पर महाराष्ट्र, हरियाणा, ओडिशा और दिल्ली सहित कई राज्यों में मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर हेराफेरी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने लोगों के वोट देने के अधिकार को छीन लिया है और वह इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए भी तैयार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष इस मामले को औपचारिक रूप से उठाएगा। साथ ही ठाकरे ने जोर देकर कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव देश के लिए जरूरी हैं। ठाकरे ने कहा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन रिश्ते बने रहते हैं। हमने केजरीवाल से दोस्ती के संकेत के तौर पर बैठक की। इसमें शिवसेना संजय राउत और प्रियंका चतुर्वेदी भी मौजूद थे। मीटिंग में दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव और विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक के भविष्य पर चर्चा की।

**चर्चा**

▶▶ हमारा अगला कदम क्या होगा, क्योंकि हमारे लोकतंत्र में इलेक्शन अब फेयर और निष्पक्ष नहीं रहे

## हरियाणा के खेल मंत्री ने 38वें राष्ट्रीय खेलों का किया दौरा, खिलाड़ियों का बढ़ाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने मंगलवार को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, देहरादून में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हरियाणा से भाग ले रहे खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। खेल मंत्री ने विभिन्न खेल स्थलों का निरीक्षण किया, जिनमें भागीरथी हॉल भी शामिल था, जहां जिम्नास्टिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों से बातचीत कर उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की। हरियाणा सरकार खिलाड़ियों को दे रही हर संभव सहायता गौतम ने कहा कि हरियाणा की समृद्ध खेल संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए सरकार हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है।
उन्होंने कहा, "हरियाणा के खिलाड़ी पहले से ही शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और राष्ट्रीय खेलों में भी बेहतरीन खेल दिखा रहे हैं। हमारी खेल नीति ने खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।

## निकाय चुनाव के बाद विकास कार्यों में लाएंगे तेजीः मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि निकाय चुनाव के बाद जनता से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों में और तेजी लाने के साथ-साथ नई परियोजनाओं पर भी तीव्र गति से कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज नारनौंद में कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि की जीत सुनिश्चित कर क्षेत्र को विकास के मामले में आगे बढ़ाने का काम करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी तंज कस्ते हुए कहा कि दिल्ली चुनाव के दौरान श्री केजरीवाल द्वारा तरह तरह की अफवाहें फैलाई गई और कहा कि हरियाणा ने यमुना नदी के पानी में जहर मिला दिया। लेकिन जन्म तो केजरीवाल का भी यहीं हुआ है, हरियाणा के लोग तो ऐसे है जो स्वयं जहर पीकर दूसरों को अमृत पिलाते हैं। हरियाणा के लोग सनातन संस्कृति को मानने वाले लोग हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल दावा करते थे कि उन्हें कोई हराने वाला नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री की गारंटीयों के आगे केजरीवाल का झूठ नहीं चला।

**आह्वान**

▶▶ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटीयों के आगे केजरीवाल का झूठ नहीं चलाः नायब सिंह सैनी

## वित्त मंत्री लोकसभा में पेश किया आयकर विधेयक 2025

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 पेश किया। वित्त मंत्री सीतारमण ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से इसे सदन की प्रवर समिति को भेजने का आग्रह किया। विपक्षी सदस्यों ने विधेयक को प्रस्तुत करने के दौरान इसका विरोध किया लेकिन सदन ने इस विधेयक को प्रस्तुत करने के लिए ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित कर दिया। सीतारमण ने लोकसभा में आयकर विधेयक 2025 पेश करते हुए अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह किया कि वे मसौदा कानून को सदन की प्रवर समिति को भेजें, जो संसद के अगले सत्र के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट को प्रस्तुत करेगी। उन्होंने अध्यक्ष से प्रस्तावित पैनल की संरचना और नियमों पर निर्णय लेने का आग्रह किया।

**प्रस्ताव**

▶▶ सदन ने इस विधेयक को प्रस्तुत करने के लिए ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित कर दिया

## आजम व उनके बेटे अब्दुल्लाह को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के रामनगर नगरपालिका परिषद की सफाई मशीन चोरी कराकर उसे जौहर यूनिवर्सिटी में मिट्टी में दबाए जाने के मामले में समाजवादी पार्टी नेता आजम खान और उनके पुत्र अब्दुल्लाह आजम को जमानत दे दी है।
गुरुवार को जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने जमानत देने का आदेश दिया। इससे पहले कोर्ट ने 16 दिसंबर, 2024 को यूपी सरकार को नोटिस जारी किया था।

## सेना बोली- पाकिस्तान बॉर्डर पर युद्धविराम लागू

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्रीनगरः** भारतीय सेना ने कहा कि नियंत्रण रेखा पर युद्धविराम लागू है। दोनों सेना (भारत और पाकिस्तान) आपसी समझ बनाए हुए हैं। फिलहाल एलओसी पर कोई गोलीबारी नहीं हुई। कोई छोटी घटनाएं भी नहीं हुईं। पाकिस्तान आर्मी के अफसरों से इस मसले पर बात हो चुकी है। इंडियन आर्मी अलर्ट है और हालात पर नजर रखे हुए है। इससे पहले खबर आई थी कि जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एलओसी पर बुधवार देर रात पाकिस्तान सैनिकों ने सीजफायर तोड़ा। पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा में गोलीबारी की गई, हालांकि कोई नुकसान नहीं हुआ। पाकिस्तानी गोलीबारी का भारतीय सेना ने भी जवाब दिया। आर्मी सूत्रों ने बताया कि भारतीय सेना के जवाबी हमले में पाकिस्तान के कई सैनिकों को भारी नुकसान हुआ है। वहीं, सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी अधिकारियों का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे अपने सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए दिख रहे हैं। कुछ रिपोर्ट्स में 6 लोगों के मारे जाने की बात कही गई।
**14 फरवरी 2024:** 20 मिनट तक भारत-पाक के बीच गोलीबारी 14 फरवरी की शाम 5.50 बजे जम्मू के मकवाल में इरत्रचौकी पर पाकिस्तानी रेंजर्स ने गोलीबारी की। बीएसएफ ने भी इस गोलीबारी का जवाब दिया। इरत्र के अधिकारियों के मुताबिक, दोनों ओर से करीब 20 मिनट तक गोलियां चलीं। हालांकि, गोलीबारी में बीएसएफ का कोई भी जवान घायल नहीं हुआ है।



**स्पष्ट किया**

▶▶ किसी भी तरह की गोलीबारी नहीं हुई, हालात पर नजर, सीमापार से फायरिंग की खबर थी

## आर्टिकल 370 को खत्म होना ही थाः पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने इस बात से इनकार किया है कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण पर फैसले से पहले उन्होंने भगवान को याद कर समाधान के लिए प्रार्थना की थी। जस्टिस चंद्रचूड़ (रिटायर्ड) ने बीबीसी को दिए एक इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि ये बातें सोशल मीडिया की ऊपज हैं। मेरी बात को गलत तरीके से पेश किया गया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के केंद्र सरकार के फैसले पर कहा- अनुच्छेद 370 संविधान बनने के साथ ही शामिल किया गया था और ट्रांजिशन प्रोविजंस शीर्षक अध्याय का हिस्सा था, बाद में इसका नाम बदलकर टेंपरेरी ट्रांजिशनल प्रोविजंस कर दिया गया। संविधान बना तो यह माना गया कि ये प्रावधान धीरे धीरे खत्म हो जाएंगे। जस्टिस चंद्रचूड़ ने दिए इंटरव्यू में राम मंदिर के अलावा जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के केंद्र सरकार के फैसले पर सहमति, राहुल गांधी को मानहानि मामले में जमानत, सीएए, न्यायपालिका में जेंडर रेश्यो और पीएम से मुलाकात पर भी अपनी बात रखी। मेरे पिता वाईवी चंद्रचूड़ ने मुझसे कहा था कि जब तक वे भारत के मुख्य न्यायाधीश हैं, तब तक मैं प्रेक्टिस न करूं। उनके रिटायर होने के बाद ही मैं पहली बार कोर्ट में कदम रखा। ऐसा नहीं है कि न्यायपालिका में सिर्फ उच्च जातियों का कब्जा है। न्यायपालिका की हाई पोस्ट तक महिलाओं का आना अभी शुरू ही हुआ है।
**जवाबः** न्यूयॉर्क टाइम्स बिल्कुल गलत है, क्योंकि वे समझने में नाकाम रहे कि 2024 के चुनाव में क्या होने वाला है। 2024 का चुनाव परिणाम 'एक पार्टी-एक राज्य' की बात को गलत साबित करता है।
भारत के राज्यों में क्षेत्रीय आकांक्षाएं और पहचान सर्वोपरि होती है। कई ऐसे राज्य हैं जहां अलग-अलग क्षेत्रीय पार्टियां हैं, जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया और वहां उनकी सरकार है।



**खुलासा**

▶▶ चंद्रचूड़ ने इस बात से इनकार किया है कि राम मंदिर निर्माण पर फैसले से पहले भगवान से प्रार्थना की थी

## 2025-26 में पूंजीगत व्यय 15.48 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट को विकास को गति देने, समावेशी विकास सुनिश्चित करने और निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने वाला कहा है। उन्होंने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रभावी पूंजीगत व्यय 15.48 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान जताया है, जबकि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के संशोधित अनुमान में यह 13.18 लाख करोड़ रुपये था। सीतारमण ने गुरुवार को राज्यसभा में केंद्रीय बजट 2025-26 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह बजट एक चुनौतीपूर्ण समय के दौरान तैयार किया गया था, जिसमें अनुमान या पूवार्नुमान से परे गंभीर बाहरी चुनौतियां थीं। इसके बावजूद हमने भारत के हितों को सर्वोपरि रखते हुए आकलन को यथासंभव सटीक रखने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि प्रभावी पूंजीगत व्यय में केंद्रीय बजट में मुख्य पूंजीगत व्यय के साथ-साथ पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए राज्यों को आवंटित अनुदान और सहायता भी शामिल है।
राज्यसभा में विपक्ष की उठाई गई चिंताओं पर सीतारमण ने कहा कि यद्यपि पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए अनुदान और सहायता को केंद्र सरकार के खातों में राजस्व व्यय के रूप में दर्ज किया जाता है, फिर भी वे पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए राज्यों को जाते हैं, इसलिए अंततः ये पूंजीगत व्यय है। सीतारमण ने कहा कि इसके बावजूद सरकार ने भारत के हितों को सर्वोपरि रखते हुए आकलन को यथासंभव सटीक रखने का प्रयास किया है।



**चुनौतियां**

▶▶ बजट चुनौतीपूर्ण समय के दौरान तैयार किया गया था, अनुमान या पूवार्नुमान से परे गंभीर बाहरी चुनौतियां थीं

## लोसअध्यक्ष हरियाणा विधानसभा सदस्यों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम का करेंगे उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कल चंडीगढ़ में हरियाणा राज्य विधानमंडल परिसर में 15वीं विधान सभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। हरियाणा के मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा विधान सभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, हरियाणा विधान सभा में विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राज्य सरकार के मंत्री और विधान सभा के सदस्य इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री, संसदीय समितियों के सभापति, संसद सदस्य और विषय विशेषज्ञ हरियाणा विधान सभा के सदस्यों को कई विषयों पर जानकारी देंगे। इसमें प्रभावी विधायक कैसे बनें: सदस्यों को क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, भारतीय संसद और हरियाणा विधान सभा में विधायी और वित्तीय कार्य; समिति प्रणाली - संसदीय लोकतंत्र का प्रतिबिंब; विधानमंडलों में प्रश्नों और अन्य साधनों के माध्यम से कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करना; विधायी प्रक्रियाओं में मंत्री की भूमिका; संसदीय विशेषाधिकार; और राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) शामिल है।

## जनवरी में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 1.6 फीसदी बढ़ीः सियाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** जनवरी में यात्री वाहनों की कुल थोक बिक्री सालाना आधार पर 1.6 फीसदी बढ़कर 3,99,386 इकाई पर पहुंच गई है।
पिछले साल जनवरी में यात्री वाहनों की कुल थोक बिक्री 3,93,074 इकाई रही थी। उद्योग संगठन भारतीय ऑटोमोबाइल निमार्ता सोसायटी (सियाम) ने गुरुवार को जारी आंकड़ों में बताया कि वाहनों की मजबूत मांग के कारण कंपनियों से डीलरशिप तक यात्री वाहनों की आपूर्ति जनवरी महीने में सलाना आधार पर 1.6 फीसदी बढ़कर 3,99,386 इकाई हो गई है।

**साधा निशाना** रोजमर्रा के लिए जरूरी चीजों के बढ़ते दामों को लेकर कहा कि इतनी महंगाई से सरकार आखिर किसका संतुष्टीकरण कर रही

## इमरान प्रतापगढ़ी ने महंगाई पर सरकार को संसद में घेरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राज्यसभा में केंद्रीय बजट 2025-26 पर सामान्य चर्चा के दौरान कांग्रेस सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी ने संसद में पेश बजट प्रावधानों को नाकाफी बताते हुए वित्त मंत्री से अल्पसंख्यकों के बजट, मनरेगा, युवाओं के लिए रोजगार और किसानों को एमएसपी की गारंटी दिए जाने की मांग की। उन्होंने महंगाई का मुद्दा उठाते हुए दूध, पेट्रोल सहित रोजमर्रा के लिए जरूरी चीजों के बढ़ते दामों को लेकर कहा कि इतनी महंगाई से सरकार आखिर किसका संतुष्टीकरण कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अंत्येष्टि में इस्तेमाल होने वाले सामान पर भी टैक्स लगा रही है। इमरान प्रतापगढ़ी ने सुदामा पाण्डेय धूमिल की कविता, "एक आदमी/रोटी बेलता है/एक आदमी रोटी खाता है/एक तीसरा आदमी भी है/जो न रोटी बेलता है, न रोटी खाता है/वह सिर्फ.रोटी से खेलता है/मैं पूछता हूँ यह तीसरा आदमी कौन है मेरे देश की संसद मौन है... की कविता से अपने चर्चा की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि एक दौर में जब संसद में देश का बजट पेश होता था तो देश की सड़कें ठहर जाया करती थीं। रेल बजट पेश होता था तो लोगों की उम्मीदें रेल के डिब्बों की तरह पटरियों पर दौड़ने लगती थीं। पूरा देश धड़कनें रोक कर रेल मंत्री और वित्त मंत्री को सुना करता था।
अफसोस अब बजट पेश हो जाता है तो मीडिया सरकार का महिमामंडन करती है, फिर महीनों बाद जनता को समझ आता है कि उसे कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि पहले यह सरकार अमृतकालीन बजट पेश करती थी, अब इसे तुष्टीकरण बनाम संतुष्टीकरण का बजट बताया जा रहा है। जिस बजट को मिडिल क्लास का बताया जा रहा है, उसमें मनरेगा के लिए एक रुपये की बढ़ोतरी नहीं हुई।




**पूछे सवाल**

▶▶ अब बजट पेश हो जाता है तो मीडिया सरकार का महिमामंडन करती है, फिर महीनों बाद जनता को समझ आता है

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 14 फरवरी 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
http:// www.actionindialive.com

# कुंडली नगरपालिका में सीएम फ्लाइंग की छापेमारी में कर्मचारियों की अनुपस्थिति व कचरा

**राई।** सीएम फ्लाइंग की टीम ने वीरवार के कुंडली नगरपालिका में सीएम फ्लाइंग की छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान कई कमियां मिली हैं। सफाई कर्मचारियों की अनुपस्थिति व कचरा प्रबंधन में गड़बडियां मिली। जहां कुंडली नगरपालिका में 13 कर्मचारी गैर हाजिर पाए गए और 21 कर्मचारी मौजूद पाए गए। कौशल रोजगार कर्मी आशीष, सफाई कर्मचारी मनोज, रवि, राजेश बिना सूचना के गैर हाजिर मिले। नियमित कर्मचारी गौरव अवकाश पर मिला। टीम ने जांच के दौरान पाया कि कुंडली नगर पालिका दारा 16 वाहन और 31 कमंचारी कचरा संयहण के लिए तैनात किए गए थे, जांच करने पर केवल 11 वाहन और 18 कर्मचारी डयूटी पर मिले। 9 वाहनों का जीपीएस चरलू था। 2 वाहनों का जीपीएस बंद पाया गया। ट्रैक्टर भी बिना जीपीएस के मिला। टीम ने जांच में पाया कि कुंडली नगर पालिका में फर्म संत इंद्रमणि इंटरप्राइजेज द्वारा नगर पालिका क्षेत्र से उठाया गया कचरा सिंधु बॉर्डर के पास स्थित सेग्रीगेशन साइट पर डंप किया जा रहा था। मौके पर देखा गया कि लेबरों द्वारा काफी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ, जैसे पन्नी, कागज और गत्ता एकत्र किया जा रहा था। यदि इनमें आग लगती है, तो स्थानीय लोगों और छोटे बच्चों को गंभीर खतरा हो सकता। कुल मिलाकर टीम को जांच में सफाई व्यवस्था बदहाल मिली। जांच टीम का कहना था कि छापेमारी की रिपोर्ट तैयार करके उच्च अधिकारियों को भेज दी जाएगी।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि (1) **अमित,** पुत्र सूंदर राज, निवासी-मकान नंबर एच-1/229, मदन गिरी, दिल्ली, (2) **विशाल,** पुत्र बबलू, निवासी-मकान नंबर एच-1, शिव का मकान, मदन गिरी, दिल्ली ने **एफ आई आर नंबर 440/15 धारा 379/411/34 भा.द.स थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त (1) **अमित** (2) **विशाल** मिल नहीं रहे और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त (1) **अमित** (2) **विशाल** फ़रार हो गए है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त (1) **अमित** (2) **विशाल, एफ आई आर नंबर 440/15 धारा 379/411/34 भा.द.स थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 26.03.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री मनुज कौशल**
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी-04 (केंद्रीय)
कमरा नंबर 37
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/1717/N/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी सतीश, पुत्रः** राम चंद्र, **पताः** मकान नं. 201, ग्राम दहिसरा, थाना कुंडली, सोनीपत, **हरियाणा FIR No. 482/2021 Dt. 27.06.2021, U/S: 33 Delhi Excise Act, पुलिस थानाः अलीपुर, बाहरी उत्तरी जिला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सतीश,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सतीश,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सतीश, FIR No. 482/2021 Dt. 27.06.2021, U/S: 33 Delhi Excise Act, पुलिस थानाः अलीपुर, बाहरी उत्तरी जिला, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.03.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रूबी नीरज कुमार
एलडी मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी/उत्तर
कोर्ट नंबर 115 रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/1751/ON/2025
(Court Matter)

# अवैध माइनिंग के मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** अवैध माइनिंग कर अरावली क्षेत्र से पत्थर चोरी करने, सरकारी संपति को नुकसान पहुंचाने, सरकारी कार्यों में बाधा डालने व सरकारी कर्मचरियों पर जानलेवा हमला करने के मामले में संयुक्त कार्रवाई करते हुए थाना सतनाली और सीआईए पुलिस टीम ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान सोहली निवासी संदीप, सुरेंद्र, संजय व पवन के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। अवैध माइनिंग में प्रयोग की गई जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पुलिस ने बरामद कर जब्त कर लिया है। वन राजिक अधिकारी चंद्रगुप्त ने थाना सतनाली में दी शिकायत में बताया कि नौ फरवरी को वन विभाग की रेंज स्तर पर

## उत्तर रेलवे
### ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | भाग–बी : डीएलआई, एनडीएलएस, डीएसजे और डीईई स्टेशनों पर गैर–विद्युतीकृत साइडिंग/डीजल शेड के विद्युतीकरण के लिए 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग, "पहले से विद्युतीकृत खंडों में डीएलआई डिवीजन पर गैर–विद्युतीकृत साइडिंग/डीजल शेड का विद्युतीकरण" के संबंध में। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 2,49,78,450.93 |
| 3 | बयाना राशि | रु. 2,74,900/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 24.02 2025 (10:30 बजे) से 10.03.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 10.03.2025 (15:00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | EBR-IF |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्याः 10B–क.वि.–नई दिल्ली–2024–25 दिनांकः 12.02.2025 498/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | ए.डी.ई.एन/एन.डी.एल.एस. के तहत एस.एस.ई/डब्ल्यू./ए.एन.वी.टी. में आवश्यक समय के अनुसार जल उत्पादन में सुधार के लिए अक्षरधाम रेनी कुएं से मंडावली रेनी कुएं (1.30 कि.मी.) तक इंटरकनेक्शन लाइन के रखरखाव सहित मंडावली रेनी कुएं से ए.एन.वी.टी. वाटर टैंक कॉम्प्लेक्स (3.20 कि.मी.) तक दो वर्षों के लिए एम. एस./सी. आई./डी. आई. रेनी कुएं की पाइप लाइन का वार्षिक रखरखाव और मरम्मत। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु.89,98,472.99/– (रुपये नवासी लाख अठानबे हजार चार सौ बहत्तर और निन्यानबे पैसे मात्र) |
| बयाना राशि (रुपये) | रु.1,80,000/– (रुपये एक लाख अस्सी हजार मात्र) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु.0.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 07.03.2025 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| आवंटन | 04–510–32 |

- ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) **IREPS)** साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

निविदा संख्या : 128–डब्लू/280/ई–निविदा सूचना/43–2024–25/डब्यू–3
दिनांक : 13.02.2025
499/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## रीजेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड

रजि. कार्यालयः ई-205 (एलजीएफ), ग्रेटर कैलाश-2, नई दिल्ली-110048
ई-मेलः legal@regententerprises.in, सीआईएनः L15500DL1994PLC153183

**31 दिसम्बर, 2024 को तिमाही और अवधि समाप्त हेतु अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(प्रति शेयर डेटा को छोड़कर लाख रुपये में)

| क्र. सं. | विवरण | 31.12.2024 को समाप्त तिमाही (अनअंकेक्षित) | 30.09.2024 को समाप्त पूर्ववर्ती तिमाही (अनअंकेक्षित) | 31.12.2023 को पिछले वर्ष समाप्त संगत तिमाही (अनअंकेक्षित) | 31.12.2024 को समाप्त वर्तमान अवधि के लिए वर्ष-दर-वर्ष आंकड़े (अनअंकेक्षित) | 31.12.2023 को समाप्त पूर्ववर्ती अवधि के लिए वर्ष-दर-वर्ष आंकड़े (अनअंकेक्षित) | 31.03.2024 को समाप्त वर्ष (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संचालनों से कुल आय | 22436.85 | 18039.80 | 18105.06 | 55083.86 | 44533.38 | 67267.26 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर तथा आपवादिक और/या असाधारण मदों के पूर्व) | 9.51 | 420.90 | (37.56) | 768.84 | 17.95 | 21.38 |
| 3. | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या असाधारण मदें पश्चात) | 38.92 | 255.19 | 25.56 | 393.40 | 80.30 | 82.88 |
| 4. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या असाधारण मदें पश्चात) | 38.92 | 255.19 | 25.30 | 393.40 | 73.81 | 64.74 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि)(कर पश्चात) और अन्य कुल व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल] | **38.92** | **255.19** | **25.30** | **393.40** | **73.81** | **64.74** |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 |
| 7. | अंकेक्षित तुलन पत्र में दर्शाये अनुसार संरक्षित (पुनर्मूल्यांकन संरक्षण रहित) | | | | | | 519.75 |
| 8. | प्रति शेयर आय (प्रत्येक 10 रुपये) (जारी और बंद किए गए परिचालन हेतु)- मूलभूत और तरलीकृत | 0.12 | 0.76 | 0.08 | 1.18 | 0.22 | 0.19 |

टिप्पणियाँ:
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा 13.02.2025 को आयोजित अपनी बैठक में की गई और निदेशक मंडल द्वारा 13.02.2025 को आयोजित अपनी बैठक में अनुमोदित किया गया।
2. पिछले वर्ष के आंकड़ों को, जहां भी आवश्यक हो, पुनः समूहीकृत और पुनर्व्यवस्थित किया गया है।
3. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल तिमाही और 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त अवधि के लिए वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। उपरोक्त वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट यानी www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट यानी www.regententerprises.in. पर उपलब्ध है।
4. वेबपेज जहाँ कंपनी के संपूर्ण वित्तीय परिणाम उपलब्ध हैः https://regententerprises.in/wp-content/uploads/2025/02/Unaudited-Financial-Results-Dec-2024.pdf.
5. वित्तीय परिणामों का त्वरित प्रतिक्रिया (क्यू आर) कोड हैः

कृते रीजेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड
हस्ता/-
विकास कुमार
पूर्णकालिक निदेशक
(डीनः 05308192)

दिनांकः 13.02.2025
स्थानः गाजियाबाद

## उत्तर रेलवे
### निविदा आमंत्रण सूचना

| |
|---|
| **कार्य का नाम और इसकी स्थिति :** 30-Elect-65-T-2024-25-E3 रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2021/ईईएम/180/11 दिनांक 09.11.2021 के अनुसार एसएसई/पीएस/टी. एच रोड के अधिकार क्षेत्र के तहत टीकेजे अधिकारी रेलवे कॉलोनी, एमटीबी और टी. एच रोड रेलवे कॉलोनी में रेलवे क्वार्टरों की रिवायरिंग के संबध में विद्युत कार्य। |
| **निविदा की अनुमानित लागत :** रु. 102.43 लाख |
| **कार्यालय का पता :** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| **बयाना राशि :** रु. 2,01,200.00 |
| **निविदा निवेदन की दिनांक व समय :** 17.03.2025, 12.00 बजे |
| **निविदा खोलने की दिनांक व समय :** 17.03.2025, 12.00 बजे |
| **वेबसाइट व नोटिस बोर्ड :** www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

490/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## जना स्मॉल फाइनेंस बैंक

अनूसूचि कॉमर्शियल बैंक
पंजीकृत कार्यालयः जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड- द फेयरवे, ग्राऊंड & पहली मंजिल
सर्वे नं. 10/1, 11/2 & 12/2/बी, कार्यालय डोमलर, कोरामंगला, इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के पास, छल्लाघाटा, बैंगलोर- 560071

**सोने के आभूषणों को बोली के लिए सार्वजनिक सूचना**

निर्धारित समयसीमा के अंदर सोने के आभूषणों के एवज में नीचे उल्लेखित उधारकर्ता ऋण चुकाने में विफल साबित हुए हैं और कई बार याद स्मरण भी कराया गया। नीचे उल्लेखित उधारकर्ता द्वारा सोने के आभूषण/गहने ऋण खाता के नाम पर गिरवी रखे गए थे, वो सार्वजकि/प्राईवेट/ऑनलाईन बिक्री की जाएगी, हमारे शाखा परिसर में 27-02-2025 **को सुबह 10:30 बजे**। जो भी इस नीलामी में भाग लेना चाहते हैं उनसे आग्रह है कि हमारे शाखा कार्यालय में संपर्क करें। बैंक के पास अधिकार होगा कि वो बोली स्वीकार करता है या अस्वीकार करता है बिना किसी कारण बताएं। कृप्या नोट करें कि अगर बोली उसी दिन पूरी नहीं हो पाती तो अगले दिन उन्हीं शर्तों पर बोली लगेगी। अगर ग्राहक नीलामी के सभी शर्तों का मानता है तो वो कानूनी रूप से हायर होगा। उधारकर्ता तो सूचित किया जाता है कि अभी तक का ब्याज और अन्य शुल्क चुकाना होगा नीलामी की तारीख से पहले, अगर चुकाने में असफल साबित होते हैं तो गिरवी रखे हुए सोने के आभूषण की बिक्री की जाएगी और बकाया राशि और अन्य शुल्क ब्याज सहित वसूला जाएगा। किसी भी तरह की जानकारी व अन्य शर्तों और नियमों को जानने के लिए शाखा में संपर्क कर सकते हैं। शाखा कार्यालय की अन्य जानकारी के लिए www.janabank.com पर जाएं।

| क्रमांक सं. | ऋण खाता सं. | उधारकर्ता/सहउधारकर्ता का नाम | सोने के आभूषणों के कुल वजन |
|---|---|---|---|
| 1 | 32818740001066 | Meenakshi | 35.1 |
| 2 | 32818740000942 | Mukesh Kumar | 51.7 |
| 3 | 32818740001053 | Mukhi . | 14.8 |
| | जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, बिल्डिंग -9, हरगोविदं एन्कलेव नई दिल्ली- 110092, (लैंडमार्क- इंडियन ओवरसीज बैंक) | | |
| 4 | 32638730017526 | Yashoda Devi | 13.7 |
| 5 | 32638730017513 | Rekha Rani Gupta Raju Gupta | 108.1 |
| 6 | 32638740000420 | Jai Mala Devi | 12.91 |
| 7 | 32638740000506 | Poonam Devi | 17.15 |
| 8 | 32638730017539 | Yashoda Devi | 20.6 |
| 9 | 32638740000430 | Hema Tel Narayan | 21.85 |
| 10 | 32638740000370 | Shashi . | 28.51 |
| | जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, अपर ग्राऊंड फ्लोर बिल्डिंग नं. के-1, मॉडल टाउन, दिल्ली- 110009 | | |
| 11 | 30808730042351 | Nazma Islamuddin | 8.65 |
| 12 | 30808730044736 | Raj Kishor Singh | 7.9 |
| 13 | 30808730045229 | Narender Singh | 10.3 |
| 14 | 30808730044864 | Robin R | 6.1 |
| 15 | 30808730043262 | Rakesh | 12.2 |
| 16 | 30808730042272 | Sabana Farukh | 16.3 |
| | जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, फर्स्ट फ्लोर, संपत्ति नं. बी-109, ज्योति कॉलोनी, नियर दुर्गापुरी चौक, शाहदरा, दिल्ली-110032, भारत | | |
| 17 | 30908730016624 | Lokesh Bajaj | 14 |
| 18 | 30908730016420 | Deepak Kishore | 7.62 |
| | जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर, प्लॉट नं. 74, ब्लॉक नं. डी ( डी-74), मालवीय नगर, नई दिल्ली- 110017, भारत | | |
| 19 | 30218740001337 | Santosh Chander | 17.8 |
| 20 | 30218730016683 | Gopi Gopi | 7.48 |
| 21 | 30218740002123 | Jagjeet Kaur Uttam Singh | 32.75 |
| 22 | 30218740001617 | Parmiladevi Hare Ram | 9.21 |
| 23 | 30218740002340 | Rohit R | 31.75 |
| 24 | 30218730016644 | Hemlata Bamangot | 4.2 |
| 25 | 30218730017519 | Shima Devi | 7.09 |
| 26 | 30210670000011 | Seema Sharma | 175.4 |
| 27 | 30218730016479 | Jitender Dewal | 6.45 |
| 28 | 30218740002047 | Balwant Singh | 43.95 |
| 29 | 30218740001761 | Sania Zehra | 24.15 |
| 30 | 30218740001850 | Kiran Suresh Mehra | 52.1 |
| 31 | 30218740002202 | Manish Chand | 9.35 |
| 32 | 30210670000024 | Rishabh Kaushik | 181.3 |
| 33 | 30218740001952 | Arti . | 16.1 |
| 34 | 30218740002086 | Mohd Husain Mohd | 15.9 |
| 35 | 30218740002382 | Pinki Bhervi Nandhan | 29.31 |
| 36 | 30218740001706 | Krishna Giridhari Lal | 32.25 |
| | जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, #8, पश्चिम एन्कलेव रोहतक रोड़, पीड़ागढ़ी चौक, मारूति शो रूम के सामने पश्चिम विहार , नई दिल्ली- 110087 | | |

स्थानः दिल्ली
दिनांकः 14-02.2025

एसडी/-अधिकृत अधिकारी
जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड

## उत्तर रेलवे
### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी, जिसका विवरण सारणीबद्ध है–

| क्र. सं. | कैटगरी एवं विवरण | Area | ई–कैटलॉग | ई–नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | धुरी रेलवे स्टेशन पर पे एवं यूज शौचालय के संचालन एवं रख–रखाव का ठेका। | - | UMB-PnUToi02-25 | 18.02.2025 को 12:00 बजे |
| 2. | 2nd एंट्री, अम्बाला कैंट रेलवे स्टेशन पर संयुक्त पार्किंग हेतु ठेका। | 500 वर्ग मी. | UMBPARKING04-25 | 19.02.2025 को 12:00 बजे |
| 3. | शिमला रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1028 sq.ft. | UMB-Mix-04-2025 | 25.02.2025 को 15:00 बजे |
| 4. | बठिंडा स्टेशन के आउट ऑफ होम में होर्डिंग /यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 2528 sq. ft. | UMB-Mix-04-2025 | 25.02.2025 को 15:00 बजे |
| 5. | अंबाला शहर स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में होर्डिंग/यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1600 sq.ft. | UMB-Mix-04-2025 | 25.02.2025 को 15:00 बजे |
| 6. | सिरहिंद रेलवे स्टेशन पर पे एवं यूज शौचालय के संचालन एवं रख–रखाव का ठेका। | - | UMB-Mix-04-2025 | 25.02.2025 को 15:00 बजे |
| 7. | अम्बाला मंडल के कालका स्टेशन पर रेल कोच रेस्तरां की स्थापना और संचालन हेतु ठेका। | - | UMB-Mix-04-2025 | 25.02.2025 को 15:00 बजे |
| 8. | अंबाला कैंट व सहारनपुर स्टेशनों पर बीओसी की आपूर्ति, संचालन व रख–रखाव करते हुए, भुगतान राशि प्राप्त कर यात्रियों को गंतव्य तक पहुँचाना एवं उन्हीं बीओसी के ऊपर वाणिज्य विज्ञापन करने का ठेका। | - | UMB-Mix-04-2025 | 25.02.2025 को 15:00 बजे |
| 9. | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन (सर्कुलर एरिया) पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का संयुक्त ठेका। | 2384.74 वर्ग मी. | UMBPARKING05-25 | 25.02.2025 को 12:00 बजे |
| 10. | चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन 2nd एंट्री (पंचकुला साइड) पर **184 दिनों के लिए** प्राइवेट कार (7864 वर्ग मी), भाड़ा (Hired) वाहन (1666 वर्ग मी), तीन पहिया (786 वर्ग मी) और दो पहिया (1709 वर्ग मी) का ठेका। | 12,025 वर्ग मी. | UMBPARKING05-25 | 25.02.2025 को 12:00 बजे |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर जायें।
497/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## सार्वजनिक सूचना

**मैं जोकि रोहित पुत्र श्री सुभाष निवासी गांव लाठ तहसील गोहाना जिला सोनीपत का स्थाई निवासी हूं और अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरी दसवीं की मार्कसिट में मेरा आधार कार्ड नंबर 6338-9367-7996 लिखा हुआ है जोकि गलत है जबकि मेरा सही आधार कार्ड नंबर 6338-9367-7896है ।अब मैं अपनी दसवीं की मार्कसिट में अपना सही आधार कार्ड नंबर 6338-9367-7896 लिखवाना चाहता हूं।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# भाजपा दिल्ली में बना सकती है दो डिप्टी सीएम

## सरकार में दो उपमुख्यमंत्री बनाने के कदम से पार्टी को विभिन्न जातियों, समुदायों और क्षेत्रीय पृष्ठभूमि के विधायकों को समायोजित करने में मदद मिलेगी

**विचार**

**पार्टी दिल्ली सरकार के नए मंत्रिमंडल में दो उपमुख्यमंत्री बनाने के विकल्प पर भी विचार कर रही है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** चुनावी जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बनाने की कवायद में जुट गई है। भाजपा सूत्रों के माने तो जल्द ही भाजपा शीर्ष नेतृत्व इसके लिए ऑब्जर्वर भी नियुक्त करेगी। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, भाजपा सूत्रों ने बताया कि पार्टी दिल्ली सरकार के नए मंत्रिमंडल में दो उपमुख्यमंत्री बनाने के विकल्प पर भी विचार कर रही है। इससे सरकार में दो उपमुख्यमंत्री बनाने के कदम से पार्टी को विभिन्न जातियों, समुदायों और क्षेत्रीय पृष्ठभूमि के विधायकों को समायोजित करने में मदद मिलेगी। भाजपा ऐसा मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में कर चुकी है। भाजपा शीर्ष नेतृत्व की माने तो ना सिर्फ मुख्यमंत्री बल्कि पूरे मंत्रिमंडल का खाका तैयार करने का निर्देश दिया गया है। इसमें मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्री के साथ ही विधानसभा अध्यक्ष के नाम पर भी चर्चा करना है। इसमें सोशल इंजीनियरिंग का फॉर्मूला लागू किया जाएगा। मंत्रिमंडल का गठन करने में सभी वर्ग को साधा जाएगा। इतना ही नहीं मंत्रिमंडल में महिलाओं को भी तरजीह दी जाएगी।
ताकि विपक्ष किसी तरह का सवाल नहीं उठा सके।

## राजधानी में आयुष्मान भारत योजना लागू की जाए: विजेंद्र गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनावों में प्रचंड बहुमत हासिल कर चुकी भाजपा अभी तक अपनी सरकार बनाने पर फैसला नहीं ले सकी है। दिल्ली का मुख्यमंत्री कौन होगा, इस पर भी अब तक स्थिति साफ नहीं हो सकी है।
लेकिन दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों को अपनी कार्य योजना के साथ तैयार रहने के लिए कह दिया गया है। सरकार बनते ही तीव्र गति से दिल्ली का विकास किए जाने की योजना बनाई जा रही है।
लेकिन सरकार बनने के पहले ही दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे विजेंद्र गुप्ता ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखकर दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू करने की मांग कर दी है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल ने राजनीतिक कारणों से दिल्ली में इस योजना को लागू नहीं होने दिया, जिसके कारण दिल्ली के करोड़ों लोग इस योजना का लाभ नहीं उठा पाए। लेकिन अब जबकि आम आदमी पार्टी दिल्ली की सत्ता से हट चुकी है, उन्होंने कहा है कि अब दिल्ली में तुरंत प्रभाव से आयुष्मान योजना को लागू कर देना चाहिए।
आयुष्मान योजना को 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया था। इस मिशन के अंतर्गत केंद्र सरकार ने दिल्ली को 2406 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया था। 1139 अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, 11 जिला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाएं और 9 क्रिटिकल केयर ब्लॉक स्थापित किए जाने थे

## अमानतुल्ला खान की गिरफ्तारी पर 24 फरवरी तक लगी रोक



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने जामिया नगर में पुलिस टीम पर हमले** का कथित तौर पर नेतृत्व करने के मामले में दर्ज नयी एफआईआर के मामले में आम आदमी पार्टी के ओखला से विधायक अमानतुल्ला खान को राहत दी है। स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने अमानतुल्लाह खान की गिरफ्तारी पर 24 फरवरी तक की रोक लगा दी है। अमानतुल्लाह खान ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। दिल्ली पुलिस ने जामिया नगर में पुलिस टीम पर हमले का नेतृत्व करने के मामले में 11 फरवरी को अमानतुल्लाह खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक अमानतुल्लाह खान पर हत्या के प्रयास के मामले में भगोड़े शाबाज खान को पुलिस हिरासत से भागने में मदद करने का आरोप है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक क्राइम ब्रांच की टीम ने शाबाज खान को गिरफ्तार करने की कोशिश की थी, लेकिन अमानतुल्लाह खान के समर्थक पुलिस टीम के साथ कथित तौर पर भिड़ गए।

## 'केजरीवाल जी रात को मेरे सपने में आए...' कहने वाले आप पार्षद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में नगर निगम की बैठक में आज यानी बृहस्पतिवार को बजट पेश किया गया। इस बैठक के दौरान एक दिलचस्प वाकया देखने को मिला। दरअसल, आम आदमी पार्टी के पार्षद रामचंद्र अपने साथियों के साथ बैठने के बजाय भाजपा पार्षदों के साथ बैठ गए।

**रामचंद्र ने ज्वाइन कर ली थी बीजेपी**
वहीं, यह देखकर आम आदमी पार्टी के पार्षद भी हैरान रह गए। कुछ समय पहले रामचंद्र ने आप को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन कर ली थी, लेकिन तीन दिन बाद ही उन्होंने बीजेपी छोड़कर आप का दामन थाम लिया था।

## आप सरकार के जाते ही दिल्ली में बिजली के लंबे कट शुरू: आतिशी




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) की नेता और दिल्ली की कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी ने गुरुवार को कहा कि पिछले तीन दिन से दिल्ली के कई इलाकों में बिजली के लंबे-लंबे कट लग रहे हैं। दिल्ली के लोग बिजली गुल होने की शिकायतें लगातार कर रहे हैं। दिल्ली में आआपा की सरकार जाते ही बिजली के लंबे-लंबे कट शुरू हो गए। लोग बिजली कट से परेशान होकर इन्वर्टर खरीद रहे हैं। आआपा नेता आतिशी यहां गुरुवार को संवाददाताओं से बात कर रही थीं। आतिशी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सरकार चलानी नहीं आती है। दिल्ली में वर्ष 1993 से 1998 तक भाजपा सरकार के समय बिजली व्यवस्था खराब थी। आज बीस राज्यों में भाजपा की सरकार है और वहां बिजली व्यवस्था की हालत खराब है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में भी उत्तर प्रदेश की तरह बिजली कट शुरू हो गए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के कई इलाकों से बिजली कट के फोन उनके पास आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि कल रात मयूर विहार फेस-3 में बिजली कट को लेकर कई लोगों के फोन आज सुबह उनके पास आए हैं। एक व्यक्ति ने बताया कि उनकी बेटी की बोर्ड की परीक्षा है। बच्ची की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसलिए वह इन्वर्टर खरीदकर आ रहे हैं। इस तरह बिजली कट से परेशान होकर संगम विहार, विकासपुरी और उत्तमनगर के भी लोग इन्वर्टर खरीद रहे हैं।

## बाल विवाह मुक्त भारत बनाने में नागरिक सहयोग करें

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं व विवाह संपन्न करने वाले पुरोहितों से बाल विवाह के खात्मे के लिए सरकार के प्रयासों में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सबके मिले-जुले प्रयासों से अतीत में भारत ने सती प्रथा जैसी कई कुप्रथाओं का सफलतापूर्वक उन्मूलन किया है। ऐसे में कोई कारण नहीं कि हम बाल विवाह की बुराई को देश से खत्म नहीं कर पाएं। केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार ने बुधवार को आकांक्षी जिला एवं प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) की बाल अधिकार कार्यकर्ताओं की चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित किया। एवीए बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है। वीरेंद्र कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में सरकार बाल विवाह मुक्त भारत के सपने को पूरा करने और बच्चों के चौतरफा कल्याण और सशक्तीकरण के लिए काम कर रही है। जेआरसी के सहयोगी एवीए ने हाल ही में देश के 12 राज्यों के 73 आकांक्षी जिलों के 104 प्रखंडों के 15,000 गांवों में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा व सशक्तीकरण और इन गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए नीति आयोग से हाथ मिलाया है।



**आह्वान**

**अतीत में भारत ने सती प्रथा जैसी कई कुप्रथाओं का सफलतापूर्वक उन्मूलन किया**

## अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान बढ़ा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राजधानी में अधिकतम तापमान के साथ न्यूनतम तापमान में वृद्धि हो रही है। सूरज के तेवर दिन-प्रतिदिन कड़े होते जा रहे हैं। ऐसे में लोग ठीकठाक गर्मी का अहसास कर रहे हैं। आलम यह है कि दिन में गर्मी से लोगों के पसीने छूट रहे हैं। अधिकतम तापमान सामान्य से 3.1 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 26.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कुछ इलाकों में तापमान 27 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पीतमपुरा में सबसे अधिक तापमान रहा। यहां अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, रिज में 27, आया नगर में 26.8, लोधी रोड में 26.2 व पालम में अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री रिकॉर्ड किया। सुबह के समय अच्छी ठंड है। दिन में गर्मी चुब रही है, जबकि शाम को हल्की ठंड का अहसास हो रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक अधिकतम तापमान के साथ न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि होनी शुरू हो गई है। न्यूनतम तापमान सामान्य 1.4 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 11.6 डिग्री दर्ज किया गया। लोधी रोड में न्यूनतम तापमान अन्य केंद्र के मुताबिक सबसे कम दर्ज किया गया। यहां न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, पालम में 12, रिज और आया नगर में 12.2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

**गर्मी की तपिश**

**ऐसे में लोग ठीकठाक गर्मी का अहसास कर रहे हैं। आलम यह है कि दिन में गर्मी से लोगों के पसीने छूट रहे**

**आज भी होगा गर्मी का अहसास**
मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि सुबह में हल्का कोहरा छाए रहने का अनुमान है। मुख्यतः आसमान साफ रहेगा। दिन में कभी-कभी तेज हवाएं (20-30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति) चलने की संभावना है।

## खींचतान के कारण सीएम की नियुक्ति में हो रही देरी: आप




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा के भीतर चल रही आंतरिक खींचतान के कारण दिल्ली के लिए मुख्यमंत्री की नियुक्ति में देरी हो रही है और राष्ट्रीय राजधानी का शासन प्रभावित हो रहा है। आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि यह अफसोसजनक है कि जनता द्वारा खारिज किए जाने के बावजूद आप नेता अब भी गलत बयानबाजी कर रहे हैं। आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने आरोप लगाया कि भाजपा की निष्क्रियता के कारण शहर के कई हिस्सों में लंबी बिजली कटौती हो रही है। चुनाव नतीजे घोषित हुए कई दिन हो गए हैं, फिर भी भाजपा मुख्यमंत्री पर फैसला नहीं कर पाई है। इस बीच दिल्ली के निवासी लंबे समय से बिजली कटौती से पीड़ित हैं। भाजपा की अंदरूनी लड़ाई का खामियाजा दिल्ली की जनता क्यों भुगते? बिजली कटौती के दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रवक्ता कपूर ने कहा चुनाव में समाज के सभी वर्गों द्वारा खारिज किए जाने के बाद यह उम्मीद थी कि आप नेता झूठ और धोखे की अपनी राजनीति छोड़ देंगे। हालांकि, सिर्फ चार दिन बाद खबरों में बने रहने की बेताब कोशिश में आप नेता प्रियंका कक्कड़ ने बिजली आपूर्ति के संबंध में आधारहीन और मनगढ़ंत बयान देना शुरू कर दिया है।

**साधा निशाना**

**जनता द्वारा खारिज किए जाने के बावजूद आप नेता अब भी गलत बयानबाजी कर रहे हैं: बीजेपी**

आप ने आरोप लगाया कि भाजपा के भीतर गुटबाजी के कारण अगले मुख्यमंत्री पर आम सहमति नहीं बन पा रही है। प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा, "उनके (भाजपा) नेता छोटे-छोटे समूहों में मिल रहे हैं और यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि नेतृत्व कौन करेगा। वे आपस में लड़ने में व्यस्त हैं, लेकिन दिल्ली के लोगों को परेशानी नहीं उठानी चाहिए।"

## प्रेमी के लिए मरवा डाला पति

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पश्चिम जिला पुलिस ने निहाल विहार में प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने वाली आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। महिला की पहचान रेखा के रूप में हुई है। वह जमानत पर जेल से बाहर निकलने के बाद वजीराबाद में छिपकर रह रही थी। अदालत ने महिला आरोपी को 2023 में भगोड़ा करार दिया था। जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि जिले की वाहन चोरी निरोधक शाखा को रविवार को सूचना मिली कि महिला वजीराबाद इलाके में रह रही है। पुलिस की टीम ने एक मकान पर दबिश देकर रेखा को गिरफ्तार कर लिया।

## दलाई लामा और संबित पात्रा को जेड श्रेणी की सुरक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुरक्षा खतरों के मद्देनजर तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा और भाजपा के मणिपुर प्रभारी सांसद संबित पात्रा को जेड श्रेणी का सशस्त्र सुरक्षा कवर प्रदान किया है।
आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी सुरक्षा शाखा को दलाई लामा की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने का निर्देश दिया है। सूत्रों ने बताया कि दलाई लामा को देश के सभी हिस्सों में सीआरपीएफ कमांडो के जेड श्रेणी के सुरक्षा कवर द्वारा सुरक्षित रखा जाएगा। दलाई लामा को अभी तक हिमाचल प्रदेश पुलिस का एक छोटा सुरक्षा कवर प्राप्त था। ऐसे में वह जब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली अथवा किसी अन्य स्थान पर जाते थे तो स्थानीय पुलिस उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करती थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की समीक्षा के बाद सरकार ने अब उन्हें एक समान सुरक्षा कवर प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि दलाई लामा की सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ के करीब 30 कमांडो की टीम शिफ्ट में काम करेगी। सूत्रों ने बताया कि इसी तरह गृह मंत्रालय ने मणिपुर में भाजपा नेता संबित पात्रा को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है।

## दिल्ली में मौत बनकर दौड़ी डीटीसी बस

### अनियंत्रित होकर गाड़ी डिवाइडर पर चढ़ी, फिर खंभे से टकराई, तीन लोग घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंद्रपुरी के टोडापुर इलाके में दिल्ली परिवहन निगम की एक बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई और एक साइन बोर्ड वाले खंभे से टकराकर रुक गई। हादसे में बस में सवार एक यात्री, बस चालक और कंडक्टर घायल हो गए। जबकि कुछ यात्रियों को मामूली चोटें लगीं। घायलों को पास के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुरूआती पूछताछ के दौरान चालक ने ब्रेक फेल होने को हादसे का कारण बताया है। पुलिस बस की तकनीकी जांच कर मामले की छानबीन कर रही है। घायल यात्री की पहचान खान मार्केट निवासी हरीश (50) के रूप में हुई है। पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि एक डीटीसी बस के टोडापुर के पास दुर्घटना होने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही इंद्रपुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने देखा कि बस रूट संख्या 725 की बस डिवाइडर पर चढ़ी हुई है और बस का अगला हिस्सा एक साइन बोर्ड के खंभे से टकराया हुआ था। घटना में बस चालक, कंडक्टर और एक यात्री को चोट लगी थी। पुलिस ने तीनों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। खंभे से टकराने से बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस में सवार यात्री अपनी सीट से नीचे गिर गए। हरीश कंडक्टर के पास बैठे हुए थे। टक्कर लगते ही वह सामने की रेलिंग से टकरा गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जांच में पता चला कि रुट संख्या 725 पर चल रही यह बस शंकर रोड से इंद्रपुरी की ओर जा रही थी।



## दिल्ली नगर निगम का बजट 2025 विकास और कल्याण पर केंद्रित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली**: एमसीडी ने गुरुवार को अपना बजट पेश किया। निगम आयुक्त अश्विनी कुमार ने बजट पढ़ा। उन्होंने कहा कि पिछली साल की तुलना में अधिक संपत्ति कर वसूल किया है। निगम कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। रिटायर कर्मियों को पेंशन पूरी तरह से ऑनलाइन दिए जाएंगे। कर्मियों को 450 करोड़ रुपये सातवें वेतन आयोग के बकाये का भुगतान किया है। वित्तीय वर्ष 2024-2025 में 350 करोड़ रुपये की राजस्व आय के सापेक्ष 31 जनवरी, 2025 तक लगभग 288.37 करोड, रुपये का राजस्व अर्जित किया जा चुका है।

**लाभकारी परियोजना**
- वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए लाभकारी परियोजना विभाग को 300 करोड़ रुपये का लक्ष्य प्रस्तावित है।पार्किंग को डिजिटल करने की दिशा में 55 पार्किंग स्थलों में फास्टैग पार्किंग की सुविधा से लैस किया गया है।
- दिल्ली नगर निगम ने अपनी सम्पत्ति पर मोबाईल टॉवर लगाने की पॉलिसी को लागू किया है जिसके तहत अब तक निगम ने 255 मोबाईल टॉवर लगाने की अनुमति दी है।
- 28 जनवरी, 2025 तक पार्किंग से 145.35 करोड़, वन-टाइम पार्किंग चार्ज से 33.88 करोड़ मोबाईल टावर से 16.14 करोड़, ई-बाईक ई-साईकिल से 62 लाख, ई-चार्जिंग स्टेशन से 49 लाख तथा अमूल मिल्क बूथ से 2.34 करोड़ रुपये प्राप्त कर लिए हैं।

**भूमि संपदा विभाग**
- वर्ष 2024-25 में जनवरी, 2025 तक कुल 38.60 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया गया है।
- निगम द्वारा लाइसेंस की दुकानों के लिए मासिक लाइसेंस शुल्क भुगतान के लिए ऑनलाइन पोर्टल प्रारंभ किया है।



**फैक्ट्री लाइसेंसिंग विभाग**
- 31 जनवरी, 2025 तक कुल 6952 लाइसेंस दिये गये जिसकी एवज में 14.53 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

**केंद्रीय लाइसेंसिंग एवं प्रवर्तन कक्ष**
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनवरी 2025 तक दुकानों और गोदामों को कुल 32418 सामान्य व्यापार/भंडारण लाइसेंस प्रदान किये गये जिससे 31 जनवरी 2025 तक 84.16 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया है।
- दिल्ली नगर निगम पी.एम. स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी वालों को बैंक से सस्ती दरों पर कर्ज लेने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। 10 फरवरी 2025 तक 2,34,308 रेहड़ी पटरी वालों को ऋण का लाभ मिल चुका है।

**जनस्वास्थ्य विभाग**
- वर्ष 2024-25 में 31 जनवरी, 2025 तक दिल्ली नगर निगम से हैजे के 1977 मामले रिपोर्ट किये गये।
- हस्तसाल श्मशान घाट में, सी.एन.जी. शवदाह गृह का कार्य पूर्ण हो गया है एवं पी.के. रोड, मंगोलपुरी में सी.एन.जी. शवदाह गृह का निर्माण किया जा रहा है।
- श्मशान घाटों को कम्प्युटराइज्ड किया गया है एवं इन्हें जन्म-मृत्यु कार्यालय से जोड़ा जा रहा है।
- सी.एस.आर. के तहत दो बिजली से चलन वाले शवदाह गृह बनाए जायेंगे।
- वर्ष 2024-25 में 31 जनवरी, 2025 तक दिल्ली नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में 3,15,461 जन्म और 1,18,183 मृत्यु के आवेदन पंजीकृत किये गए हैं।

**अस्पताल प्रशासन**
- वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से दिसंबर माह तक दिल्ली नगर निगम के विभिन्न अस्पतालों में 58 लाख 42 हजार से अधिक मरीज ओ.पी.डी में इलाज कराने के लिए पहुंचे।
- संघ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 180 नए चिकित्सा अधिकारियों की दिल्ली नगर निगम में भर्ती की गई है।

**पशु चिकित्सा विभाग**
- अप्रैल, 2024 से दिसम्बर, 2024 तक कुल 97,994 आवारा कुत्तों का एनिमल बर्थ कंट्रोल एवं रेबीजरोधी टीकाकरण किया गया है।
- अप्रैल, 2024 से दिसंबर, 2024 तक लगभग 13.45 करोड रुपये का राजस्व प्राप्त किया गया है जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 2.24 करोड रुपये अधिक है।
- 111 अवैध डेरियों को हटा दिया गया है तथा 745 अवैध डेरी मालिकों के चालान किये गए हैं।

**समुदाय विभाग**

**राजस्व**

**31 जनवरी, 2025 तक लगभग 288.37 करोड, रुपये का राजस्व अर्जित किया जा चुका है**

- अक्टूबर, 2024 में एकीकृत पेंशन मॉड्यूल आरंभ किया गया। जिसके माध्यम से 469 पेंशन मामलों को प्रोसेस किया गया।
- रेटिंग एजेंसी से दिल्ली नगर निगम की इइइ(-) क्रेडिट रेटिंग प्राप्त की।
- कर्मचारियों एवं पेंशन भोगियों के सातवें वेतन आयोग की 450 करोड़ रुपये की बकाया राशि का भुगतान कर दिया गया है।

**अभियंत्रिकी विभाग**
- सुल्तानपुरी रेलवे क्रॉसिंग का कार्य 64.38 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है।
- किशनगंज आर. यूबी. का विस्तार का कार्य 48.77 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है।
- कड़कड़डूमा में लगभग 116 करोड़ रुपये की लागत से भवन निर्माण का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है।
- लाजपत नगर कॉलोनी अस्पताल के निर्माण का कार्य पूरा कर लिया गया है।
- डी.वी.डी.बी. के तहत 7.76 करोड़ रुपये की 8 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिन्हें इस वित्तीय वर्ष में पूर्ण कर लिया जाएगा।
- नजफगढ़ के रावता और दारौला गांव को मॉडल विलेज घोषित किया गया है, इनके विकास के लिए 37 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है।
- डी.वी.डी.पी परियोजना के तहत 70 करोड रुपये की लागत से 34 कार्य प्रगति पर है।
- दिल्ली ग्रामोदय अभियान के तहत डी.डी.ए. से दिल्ली नगर निगम को 474 कायर्यों की स्वीकृति मिली है जिन पर लगभग 522 करोड़ रुपये की लागत आएगी। 74 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं तथा 208 कार्य प्रगति पर है।
- कूड़े के निष्पादन हेतु 36 स्थानों को एफ.सी.टी.एस. निर्माण के लिए चिह्नित किया गया है। 10 स्थानों पर निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- बरसाती जल के निकास के लिए तैमूर नगर नाले के सुदृढ़ीकरण कार्य 3.38 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। महरौली बदरपुर रोड के आउटफॉल ड्रेन का निर्माण का कार्य 11.90 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।
- दिल्ली नगर निगम ने सौर ऊर्जा के तहत अभी तक 573 निगम भवनों पर 13.25 मेगावाट क्षमता के रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किये हैं।
- अभी तक डार्क स्पॉटस पर 23,341 नयी एल.ई.डी. लाइट्स लगाई जा चुकी हैं।
- पब्लिक प्राइवेट पार्टनर्शिप (पी.पी.पी.) के अंतर्गत नंगली सकरावती एवं गोयला डेयरी में 200 टी.पी.डी. के प्लांट लगाये जा रहे हैं जिनकी अनुमानित राशि 25 करोड रुपये प्रति प्लांट है।
- हौज खास प्लॉट में 136 तथा सेन्ट्रल मार्किट लाजपत नगर में 246 कार क्षमता की स्वचालित पार्किंग का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है।

अधचिनी गांव में 56 कारों, अमर कॉलोनी लाजपत नगर में 81, निजामुद्दीन बस्ती के निकट 86, गांधी मैदान चांदनी चौक 2,338, कुतुब रोड़ में 174 तथा निगम बोध घाट में 96 कारों की पार्किंग को जनता को समर्पित कर दिया गया है।

# राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने चुनाव पर्यवेक्षकों की ली बैठक

## निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए सभी पर्यवेक्षक चुनावी प्रक्रिया की निरंतर करते रहे मॉनिटरिंग

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय चुनावों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न करवाने के लिए सभी पर्यवेक्षक चुनावी प्रक्रिया की निरंतर मॉनिटरिंग करते रहे। आदर्श आचार संहिता की शत प्रतिशत पालना करवाना सुनिश्चित की जाए। हरियाणा राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह वीरवार को पंचकूला के निर्वाचन सदन में सामान्य तथा पुलिस पर्यवेक्षकों की मीटिंग लेने के दौरान बोल रहे थे। राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने कहा कि नगर निकाय चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए सभी पर्यवेक्षक जिला



उपायुक्त व पुलिस अधिकारियों के साथ तालमेल रखेंगे। उन्होंने कहा कि सभी पर्यवेक्षक अधिक से अधिक मतदान केन्द्रों, विशेषकर संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का दौरा करें। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों, उनके प्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए नकदी या शराब, कपड़े या किसी अन्य सामग्री के वितरण के बारे में कड़ी निगरानी बनाए रखें। चुनाव पूरा होने तक राज्य चुनाव आयोग को प्रतिदिन जब्त की कार्रवाई की जानकारी दी जाए। राज्य चुनाव

**संवेदनशील**

**▶▶ अधिक मतदान केन्द्रों, विशेषकर संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का दौरा करें।**

आयुक्त धनपत सिंह ने कहा कि असामाजिक तत्वों, हिस्ट्रीशीटरों, भगोड़े, घोषित अपराधियों, पैरोल/फरलो पर आए लोगों, पूर्व दोषियों आदि की आवाजाही पर विशेष निगरानी रखे। साथ ही कानून एवं व्यवस्था से संबंधित सभी शिकायतों पर जिला प्रशासन द्वारा तुरंत प्रभावी कार्रवाई करवाना सुनिष्चित करें। राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने कहा कि आब्जर्वर्स चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और जनता से मिलने का समय तय करें और उनकी शिकायतें, समस्याएं और सुझाव सुनते हुए उन्हें सम्बन्धित उपायुक्त, पुलिस आयुक्त, पुलिस अधीक्षक और रिटर्निंग अधिकारी को अमल में लाने के लिए कहें। राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान 17 फरवरी को 3 बजे के बाद कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं होगा। इस पर विशेष निगरानी रखें। 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच के दौरान तथा 19 फरवरी को चुनाव चिन्ह के आबंटन के मौके पर पर्यवेक्षक मौके पर उपस्थित रहें।

ॐ

# नगाड़ों की थाप पर जमकर झूम रहे देशी-विदेशी पर्यटक

**मेले की धूम**

**▶▶ 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में बंचारी की नगाड़ा पार्टी बिखेर रही हरियाणवी संस्कृति के रंग**




**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** 38वें सूरजकुंड में चल रहे अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में हरियाणा के पलवल जिले के बंचारी गांव से आई बदन सिंह नगाड़ा पार्टी पर्यटकों का खूब मनोरंजन कर रही है। नगाड़ों की थाप पर देशी विदेशी पर्यटक झूमते नजर आ रहे हैं। यह पार्टी हर आगंतुक के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। लोक कलाकारों का यह दल न केवल अपनी कला से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है बल्कि हरियाणवी संस्कृति और परंपराओं को भी सजीव कर रहा है। ये कलाकार जब पारंपरिक हरियाणवी वेशभूषा में रंगमंच पर उतरते हैं, तो पूरे माहौल में हरियाणवी संस्कृति की महक घुल रही है। जैसे ही नगाड़ों की थाप तेज होती है और कलाकारों ने पारंपरिक हरियाणवी नृत्य शुरू करते हैं वैसे ही दर्शकों में भी ऊर्जा का संचार होने लगता है और स्वयं को दर्शक झूमने पर मजबूर हो रहे हैं। लोक कलाकारों के साथ नृत्य करने लग रहे हैं। गांव बंचारी के बदन सिंह कहते हैं कला और संस्कृति को जीवित रखने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार कलाकारों को पूरा मान-सम्मान दे रही है। हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा निरन्तर मेले का अवलोकन कर रहे हैं। नगाड़ा पार्टी पिछले कई वर्षों से लोक संगीत और नृत्य के क्षेत्र में सक्रिय है। इस दल के प्रमुख, बदन सिंह, बचपन से ही लोक संगीत में रुचि रखते थे और अपने पूर्वजों से नगाड़ा बजाने की कला सीखी। उन्होंने न केवल इसे जीवित रखा, बल्कि नई पीढ़ी को भी इससे जोडने का कार्य किया।

# अब कोल्ड स्टोरेज की क्षमता के आधार पर लगेगा एकमुश्त शुल्क



**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में संचालित कोल्ड स्टोरेजों की क्षमता के आधार पर एकमुश्त शुल्क की दरों में संशोधन करने का निर्णय लिया है। अब 2000 मीट्रिक टन तक या इससे कम क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेजों पर 35 हजार रुपये प्रति कोल्ड स्टोरेज की दर से एकमुश्त शुल्क निर्धारित किया जाएगा। इसी प्रकार, 2001-5000 मीट्रिक टन क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेजों पर 55 हजार रुपये प्रति कोल्ड स्टोरेज तथा 5001 मीट्रिक टन या इससे अधिक क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेजों पर 70 हजार रुपये प्रति कोल्ड की दर से एकमुश्त शुल्क निर्धारित किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस संबंध में आज स्वीकृति प्रदान की है। सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की मौजूदा अधिसूचना के अनुसार प्रदेश में कोल्ड स्टोरेजों पर 70 हजार

**एकमुश्त**

**▶▶ 2000 मीट्रिक टन तक या इससे कम क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेजों पर 35 हजार रुपये प्रति कोल्ड स्टोरेज की दर से लगेगा**

रुपये प्रति कोल्ड स्टोरेज की दर से एकमुश्त शुल्क का भुगतान करना पड़ता है। गत दिनों, कोल्ड स्टोरेज संचालकों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर छोटे कोल्ड स्टोरेज संचालकों को राहत देने का अनुरोध किया था और एकमुश्त शुल्क का निर्धारण कोल्ड स्टोरेज की क्षमता के आधार पर करने की मांग की थी। संचालकों के अनुरोध को मानते हुए सरकार ने कोल्ड स्टोरेज की क्षमता के आधार पर एकमुश्त शुल्क के निर्धारण करने का निर्णय लिया है। वर्तमान में राज्य में 222 कोल्ड स्टोरेज संचालित हैं।

# राष्ट्रीय खेलों में जिम्नास्टिक्स के खिलाड़ियों ने जीते 7 पदक

**धाक जमाई**

**▶▶ हरियाणा की बेहतरीन खेल नीति का खिलाड़ियों को मिल रहा है खूब लाभ, खिलाड़ी जीत रहे हैं पदक**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** उत्तराखंड के देहरादून में में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने जिम्नास्टिक्स प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए 7 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया, इनमें 2 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल हैं। हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने विजेता खिलाड़ियों को



सम्मानित किया और कहा कि हरियाणा की बेहतरीन खेल नीति का खिलाड़ियों को खूब लाभ मिल रहा है। हमारे खिलाड़ी ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप, एशियन, कामनवेल्थ व राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतकर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे थे। हरियाणा खेलों का हम बन चुका है। हरियाणा की खेल नीति का देश का दूसरे प्रदेश भी अनुशरण कर रहे हैं और खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा के जिम्नास्टों के उम्दा प्रदर्शन की खेल मंत्री ने सराहना की और कहा कि यह उपलब्धि न केवल खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि राज्य सरकार द्वारा खेलों को दिए जा रहे प्रोत्साहन का भी प्रमाण है। खेल मंत्री ने कहा कि हमारे जिम्नास्ट्स इसी तरह से प्रदेश का मान बढ़ाते रहे और हरियाणा सरकार उनके लिए सर्वोत्तम सुविधाएं और प्रशिक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे भविष्य में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का गौरव बढ़ाते रहें। हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में खेलों को प्रोत्साहित करने और खिलाड़ियों को हरसंभव सहायता देने के लिए लगातार प्रयासरत है, ताकि हरियाणा देश के खेल मानचित्र पर अपनी अग्रणी भूमिका

# इस साल में पहली बार बहादुरगढ़ ग्रीन जोन में

**टीम एक्शन इंडिया**

**झज्जर। तेज हवा ने** जहां ठंडक बढ़ा दी है। वहीं प्रदूषण को भी पूरी तरह लुढ़का दिया है। गुरुवार को बहादुरगढ़ क्षेत्र ग्रीन जोन में पहुंच गया। ऐसा वर्ष 2025 में पहली बार हुआ है। अब तक लोग येलो, ऑरेंज और रेड जोन में सांस ले रहे थे। अब उन्हें काफी राहत मिली। बहादुरगढ़ वासी अब साफ हवा में सांस ले रहे हैं। गुरुवार को आसमान पूरी तरह नीला दिखाई दिया। हवा की गति 12 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रही। एक्यूआई सुबह के समय जहां 92 पर दर्ज किया गया। वहीं दिनभर हवा तेज चलने के बाद शाम 4 बजकर 5 मिनट पर एक्यूआई महज 88 रह गया। मौसम विभाग के अधिकारियों की मानें तो प्रदूषण का स्तर अगले दो-तीन तक ऐसा ही बना रहेगा। वहीं हवा चलने के कारण ठंडक भी बरकरार रहेगी। कई दिनों से तापमान 26 और 27 डिग्री पर चल रहा था। तेज ठंडी हवा चलने के बाद इसमें एक से दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 25 और न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि 16 फरवरी को तापमान 30 डिग्री के स्तर को छू सकता है।

# विधानसभा के सदस्यों के लिए आज से शुरू होगा दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण के अथक प्रयास से हरियाणा विधानसभा द्वारा विधानसभा के सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम की आज (14 फरवरी, 2025) से शुरूआत होगी। कार्यक्रम का उद्घान लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा किया जाएगा। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश 15 फरवरी, 2025 को इस कार्यक्रम का समापन करेंगे। लोकसभा के संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) के सहयोग से हरियाणा विधानसभा द्वारा 14 और 15 फरवरी, 2025 को आयोजित इस दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम में हरियाणा के सभी कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री व सांसद भी उपस्थित रहेंगे। इनके अलावा, कई अन्य गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामले तथा विद्युत मंत्री मनोहर लाल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष सरदार कुलतार सिंह संधवां, हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना, हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया तथा गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष शंकरभाई चौधरी विशेष रूप से शिरकत करेंगे।

सभा सदस्य व प्राक्कलन समिति के सभापति डॉ. संजय जायसवाल, लोक सभा के पूर्व सदस्य डॉ. सत्यपाल सिंह, लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह, तथा प्रदीप कुमार दुबे, प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश विधान सभा भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# सीएम फ्लाइंग ने रतिया पालिका में मारा छापा, सात कर्मचारी मिले गैरहाजिर

**निरीक्षण**

**▶▶ औचक निरिक्षण किया और उसकी रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों के पास भेज दी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद। जिले के शहर** रतिया में लोगों द्वारा नगर पालिका के डोर टू डोर ठेकेदार के विरूद्ध शिकायतें सोशल मीडिया पर डालने के बाद गुरुवार को सीएम फ्लाइंग के अधिकारियों ने रतिया नगरपालिका कार्यालय में छापा मारा। सीएम फ्लाइंग की टीम ने ठेकेदार की कार्य प्रणाली का औचक निरिक्षण किया और उसकी रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों के पास भेज दी। इस निरीक्षण के दौरान जहां सीएम फ्लाइंग अधिकारियों ने नगर पालिका कार्यालय में पहुंचकर डोर टू डोर ठेकेदार का रिकॉर्ड जब्त किया वहीं कर्मचारियों की हाजिरी भी चेक की जिसमें ठेकेदार के सात कर्मचारी गैर हाजिर पाए गए और उसकी रिपोर्ट बनाकर कार्यालय में भेज दी गई। मिली जानकारी के अनुसार पिछले कई महीनों से नगर पालिका के डोर टू डोर ठेकेदार द्वारा शहर से कचरा उठाने में लापरवाही बरती जाने पर शहर वासियों में ठेकेदार के प्रति भारी रोष पाया जा रहा था। इसको लेकर शहर वासियों द्वारा रोजाना कचरे की फोटो सोशल मीडिया पर डाली जा रही थी। इसको लेकर शहर वासियों ने नगर पालिका अधिकारियों पर कड़े आरोप भी लगाए थे और ठेकेदार की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाने की मांग की थी। शहर वासियों के अलावा पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनदीप सिंह ने भी डोर टू डोर ठेकेदार की कार्यप्रणाली को लेकर धरना लगाने की चेतावनी दी थी। बताया गया है कि सोशल मीडिया पर वायरल फोटो के बाद आज सीएम फ्लाइंग के जांच अधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम नगर का पालिका कार्यालय में डोर टू डोर ठेकेदार के कार्यों की जांच करने के लिए पहुंचे। इस दौरान टीम ने सर्वप्रथम नगर पालिका कार्यालय से ठेकेदार के टेंडर को लेकर रिकॉर्ड तलब किया। रिकॉर्ड मिलने के बाद फ्लाइंग के अधिकारी कर्मचारियों की हाजिरी व गाडि?ों की संख्या चेक करने के लिए पहुंचे। कर्मचारियों की जांच की गई तो सात कर्मचारी गैर हाजिर पाए गए। बाद में सीएम फ्लाइंग के अधिकारियों ने धर्म कांटे पर पहुंचकर पिछले दो दिन का रिकॉर्ड भी अपने कब्जे में लिया और कुछ डंपिंग सेंटरों की भी जांच की। इस बारे में जब सीएम फ्लाइंग के अधिकारी राजेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया की डोर टू डोर ठेकेदार के कार्य का रूटीन निरीक्षण किया गया था। इस निरीक्षण के दौरान सात कर्मचारी गैर हाजिर पाए गए हैं जबकि टेंडर का रिकॉर्ड कब्जे में लेकर पूरे मामले की गहराई से जांच की जाएगी।

# अवैध खनन में संलिप्त 324 वाहनों को किया जब्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा का खान एवं भूविज्ञान विभाग अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए सख्त कदम उठा रहा है। राज्य में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से विभाग ने कई सख्त उपाय लागू किए हैं। प्रशासन ने खनन स्थलों पर नियमित निरीक्षण और निगरानी बढ़ा दी है। ड्रोन और अन्य आधुनिक तकनीकों का भी उपयोग किया जा रहा है ताकि अवैध गतिविधियों का पता लगाया जा सके। अवैध खनन में शामिल वाहनों को भी जब्त किया जा रहा है। इसके अलावा, अवैध खननकारियों के खिलाफ ना केवल एफआईआर दर्ज



की जा रही है बल्कि उनसे जुमार्ना भी वसूल किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा लगातार की जा रही निगरानी और ठोस कार्रवाई के चलते राज्य में अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा रहा है। जनवरी माह से लेकर अब तक जिला स्तर पर अधिकारियों ने विशेष जांच अभियान चलाया, जिसके तहत 3,950 स्थानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अवैध खनन में संलिप्त 324 वाहनों को जब्त किया गया, जिससे करीब 1.37 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। यमुनानगर जिला के भगवापुर गांव में अवैध खनन की शिकायत मिलने पर विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए

**अभियान**

**▶▶ विभाग की सख्त कार्रवाई, हरियाणा में अवैध खनन पर शिकंजा कसने के लिए चलाया गया विशेष जांच अभियान**

निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि लगभग 2 एकड़ भूमि पर अवैध रूप से बोल्डर, ग्रेवल, रेत और साधारण मिट्टी का खनन किया गया था। इसके लिए विभाग ने ?65,37,732 का जुमार्ना लगाया और 11 फरवरी 2025 को एफआईआर दर्ज करवाई। खनन विभाग के दिशा-निदेर्शों के अनुसार, राज्य में हर जिले में नियमित जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। यमुनानगर जिला में जनवरी और फरवरी (10 फरवरी तक) के दौरान कुल 123 वाहन अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने पर जब्त किए गए और 116 एफआईआर दर्ज की गईं। खनन विभाग के उच्चाधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अवैध खनन से जुड़े किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और किसी भी नियम का उल्लंघन होने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग अवैध खनन पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए तत्पर है, प्राकृतिक संसाधनों का न्यायोचित दोहन सुनिश्चित हो।
और राज्य को राजस्व हानि न हो।

# पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक सुनील कुमार ने आर्ट गैलरी का किया अवलोकन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़: कला के क्षेत्र** में महारत हासिल कर रही जयपुर की प्रसिद्ध लघु चित्रकार सावित्री शर्मा इन दिनों सूरजकुंड मेला परिसर में चल रही छः दिवसीय लघु चित्रकला कार्यशाला में अपनी अनूठी कला का सराहनीय प्रदर्शन कर रही हैं। इस कार्यशाला में देशभर से आए कलाकार अपनी-अपनी चित्रकला शैलियों को प्रस्तुत कर रहे हैं, लेकिन सावित्री शर्मा की कला और उनकी चित्रकारी की बारीकिया पर्यटकों का बरबस ही ध्यान आकर्षित कर रही हैं। पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक सुनील कुमार ने आर्ट गैलरी में प्रदर्शित की गई

**कार्यशाला**

**▶▶ इस कार्यशाला में देशभर से आए कलाकार अपनी-अपनी चित्रकला शैलियों को प्रस्तुत कर रहे हैं**

विभिन्न चित्रकलाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने यहां प्रदर्शित की गई सभी चित्रकलाओं की प्रशंसा करते हुए चित्रकारों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा सूरजकुंड शिल्प मेला कलाकारों को बेहतर मंच प्रदान कर रहा है। उल्लेखनीय है कि कला एवं सांस्कृतिक विभाग हरियाणा और पर्यटन निगम के संयुक्त तत्वावधान में लघु चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में चित्रकार सावित्री शर्मा द्वारा बनाए जा रहे चित्रों में भारतीय शास्त्रीय संगीत की अनूठी परंपरा को दशार्या गया है। विशेष रूप से उनका एक चित्र ह्रराग-रागिनीह्न की परिकल्पना पर आधारित है। यह चित्र भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने और उसे आधुनिक युग के कला प्रेमियों तक पहुंचाने का एक प्रयास है।

# गुरुग्राम: करोड़ों का गांजा छुपाने का आरोपी तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम। करोड़ों रुपये** की कीमत का अवैध गांजा मकान में छुपाकर रखने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी तस्कर को गुरुग्राम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी तस्कर पर 20 हजार रुपयों का ईनाम रखा गया था। आरोपी तस्कर के तार उड़ीसा से जुड़े हुए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि पुलिस टीम द्वारा बरामद किए गए गांजे की अनुमानित कीमत दो करोड़ रुपये आंकी गई। जानकारी के अनुसार गुरुग्राम पुलिस द्वारा पांच अगस्त 2024 में एक बंद मकान से 762 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया था। अपराध शाखा डीएलएफ फेज-4 गुरुग्राम की पुलिस टीम को अपने विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से इस



बारे में जानकारी मिली थी। सूत्र की ओर से बताया गया था कि गांव नानू खुर्द, पटौदी (गुरुग्राम) में एक मकान में अवैध नशीला पदार्थ छुपाकर रखा गया है। इस सूचना पर कार्यवाही करते हुए अपराध शाखा डीएलएफ फेज-4 की पुलिस टीम बताए गए स्थान पर पहुंची। बताए गए मकान में ताला लगा हुआ था। पुलिस टीम द्वारा मकान मालिक राम सिंह से उसके घर गांव दौलताबाद कुणी खंड पटौदी में जाकर संपर्क

**बरामद**

**▶▶ आरोपी तस्कर पर 20 हजार रुपयों का ईनाम रखा गया था। आरोपी तस्कर के तार उड़ीसा से जुड़े हुए हैं**

किया गया। मकान मालिक ने लिखित रूप में दिया कि पुलिस टीम मकान की खुद ही तलाशी ले ले। जिस पर पुलिस टीम द्वारा गांव के सरपंच, चौकीदार, ड्यूटी मजिस्ट्रेट के सामने मकान का ताला तोडकर चेक किया गया तथा वीडियोग्राफी की गई। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त मकान से पॉलिथीन व बंडलों में 762 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। पुलिस टीम द्वारा अवैध गांजा बरामद करने के बाद पुलिस थाना पटौदी में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। उप-निरीक्षक ललित कुमार, प्रभारी अपराध शाखा मानेसर, गुरुग्राम तथा अपराध शाखा सिकंदरपुर जिला गुरुग्राम की पुलिस टीमों ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए इस केस में फरार चल रहे 20 हजार रुपए के ईनामी अवैध गांजा तस्कर को 12 फरवरी 2025 को मथुरा से गिरफ्तार किया। गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का खुलासा किया है। आरोपी की पहचान देशराज निवासी गांव कूणी दौलताबाद जिला गुरुग्राम के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा बरामद किए गए गांजा को वह उड़ीसा से ट्रक में भरकर लेकर आया था।

# शहीद बाबा दीप सिंह जी के जन्मदिन को समर्पित नगर कीर्तन निकाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। आज सेवा** सिमरन सोसाइटी नानकसर करनाल की ओर से संत बाबा राम सिंह जी की प्रेरणा से धन धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की कृपा सदका अमर शहीद धन-धन बाबा दीप सिंह जी के प्रकाश दहाड़े को समर्पित गुरुद्वारा श्री सुखमणि साहिब सेक्टर-7 से पांच प्यारों की अगुवाई में साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया में नगर कीर्तन सजाया गया। नगर कीर्तन की आरम्भता गुरुद्वारा श्री सुखमणि साहिब सेक्टर 7 से पांच प्यारों की अगुवाई में साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को फूलों



से सजी सुंदर पालकी में सुशोभित कर गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में अरदास कर नगर कीर्तन की शुरूआत की गई। नगर कीर्तन की शुरूआत से पहले गुरुद्वारा श्री सुखमणि साहिब सेक्टर 7 के मुख सेवादार सरदार इंद्रजीत सिंह दुआ व गुलजार सिंह चीमा द्वारा पांच प्यारों को सिरोपा देकर नगर कीर्तन को रवाना किया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा सेक्टर 7 से आरंभ होकर अरोरा आंखों का हॉस्पिटल, सेक्टर 6 शिव मंदिर, गुरुद्वारा नानकसर बाबा कश्मीरा सेक्टर 6, टैगोर स्कूल ,सेक्टर 5 मेन रोड, सेक्टर 4 से होता हुआ समागम स्थल 218 सेक्टर 4 पार्ट 2 में समाप्ति हुई। नगर कीर्तन गुरुद्वारा नानकसर पहुंचने पर गुरुद्वारा साहिब के मुखी बाबा कश्मीरा सिंह ने पालकी साहिब का स्वागत किया व श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को सुंदर रुमला साहिब भेंट किया। बाबा कश्मीरा सिंह ने सगतो के लिए दूध के लंगर व लड्डुओं का प्रसाद वितरित किया। महिलाओं द्वारा पालकी साहब के आगे झाड़ू लगाने की सेवा की व नौजवानों ने पालकी साहिब के आगे फूलों की बरखा की। महिलाओं के शब्दी जत्थे ने पालकी साहब के साथ शब्द गायन कर संगत को गुरु के साथ जोड़ के रखा। दशमेश अखाड़े के नौजवान सिंघों द्वारा गटके के कर्तव्य दिखाए गए। जगह-जगह संगत ने नगर कीर्तन का स्वागत किया। टास्क फोर्स के मेंबरों द्वारा सुरेंद्र पाल रामगढ?ि की अगुवाई में ट्रैफिक आवाजाही को कंट्रोल किया। सुखराम सिंह बेदी ने बताया कि नगर कीर्तन सेवा सिमरन सोसाइटी नानकसर करनाल की तरफ से बाबा दीप सिंह जी के जन्मदिन को समर्पित निकाला जा रहा है। सोसायटी की तरफ से बाबा दीप सिंह जी के जन्मदिन को समर्पित कीर्तन समागम 16 फरवरी दिन रविवार को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक प्लॉट नंबर 218 सेक्टर-4 पार्ट 2 में किया

# वन्य जीवों के अवैध व्यापार व शिकार में संलिप्त व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत। वन्य जीव** अपराध नियंत्रण ब्यूरो दिल्ली व राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा दोपहर को सूचना मिली कि अकबरपुर बरोटा गांव में एक संदिग्ध व्यक्ति मौजूद है जो वन्य जीवों के अवैध व्यापार व शिकार में संलिप्त है। इस व्यक्ति को गिरफ्तार करने में वन विभाग सोनीपत से मदद मांगी गई, जिसपर भारतीय वन सेवा रेणु बाला द्वारा तुरंत प्रभाव से टीम का गठन किया गया। इस कमेटी में उप-वन राजिक अध्यक्ष नरेश कुमार, वन दरोगा विशाल वन दरोगा, वनरक्षक अरुण व विजय को सदस्य व मांगेराम वाहन चालक को नियुक्त किया गया। इस दौरान टीम ने तुरंत एक्शन लेते हुए वन्य अपराध ब्यूरो के सदस्य के साथ संदिग्ध को पकड?



के लिए योजना बनाई योजना बनाई और टीम को दो हिस्सों में बाट दिया, जिसके बाद गांव में रेकी की गई और सांय 04:30 बजे संदिग्ध व्यक्ति की लोकेशन टीम को प्राप्त हुई। इसके पश्चात दोनों टीमों ने मिलकर संदिग्ध व्यक्ति को काबू किया और पूछताछ करने पर सूचना अनुसार संदिग्ध से मिलान किया गया जो सही मिला। इसके बाद टीम ने संदिग्ध व्यक्ति को सदर थाना सोनीपत में रखा, जिसकी सूचना संबंधित व्यक्ति के ग्राम सरपंच व परिवारजनों को दी गई। इसके पश्चात महाराष्ट्र वन विभाग की टीम सोनीपत पहुंची और संदिग्ध को जिला न्यायालय में पेश करके दो दिन
के ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ महाराष्ट्र ले गए, जहां पर पहले से उसके केस में शामिल होने के सबूत थे।

# सुआ घोंप कर जानलेवा हमला करने आरोपित एक दिन के रिमांड पर

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर । थाना बड़ी** पुलिस ने बर्फ तोड़ने वाले सुआ से जानलेवा हमला करने के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सूरज निवासी दातौली, कपिल व सचिन निवासी बेगा के रहने वाले हैं। आरोपितों को पुलिस ने अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। बता दें कि बेगा गांव के रहने वाले सुल्तान ने 10 फरवरी को थाना बड़ी में शिकायत दी थी कि उसका छोटा भाई दीवाना, जो डीआईसीटी गन्नौर में इलेक्ट्रिक कार का काम करता है, 9 फरवरी की रात बजे अपनी बाइक से गन्नौर जा रहा था। चौखी ढाणी के पास पीछे से आई एक बाइक ने उसका रास्ता रोका, जिस पर सागर, कपिल और दो अन्य युवक थे। आरोपितों ने बर्फ तोड़ने वाले सुआ, पंच, डंडे और राड से हमला कर दिया, जिससे दीवाना के सिर, छाती, गर्दन और शरीर पर गंभीर चोटें आईं।

हमलावर उसे मरा हुआ समझकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी उप निरीक्षक नीरज ने पुलिस टीम के साथ मामले में संलिप्त तीन आरोपित सूरज, कपिल और सचिन को गिरफ्तार कर लिया।

# मेट्रो के विस्तार को लेकर डीएस ढेसी ने ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत। सोनीपत से** दिल्ली जाने वाले लोगों की सुविधा के लिए दिल्ली से जिला में हो रहे मेट्रो के विस्तार को लेकर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने गुरूवार को लघु सचिवालय में हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (एचएमआरटीसी), दिल्ली मैट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) व जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने बताया कि रिठाला-नरेला से सोनीपत में मेट्रो का 2.72 किलोमीटर का विस्तार किया जाएगा, जिसके लिए कुण्डली तथा नाथूपुर में मेट्रो स्टेशन बनाए



जाएंगे, ताकि सोनीपत से दिल्ली जाने वाले ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस सुविधा का लाभ मिल सके। उन्होंने रिठाला-नाथूपुर मेट्रो के लिए बाधाएं दूर करने को लेकर मंथन करते हुए डीएमआरसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए जो डीपीआर बनाई है अगर उसमें कोई प्राईवेट या सरकारी जमीन अधिग्रहण करवानी है तो इसकी रिपोर्ट एचएमआरटीसी को सौंपे। इसके अलावा अगर कहीं पर सडक, बिजली के खंभों या पेड़ों को हटाना है तो इसकी भी रिपोर्ट एचएमआरटीसी को सौंपे ताकि इन बाधाओं को समय से दूर किया जा सके और मेट्रों का कार्य समय पर पूरा हो सके। उन्होंने नाथूपुर में प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन से कनेक्टीविटी को लेकर एचएमआरटीसी के अधिकारियों, नगर निगम आयुक्त, एसडीएम की सदस्यता में कमेटी गठित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि ये कमेटी जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारियों के साथ 23 फरवरी से पहले साईट विजिट कर उसकी रिपोर्ट सौंपे, ताकि सोनीपत शहर से नाथूपुर में बनने वाले मेट्रों स्टेशन की कनेक्टीविटी अच्छी हो और लोगों को आने जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## न्यूज फ्लैश

### दिनदहाड़े पुलिस कर्मी के मकान में चोरी, नकदी व कीमती सामान पर किया हाथ साफ

**गन्नौर। लल्हेड़ी रोड** स्थित एक पुलिस कर्मी के मकान में दिनदहाड़े चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरों ने मुख्य गेट और कमरों के ताले तोड़कर नकदी व कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस कर्मी ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में चोरी मुरथल थाने में कार्यरत नरेश कुमार ने बताया वह मुरथल थाना में कार्यरत है। उनका लल्हेड़ी रोड पर घर है जो दो दिन से बंद था। जब नरेश कुमार घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दरवाजे और कमरों के ताले टूटे हुए थे। जांच करने पर पाया कि चोर दो बड़े पतीले, गैस सिलेंडर, दो इन्वर्टर बैटरी, 50 हजार रुपये नकद और साउंड बुफर चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

### गांव गुमड़ में युवक पर हमला कर तोड़ी गाड़ी

**गन्नौर। गांव गुमड़ में रास्ता रोककर** गाड़ी में तोड़फोड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। रोहिणी, दिल्ली में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी विनोद ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में विनोद ने बताया कि वह अपने ताऊ के बेटे नितेश के साथ स्कोर्पियो से गांव लौट रहा था तभी बोलेरो में आए कन्नू, राहुल, रितेश, सुमित और दो अन्य ने उनकी गाड़ी रोकने की कोशिश की। किसी तरह वे बचकर गांव पहुंचे, लेकिन आरोपितों ने पीछा कर गाड़ी रोक ली और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। विनोद पर डंडों से वार करने की कोशिश की गई, लेकिन वह बचकर भाग गया। बीच-बचाव करने आए उसके भाई नवीन को आरोपितों ने डंडों से पीटा और स्कोर्पियोके शीशे तोड़ दिए। हमले के बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्रयास इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा दिया राजपाल ने जे ई मेन्स एग्जाम में बाजी मारी

**गन्नौर। प्रयास इंटरनेशनल** स्कूल की बाहरवी कक्षा की छात्रा ने हाल ही में घोषित जेईई मेंस के एग्जाम में विज्ञान वर्ग की छात्रा दीया राजपाल ने 98.3 प्रतिशत अंक लेकर मेन्स एग्जाम में बेहतर स्थान प्राप्त



कर स्कूल का नाम रोशन किया है । इस उपलब्धि पर स्कूल के निदेशक अमित बत्रा ने बधाई देते हुए कहा कि हम उनकी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्टता की भावना को सलाम करते हैं। उनकी सफलता न केवल हमारे स्कूल के लिए, बल्कि पूरे समुदाय के लिए गर्व की बात है। कुमारी दिया राजपाल की सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, उनके शिक्षकों का मार्गदर्शन और उनके परिवार का समर्थन रहा है। अपनी इस उपलब्धि के माध्यम से दिया ने अपनी अतुलनीय प्रतिभा का परिचय दिया है। स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र छाबड़ा व उप प्रधानाचार्या दीपमाला ने पुष्पगुच्छ एवं पारितोषिक देकर कुमारी दिया को सम्मानित भी किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि हमें विश्वास है कि दिया राजपाल की सफलता हमारे अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी और उन्हें भी अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी।

### हत्या के मामले में एक ओर आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। सतनाली के** राजावास क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते एक युवक की हत्या करने और दो युवकों को घायल करने के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक ओर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान धीरज वासी पाथेड़ा के रूप में हुई है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपित से पूछताछ की जा रही है। एसपी पूजा वशिष्ठ के निदेर्शानुसार महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। 30 जनवरी को सतनाली के राजावास क्षेत्र में आरोपितों ने आपसी रंजिश के चलते एक युवक की हत्या कर दी थी और दो युवकों को घायल कर दिया था।

# टायर स्क्रैप फैक्टरी में लगी आग, देर शाम तक भी टायरों के स्क्रैप में धधकती रही आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। गांव** रामनगर के पास औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक टायर स्क्रैप फैक्टरी में मंगलवार देर रात अचानक आग लग गई। आग लगने से फैक्टरी के अंदर रखा सारा टायर स्क्रैप जल गया। आग शार्ट लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन टायरों के स्क्रैप के कारण आग पर काबू पाने में मुश्किलें आ रही हैं। बुधवार देर शाम तक भी आग पूरी तरह बुझाई नहीं जा सकी। गांव रामनगर-धतूरी रोड पर स्थित शिव शक्ति इंटरप्राइजेज में पुराने टायरों से तेल निकालने का काम किया जाता था। मंगलवार रात करीब 10:30 बजे



फैक्टरी के स्क्रैप में अचानक आग लग गई। टायर ज्वलनशील होने की वजह से आग की लपटें और अधिक विकराल हो गईं। फैक्टरी में काम कर रहे श्रमिकों ने भागकर अपनी जान बचाई और तुरंत फैक्टरी मालिक व दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही सोनीपत, राई, बड़ी औद्योगिक क्षेत्र, गन्नौर और कुंडली से दमकल विभाग की 6 गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मी पूरी रात आग बुझाने में लगे रहे, लेकिन टायरों के स्क्रैप के कारण बार-बार आग भड़क रही थी। बुधवार दोपहर तक भी स्क्रैप में आग धधकती रही। स्क्रैप खाली करने के दौरान आग नीचे बचे टायर के स्क्रैप में भी आग धधक रही है। जिसके चलते दोपहर बाद गन्नौर व बड़ी औद्योगिक क्षेत्र की दमकल गाड़ी स्क्रैप में बची आग बुझाने के काम में लगी रही।

-नुकसान का आकलन नहीं

उप दमकल अधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि आग से दूर तक टायरों के जलने की बदबू आ रही थी।

जब आग लगी, उस समय फैक्टरी में श्रमिक काम कर रहे थे, लेकिन समय रहते सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हालांकि, फैक्टरी में कितना नुकसान हुआ है, इसका आकलन अभी तक नहीं लगाया जा सका है।

# रोड सेफ्टी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले तीन छात्रों को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। पंचकूला में** 11 फरवरी को आयोजित राज्य स्तरीय रोड सेफ्टी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर श्री राम कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भिगान के तीन छात्रों ने पुलिस उपायुक्त मुख्यालय मनबीर सिंह सम्मनित किया। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय मनबीर सिंह ने कक्षा पांचवी के पारस, शिवांशी और कक्षा चौथी की छात्रा प्रकृति इक्का को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त ट्रैफिक राहुल देव, ट्रैफिक थाना प्रबंधक निरीक्षक कर्मबीर सिंह और स्कूल के प्राचार्य नीरज त्यागी भी उपस्थित रहे।

# नगर पालिका की ओर से शहर में रेहड़ी चालकों व दुकानदारों के किए गए चालान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । शहर के नगर** पालिका कार्यालय से अभियान शुरू किया गया। नगर पालिका सचिव प्रंशात ने बताया कि नगर पालिका टीम ने वीरवार को शहर के बाजारों में अतिक्रमण व गार्बेज को लेकर दुकानदारों व रेहड़ी वालों के चालान किए। नगर पालिका की टीम ने 10 चालान किए गए। उन्होंने बताया कि नगरपालिका को अतिक्रमण व गार्बेज को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। उसको लेकर नपा टीम शहर में 10 रेहड़ी चालकों व दुकानदारों के चालान किए है। नगर पालिका की टीम ने नगर पालिका से शुरू कर शंकर मार्केट, बालाजी चौक, रेलवे रोड, भूतपूर्व सैनिक कैंटिंन, आईटीआई रोड, बस स्टैंड, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में चालान किए गए। नगर पालिका की टीम ने बालाजी चौक, सिविल अस्पताल के पास लगने वाली फल व सब्जियों की रेहड़ियों के पीछे खुले में गार्बेज (कूड़ा, गंदगी ) मिली, जिसके चलते उनके चालान काटे गए। नपा कर्मचारियों ने छह चालान 500-500 रुपये तथा चार चालान 200-200 रुपये के चालान किए गए। उन्होंने दुकानदारों व रेहड़ी चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई भी रेहड़ी चालक या दुकानदार गंदगी का ढ़ेर लगाता हुआ मिला तो उसके खिलाफ चालान किया जाएगा।

# हरियाणा में जजपा नया संगठन खड़ा करने की तैयारी में

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। हरियाणा के पूर्व डिप्टी** सीएम दुष्यन्त चौटाला ने कहा है कि उनकी पार्टी का हर कार्यकर्ता स्वर्गीय चौ. देवीलाल की नीतियों में विश्वास रखता है और गरीब, मजदूर, कमेरा वर्ग सहित आम आदमी के हित में काम करना चाहता है। उनकी पार्टी जल्द ही हरियाणा में अपना नया संगठन खड़ा करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए जमीनी स्तर पर पार्टी कार्यकताओं से फीडबैक लिया जा रहा है। उन्होंने इस दौरान पार्टी संगठन की मजबूती पर बल दिया। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से आहवान किया कि वह पार्टी की नीतियां जन-जन तक पहुंचाने का काम करे।



जजपा की नीतियां स्वर्गीय चौ. देवीलाल की नीतियों को आगे बढ़ाने वाली है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से यह भी कहा कि वह हतोत्साहित न हो आने वाला समय जजपा का है। वह समय अब कतई दूर नहीं है जब जजपा एक बार फिर से प्रदेश की जनता के दिलों पर राज करने वाली है। हमारी लड़ाई गरीब, मजदूर, किसान और कमेरा वर्ग को उनका अधिकार दिलाने की है जोकि जारी रहेगी। उन्होंने इस दौरान विपक्षी पार्टियों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दूसरी पार्टियों की नीतियां केवल अपना भला करने की है जबकि जजपा की नीतियां किसान और गरीब का भला करने वाली है। आज भी किसान को उसकी मेहनत का फल नहीं मिल रहा है। भाजपा की प्रदेश और केन्द्र की सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही थी। लेकिन किसान की आय दोगुनी होना तो दूर की बात उसे उसकी मेहनत का आधा फल भी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में जजपा की सरकार बनने पर मजूदर, किसान, कमेरा और गरीब के साथ-साथ आम आदमी के हित में जनहित के फैसले लिए जाएगें और उन्हीं के हित की योजनाएं बनेगी। इस मौके पर मौजूद थे।

# पंजाब नेशनल बैंक ने किया एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत। पंजाब नेशनल** बैंक द्वारा गुरूवार को एचएसआईआईडीसी कुण्डली में एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि कुण्डली औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने किया। इस दौरान विशेष अतिथि के रूप में एमएसएमई के सहायक निदेशक प्रताप सिंह अहलूवालिया मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को एमएसएमई द्वारा स्वयंरोजगार स्थापित करने के चलाई जा रही ऋण योजनाओं के बारे में विस्तार




से जानकारी दी गई, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इन योजनाओं का लाभ लेकर स्वयंरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सके और देश के विकास में अपना अहम योगदान प्रदान कर सके। कार्यक्रम में लगाए गए एक्सपो में 04 उद्यमियों ने भाग लिया। इस दौरान पंजाब नेशनल बैंक ने अपनी स्टॉल लगाई जहां पर लोगों को विभिन्न ऋण योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।

# भव्य कलश यात्रा के साथ आज होगा 21 वें श्रीश्याम फाल्गुनोतसव का आगाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा( कुलदीप सिंह )**

**श्री श्याम बाबा सेवा** मंडल द्वारा आयोजित 21 वें श्रीश्याम फाल्गुनोत्सव का आगाज शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा से होगा। 14 से 22 फरवरी तक मनाए जाने वाले इस भव्य श्रीश्याम फाल्गुनोत्सव के दौरान शुक्रवार की रात संकीर्तन का आयोजन होगा जबकि 15 फरवरी शनिवार से श्रीराम कथा होगी जिसका समापन 22 फरवरी को हवन व भंडारे के साथ होगा।इतना ही मंडल के द्वारा हर साल की तरफ 25 फरवरी को गरीब कन्याओ का सामूहिक विवाहोत्सव भी किया जाएगा। श्री श्याम बाबा सेवा मंडल के अध्यक्ष सत्यवीर



गुप्ता,महासचिव प्रदीप बंसल,नंद किशोर सिंघल, नवीन सिंघल,कृष्ण बंसल,नवीन बंसल,मोहित गोयल,विपीन गोयल,संदीप गुप्ता,अशोक जैन,राहुल गर्ग,राजेश गोयल आदि ने संयुक्त रूप से प्रैस कांफ्रेंस कर जानकारी दी कि हर साल की तरह इस बार भी 21 वां श्रीश्याम महोत्सव समालखा नई अनाज मंडी मे धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंडल द्वारा 14 फरवरी शुक्रवार को श्रीश्याम फल्गुनोत्सव का आगाज भव्य कलश यात्रा निकाल कर किया जायेगा। यह यात्रा शाही बैड बाजो के साथ गुड मंडी से प्रारम्भ होकर रेलवे रोड,बस स्टैंड, जी. टी. रोड से होते हुए कथा स्थल पर सम्पन्न होगी। यात्रा मे लगभग 400 महिलायें कलश ले कर चलेंगी। शुक्रवार को शाम 6 बजे से श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन होगा। जिसमे संकीर्तन करने के लिए जयपुर से प्रमुख भजन गायक निशा गोविंद शर्मा, दिल्ली से बालीवुड फैम सोनी सिस्टर्स व श्रीधाम वृंदावन से मुरली मनोहर शरण पधार रहे है। जबकि श्याम बाबा सेवा मण्डल के मोहित गोयल, रवि अरोड़ा व सहरों सतीश शर्मा भी दरबार में हाजिरी लगायेंगे। उन्होने बताया कि 15 फरवरी से 22 फरवरी तक प्रतिदिन नई अनाज मंडी में दोपहर 3:15 से 6:15 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जायेगा। विश्व विख्यात कथा मर्मज्ञ एवं संत विजय कौशल श्रीराम कथा से भक्तो को सरोबार करेंगे। 22 फरवरी को हवन-पूजन के साथ श्रीराम कथा का विश्राम होगा व विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जायेगा।

**मंडल पदाधिकारियो के मुताबिक**

हर साल की तरह सामूहिक विवाहोत्सव 25 फरवरी को महाराजा अग्रसेन स्कूल के प्रांगण मे आयोजित किया जाएगा। जिसमे इस बार 14 गरीब कन्याओ का सामूहिक विवाह गणमान्य व्यक्तियों के सानिध्य में धार्मिक व सामाजिक प्रथाओं व परम्पराओ के अनुरूप योग्य ब्राह्मणों द्वारा सम्पन्न करवाया जायेगा।

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 14 फरवरी 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

## संपादकीय

# क्या विपक्षी एकता कायम रहेगी

**अति आत्मविश्वास** का होना सदैव विनाशकारी और आत्म घातक माना जाता है। ऐसा ही दिल्ली विधानसभा के चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी के नेताओं का व्यवहार निश्चित ही ऐसा होता जा रहा था,जो अति विश्वास को ही परिलक्षित करने वाला ही था। हालांकि किसी भी चुनाव के दो पहलू होते हैं। किसी भी चुनाव क्षेत्र में केवल एक ही उम्मीदवार विजय प्राप्त करता है,शेष पराजित होते हैं। पराजय निश्चित रूप से गलती सुधारने का अवसर प्रदान करती है। आम आदमी पार्टी इस पराजय को अपने भूल सुधार के लिए स्वीकार करेगी, यह होना चाहिए लेकिन आम आदमी पार्टी के नेता ऐसा करने की मानसिकता में दिखाई नहीं देते। इसका कारण यही है कि उनमें राजनीतिक दल की सरकार चलाने का अनुभव नहीं है। आम आदमी पार्टी के नेताओं का अभी भी यह मानना है कि उनकी पार्टी मात्र दो प्रतिशत के अंतर से हारी है, लेकिन उनको पता होना चाहिए कि एक प्रतिशत का अंतर भी राजनीति का दृश्य बदल सकता है। इसलिए यही कहा जा सकता है कि हार तो हार होती है, उसके तर्क का सहारा लेकर मन को दिलासा दी जा सकती है, जीत नहीं मानी जा सकती। वैसे विपक्ष को इसकी आदत-सी हो गई है कि वह हार को आसानी से स्वीकार नहीं कर पाता। पिछले लोकसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद भी ऐसी ही तस्वीर दिखाने का प्रयास किया गया कि विपक्ष ने मानो सरकार बनाने लायक जीत हासिल कर ली हो, लेकिन तस्वीर का असली चेहरा कुछ और था। वर्तमान राजनीतिक उतार-चढ़ाव का अध्ययन किया जाए तो यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी राजनीतिक दल सत्ता में आने के लिए एक होने की कवायद कर चुके हैं, लेकिन यह कवायद परवान नहीं प्राप्त कर सकी। लोकसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन बनाकर तमाम भाजपा विरोधी दलों ने कई राज्यों में एकता का दिखावा किया। लेकिन कई राज्यों के विधानसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन के दल एक साथ न होकर बिखरे हुए दिखाई दिए। अब आगे चलकर एकता के प्रयास किए तो जाएंगे, लेकिन वे एक साथ हो जाएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम दिखाई देती है। सीधे अर्थों में कहा जाए तो विपक्षी एकता को कई बार झटके लग चुके हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार विपक्ष की एकता के लिए एक और बड़ा झटका माना जा रहा है। कांग्रेस ने जिस प्रकार से आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने का सुनियोजित रणनीति अपनाई, वह चुनाव परिणाम आने के बाद पूरी तरह सामने आ गया। ऐसी स्थिति में अब कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक मंच पर आएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम है। हालांकि कांग्रेस की ओर अपनाई गई यह रणनीति कोई नई बात नहीं है। कई दलों को ऐसा झटका मिल चुका है,स्वयं आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में ऐसा ही राजनीतिक खेल खेलकर कांग्रेस को सत्ता में आने से रोक दिया था। जहां तक विपक्षी एकता की बात है तो इसकी जड़ों में मट्ठा डालने का काम खुद इंडी गठबंधन या भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों ने किया है। कई राज्यों में एक-दूसरे के विरोध में ताल ठोकने वाले यह दिखावे की एकता वाले राजनीतिक दल आगे भी ऐसी ही नीति का अनुसरण करेंगे, इस बात की गुंजाइश ज्यादा दिखाई देती है।

# योग के अग्रदूत परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती

कुमार कृष्णन

> जिस समय स्वामी निरंजनानंद विदेश के लिए निकले, उस समय स्वामी सत्यानंद के योग आंदोलन के परिणामस्वरूप केवल फ्रांस में 77 हजार पंजीकृत योग शिक्षक थे। उस समय के लिए यह बहुत बड़ी संख्या थी। उन दिनों वे सिर्फ इन योग शिक्षकों को प्रशिक्षित करते थे, ताकि वे अपने स्कूलों में लौट कर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर सकें। बाद में यह आंदोलन रिसर्च ऑन योगा इन एड्यूकेशन के नाम से पूरी दुनिया में फैल गया। यूरोप में इस आंदोलन का सूत्रपात पेरिस की स्वामी योग भक्ति और कैनेडा में स्वामी अरुन्धति ने आरंभ किया गया। इस आंदोलन का नाम योगा एड्यूकेशन इन स्कूल रखा गया। यह आंदोलन उत्तर तथा दक्षिण अमेरिका में काफी लोकप्रिय हुआ। इसके परिणाम स्वरूप अनेक देशों की शिक्षा पद्धति में मुंगेर के योग को शामिल किया गया

परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती शुद्ध परंपरागत योग के अग्रदूत हैं। 14 फरवरी को उनका अवतरण दिवस है। वे विश्व प्रसिद्ध बिहार योग विद्यालय के संस्थापक परमहंस स्वामी सत्यानंद सरस्वती के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी हैं। योग निद्रा जीवन में किस तरह चमत्कार पैदा करता है, इसके जीवंत उदाहरण हैं स्वामी निरंजनानंद सरस्वती । औपचारिक शिक्षा कुछ भी नहीं पर असीमित ज्ञान के सागर हैं। उन्हें योग निद्रा के जरिए ही सारी शिक्षा मिल गई थी। 14 फरवरी का दिन बाल योग दिवस के रुप में मनाया जाता है।

स्वामी सत्यानंद सरस्वती ने स्वामी निरंजनानंद के बारे में कहा था-"स्वामी निरंजन ने मानवता के कल्याण के लिए ही जन्म और सन्यास लिया है। वह सक्षम प्रतिभा संपन्न हैं इसलिए मैंने उसे अपना उत्तराधिकारी बनाया है। जब वह चार साल का था तभी मैंने चुन लिया था और उसी लक्ष्य के अनुरूप उसकी शिक्षा-दीक्षा आरंभ कर दी थी। पर उसे यह मालूम नहीं था कि वह एक दिन मेरा उत्तराधिकारी बनेगा। उसका व्यक्तित्व नए युग के अनुरूप है वह नई पीढ़ी से सहजता से व्यवहार कर लेता है मेरी सोच पचास साल पहले की है लेकिन वह आज की पीढ़ी की तरह सोच सकता है।" बात 1956 की है। स्वामी सत्यानंद ऋषिकेश स्थित स्वामी शिवानंद के आश्रम में रह रहे थे। उन्होंने स्वामी सत्यानंद को अपने पास बुलाया और कहा कि आपके जाने का समय आ गया है। जाओ और दुनिया में परिव्राजक की तरह घूमो। दुनिया को योग सिखाओ। स्वामी सत्यानंद संसार भ्रमण के लिए निकल पड़े। 1963 तक वह परिव्राजक की तरह भ्रमण करते रहे। स्वामी सत्यानंद को वे बीस साल बाद वापस मिले और इस अवधि में दुनिया को सत्यानंद के जरिए योग मिला। इन्हीं बीस सालों में मुंगेर में बिहार योग विद्यालय की स्थापना हुई, जहां से निकल कर सत्यानंद पूरी दुनिया में जाते थे, और पूरी दुनिया से निकल कर लोग बिहार योग विद्यालय आते रहे। एक से एक प्रामाणिक, वैज्ञानिक योग ग्रंथों का प्रकाशन हुआ। बीसवीं सदी में योग का जो पुनर्जागरण होना था बिहार योग विद्यालय उसका केन्द्र बन गया और स्वामी सत्यानंद सूत्रधार।



दुनिया का शायद ही कोई ऐसा महाद्वीप होगा जहां स्वामी सत्यानंद ने योग का बीज न बोया हो। अरब से लेकर अमरीका तक। अफ्रीका से लेकर आस्ट्रेलिया तक। स्वामी शिवानंद का यह परिव्राजक सन्यासी पूरी दुनिया में घूम घूम कर योग का बीज बो रहा था, जो आगे चल कर पुष्पित और पल्लवित होने वाला था। लेकिन, एक तरफ जहां वे वर्तमान की जमीन पर योग के बीज रोपित कर रहे थे, वहीं दूसरी तरफ, भविष्य में इसके रख रखाव की योजना पर भी काम कर रहे थे, ताकि फूल खिलने से पहले मुरझा न जाए। यह कोई दस-बीस साल का मामला नहीं था। अब तो यह शताब्दियों का मामला है।

एक पवित्र परंपरा के पुनर्जागरण काल में सिर्फ वर्तमान नहीं होता। उसका अपना एक भविष्य होता है, और उस भविष्य की अपनी एक योजना भी। चार साल के स्वामी निरंजन इसी दैवीय योजना का हिस्सा होकर बिहार स्कूल आफ योगा पहुंचे थे।

1964 बिहार स्कूल आफ योगा और स्वामी निरंजन दोनों के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण साल है। इसी साल मुंगेर में बिहार योग विद्यालय की स्थापना हुई और इसी साल चार साल के निरंजन योग विद्यालय में प्रविष्ट हुए। छत्तीसगढ़ के राजनादगांव में 14 फरवरी 1960 को जन्मे स्वामी निरंजनानंद की जीवन दिशा उनके गुरु स्वामी सत्यानंद द्वारा निर्देशित रही। यहां उन्हें गुरु ने योगनिद्रा के माध्यम से योग और आध्यात्म का प्रशिक्षण दिया। कम उम्र में ही वे इतने योग्य हो चुके थे कि सन 1971 में स्वामी सत्यानंद ने उन्हें दशनामी सन्यास परंपरा में दीक्षित करने के बाद काम पर लगा दिया। उन्हें विदेशों में योग केन्द्रों की स्थापना करनी थी। जहां योग केन्द्र स्थापित हो चुके थे उनके संचालन को भी सुनिश्चित करना था। उन्हें न सिर्फ योग समझाना था, बल्कि दुनिया की विविध संस्कृतियों को समझना भी था। सांस्कृतिक एकता के यौगिक सूत्रों की खोज करनी थी। अमेरिका से लेकर आस्ट्रेलिया तक। वहां उन्होंने नोबेल पुरस्कार से सम्मानित डॉ. जो. कामिया के साथ विशेष तौर पर ध्यान और प्राणायाम के क्षेत्र में अनुसंधान का काम किया। सैनफ्रान्सिस्को, कैलिफोर्निया के ग्लैडमैन मेमोरियल सेंटर के जापानी डॉ. टॉडमिकुरिया ने उन पर ध्यान संबंधी शोध किए।

जिस समय स्वामी निरंजनानंद विदेश के लिए निकले, उस समय स्वामी सत्यानंद के योग आंदोलन के परिणामस्वरूप केवल फ्रांस में 77 हजार पंजीकृत योग शिक्षक थे। उस समय के लिए यह बहुत बड़ी संख्या थी। उन दिनों वे सिर्फ इन योग शिक्षकों को प्रशिक्षित करते थे, ताकि वे अपने स्कूलों में लौट कर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर सकें। बाद में यह आंदोलन रिसर्च ऑन योगा इन एड्यूकेशन के नाम से पूरी दुनिया में फैल गया। यूरोप में इस आंदोलन का सूत्रपात पेरिस की स्वामी योग भक्ति और कैनेडा में स्वामी अरुन्धति ने आरंभ किया गया। इस आंदोलन का नाम योगा एड्यूकेशन इन स्कूल रखा गया। यह आंदोलन उत्तर तथा दक्षिण अमेरिका में काफी लोकप्रिय हुआ। इसके परिणाम स्वरूप अनेक देशों की शिक्षा पद्धति में मुंगेर के योग को शामिल किया गया। निरंजनानंद सरस्वती ने 11 वर्षों तक, यानी 1983 तक यह सब किया। तेईस साल की उम्र में यह काम पूरा कर वह मुंगेर वापस लौट आये। सामान्य तौर पर इस उम्र में कोई नौजवान घर के बाहर कदम रखता है।

भारत लौट कर वे बिहार योग विद्यालय, शिवानंद मठ और योग संस्थान की गतिविधियों के संचालन में संलग्न हो गए। सन 1990 में वे सन्यास परंपरा में दीक्षित हुए।1993 में सन्यास परंपरा की मार्तण्ड विभूतियों द्वारा स्वामी सत्यानंदजी के उत्तराधिकारी के रूप में अभिषिक्त हुए। सन 1995 के शतचंडी महायज्ञ में स्वामी सत्यानंद सरस्वती ने आध्यात्मिक शक्ति उन्हें हस्तांतरित कर, परंपरा के गुरु और परमाचार्य पद पर प्रतिष्ठित किया। इस बीच स्वामी निरंजनानंद ने अथक परिश्रम से बिहार योग विद्यालय को विश्व विद्यालय की प्रतिष्ठा तक पहुँचाया। स्वामी सत्यानंद द्वारा बोये गये योग की फसल की देखभाल भी वे एक माली की तरह करते रहे हैं। सन 1993 के विश्व योग सम्मेलन के बाद गंगा दर्शन में बाल योग मित्र मंडल की स्थापना की गयी। इसका आरंभ मुंगेर के सात छोटे बच्चों से किया गया और आज मुंगेर शहर में ही बाल योग मित्रमंडल में 5000 से अधिक प्रशिक्षित बच्चे योग शिक्षक हैं। मुंगेर में यह संख्या 35 हजार और पूरे भारत में 1,50000 है। स्वामी निरंजनानंद सरस्वती कहते हैं– बाल योग मित्रमंडल को तीन लक्ष्य दिए हैं – योग के द्वारा संस्कार प्राप्त करना, योग के द्वारा ऐसी प्रतिभा को प्राप्त करना जिससे बिना किसी पर आश्रित रहे अपना जीवन चला सके और योग को आधार बनाकर अपने जीवन को संस्कृति से युक्त कर सके। संस्कार, स्वाबलंवन, संस्कृति और राष्ट्र प्रेम यही बाल योग मित्रमंडल के लक्ष्य हैं। इन बच्चों ने तीन आसनों, दो प्राणायामों, शिथिलीकरण एवं धारणा के एक–एक अभ्यास का चयन किया। यह प्रयोग सात सौ बच्चों पर किया गया और उसकी रचनात्मकता, व्यवहार और व्यक्तिगत अनुशासन पर हुए असर की जांच की गयी तो इसमें गुणात्मक परिवर्तन पाया गया। इन बच्चों को न सिर्फ योग की शिक्षा दी जाती है, बल्कि कराटे, आधुनिक नृत्य, मंत्रोच्चार, स्पोकन इंग्लिश की भी शिक्षा दी जाती है।

## कविता

बहुत कीमती है वफा जानते हैं।

है दुनिया बड़ी दिलरुबा जानते हैं
मोहब्बत को हम खुदा जानते हैं।

बहाव में हम भी बह जा रहे हैं
है तिनके का सहारा जानते हैं।

संबंधों में विश्वास कायम रखिये
बहुत कीमती है वफा जानते हैं।

बनाएंगे इसे ही हमवार यकीनन
मुखालिफ अभी है हवा जानते हैं।

नाकाम जो है हम मोहब्बत में
बेवफा जो हैं वो सब जानते हैं।

संजीव हम हैं गुनहगार ए उल्फत
हम ही को मिलेगी सजा जानते हैं।

संजीव

## बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद मणिपुर शांत होगा

रोहित माहेश्वरी

**प्रधानमंत्री मोदी** और गृहमंत्री अमित शाह को मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह का इस्तीफा मजबूरन लेना पड़ा। मणिपुर 3 मई, 2023 से जातीय हिंसा और हत्याओं के कारण जलता रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री को बरकरार रखा गया। अब विरोध और बगावत अविश्वास प्रस्ताव तक आ गई है। बीती 3 फरवरी को भाजपा के 19 विधायकों समेत कुल 33 विधायक दिल्ली आए और प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री से मुलाकात कर मुख्यमंत्री बदलने का आग्रह किया। आगाह किया गया कि अविश्वास प्रस्ताव के साथ भाजपा विधायक भी मुख्यमंत्री के खिलाफ वोट कर सकते हैं। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को लगा कि 60 के सदन में करीब 35 विधायक विरोध में हैं, लिहाजा राज्य सरकार का पतन अपरिहार्य है। अंततः मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को तलब कर उन्हें इस्तीफे के लिए आदेश देना पड़ा। यह ऐसा राजनीतिक इस्तीफा है, जो बहुत पहले ही अतिदेय था। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को यथावत क्यों पदासीन रखा गया, इसका रहस्य तो प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ही जानते हैं। बगावत की चिंगारी लपटों में तब्दील हो सकती है, यह यथार्थ तो सितंबर-अक्टूबर में ही सामने आ गया था। तब भाजपा के 19 विधायक स्पीकर सत्यब्रत सिंह के नेतृत्व में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से मिले थे। उस दौरान महाराष्ट्र चुनाव के कारण मामला ठंडा कर दिया गया, लेकिन मणिपुर जलता रहा। मणिपुर में बहुसंख्यक मैतेई तबके को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की हाईकोर्ट की सिफारिश के बाद 3 मई 2023 को राज्य में बड़े पैमाने पर हिंसा भड़क गई थी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, उस हिंसा में अब तक ढाई सौ से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है जबकि सैकड़ों करोड़ की संपत्ति जल कर राख हो गई है। इसके अलावा 50 हजार से ज्यादा लोग विस्थापन का शिकार होकर मणिपुर, मिजोरम और नागालैंड के राहत शिविरों में अनिश्चित जिंदगी गुजार रहे हैं। हिंसा शुरू होने के बाद से ही बीरेन सिंह सरकार पर मैतेई संगठनों को मदद करने के आरोप लगते रहे हैं। अभी हाल में वायरल एक ऑडियो क्लिप में बीरेन सिंह कथित रूप से एक मैतेई संगठन को सरकारी हथियारों की लूट में मदद करने का दावा करते सुनाई दे रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उस क्लिप की फोरेंसिक जांच का आदेश दिया है। मणिपुर राज्य पर्वतीय और घाटी यानी दो इलाकों में बंटा है। मैतेई बहुल घाटी इलाके में विधानसभा की 40 सीटें हैं और नागा-कुकी बहुल पर्वतीय इलाके में 20 सीटें। लेकिन हिंसा शुरू होने के बाद से ही पर्वतीय इलाके के विधायक, जिनमें दो मंत्रियों समेत बीजेपी के सात विधायक भी शामिल हैं, बीरेन सिंह को घेरे हुए थे। लेकिन आखिर ऐसा क्या हुआ कि बड़े पैमाने पर होने वाली हिंसा के बावजूद बीरेन सिंह अपनी कुर्सी से चिपके थे और बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व भी उनका खुल कर समर्थन कर रहा था?

## विचार

# स्वागत करें प्रेम की पावनता का

वंदना अग्रवाल

प्रेम एक शाश्वत तथ्य, वर्तमान से भविष्य की ओर बढ़ते कदम, अपनी मंजिल पाने की चाह, एक रसास्वादन अनुभूतियों का। एक खोज अपने अतीत के पराभव को भुलाने की। प्यार एक निष्ठुर किंतु सुंदर अन्तस की भावना। भावना के वेग से उड़ते स्वप्न। स्वप्न में जीवन को नए आयाम देती प्रेम की साकार कल्पना। प्रेम मानव देह से विरक्त एक उड़ान। क्षितिज के उस पार...उस पार....उस पार।

प्यार स्नेह बंधनों से मुक्त आत्मा परमात्मा का पारलौकिक चिंतन। चिंतन में सिमटते क्षण और इन्हीं क्षणों का नाम है प्रेम की अनुभूति। प्यार एक विशुद्ध वासना नहीं, आत्मा को समझने की कला है। इस कला में पारंगत होने के लिए मन में समान रूप से दीपक जलाने पड़ते है। ऋतुओं का स्वागत करना पड़ता है। ऋचायें गुंजित करनी पड़ती हैं।

हिम-शिखरों पर हिमा को तलाशना पड़ता है। प्रेम की लताओं में चारों वेदों की अनुभूति की वंदना करना पड़ती है। सूर्य की कान्ति के समान अपने तेज को बढ़ाना पड़ता है। प्रेम ही हरि की तरह सत्यम् शिवम् सुन्दरम् है सुन्दरता देहयष्टि नहीं, प्रेम तो एक अनुभूति है अपने पगों का सफर नापने की। प्रेम तो एक पीड़ा है, जिसकी आग में जलने का पल-पल मन करता है। प्रेम तो एक दर्पण है जिसमें मानव अपना चेहरा देखता है। स्मृतियां आंचल में छुपाकर बतियाती है। यही तो है प्रेम का स्वागत। प्रेम का नैसर्गिक संसार। दिव्य लोक उद्भव किसी प्रशस्ति की तलाश में थक मांद कर तो नहीं बैठता। वह दौड़ पड़ता है अपने लक्ष्य की ओर। चुनने लगता है फूल उपवन के। महकाने लगता है अपना संसार।

प्रेम दिवस, केवल एक दिवस तो नहीं। यह क्षण है याद करने का उन कहानियों, किस्सों को जो प्रेम को शाश्वत रखने के लिये कही गई होगी। यह दिन है प्रण लेने का, कुर्बानियों, आहुतियों तथा समर्पण की पावनता को अक्षुण्ण रखने का। मगर अफसोस, विसंगतियो से भरे हमारे समाज ने प्रेम की इस पावन अनुभूति को कलुषित कर दिया है। प्रेम का अर्थ सिर्फ देहाकर्षण होकर रह गया है। आज प्रेम शब्द का उपयोग इस कदर आम हो गया है कि इसकी वास्तविक आत्मा ही नष्ट हो गई है। प्रेम के विषय में युवा अनेक भ्रांतियों, वर्जनाओं और तर्कों को आज कसौटी पर कसकर उसकी नयी-नयी परिभाषाएं दे रहे हैं। प्रेम वास्तव में क्या है? इसको समझाना बहुत दुष्कर है। युवा प्रेम ने आज अपनी सीमाओं को पाश्चात्य संस्कृति के इर्द-गिर्द स्थापित कर लिया है। प्रेम करना कोई अपराध नहीं है यह सभी जानते हैं, लेकिन इसमें प्रेमियों को कब कितने अधिकार हासिल होने चाहिये यह वह नहीं जानते हैं। सही कहा जाय तो प्रेम एक ऐसा सुखद मर्मस्पर्शी अहसास है जो उसे कुछ हासिल करने के लिए संघर्ष करने को प्रोत्साहित करता है। प्रेम करने वालों के अंदर एक अलग किस्म की अनुभूति उत्पन्न हो जाती है। अगर जीवन में प्रेम न हो तो जीवन नीरस हो जाता है जीवन सूना-सूना लगता है। प्रेम असल में उत्साह एवं उल्लास है जिस पर सबका अधिकार है।

वर्तमान में युवा वर्ग का प्रेम के प्रति जो नजरिया है वह काफी त्रुटिपूर्ण है। सच्चा प्रेम हमेशा एक पवित्र मन में पनप सकता है। प्रेम असल में विचारों के अंदर निहित होता है। जैसे विचार होंगे प्रेम वैसा ही स्वरूप धारण कर लेगा। प्रेम की असफलता, गलत सोच का ही दुष्परिणाम होता है। प्रेम को अधिकतर संदिग्ध रखा जाता है। इसकी संदिग्ध छवि भी प्रेम को गलत तरीके से परिभाषित करती है। माना कि समाज के बदलते स्वरूप एवं विचारधाराओं के कारण इन परिभाषाओं में भी परिवर्तन आ गया है। लेकिन प्रेम के अर्थ तो वही है। आज प्रेम के अंदर वासना ज्यादा पनप रही है। इसके लिये जिम्मेदार भी हमारे समाज के युवावर्ग की सोच तथा विचार हैं। प्रेम में वासना का कहीं कोई स्थान नहीं होता। अधकचरी आयु के युवक-युवतियां प्रेम और वासनात्मक प्रेम में अंतर नहीं कर पाते हैं, फलतः अधिकांशतः जीवन भर प्रेम को एक दर्द के रूप में झेलते रहते हैं।

प्रश्न उठता है कि क्या प्रेम की अनुभूति सिर्फ संबंधों को विकृत रूप देकर ही की जा सकती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# "प्रदूषण की मार से धरती हो रही बीमार"

मनीष कुमार

**यदि आ**पसे यह प्रश्न पूछा जाए कि इस पृथ्वी पर सबसे खतरनाक पशु कौन है तो आपके मन में शेर,बाघ, चीता जैसे अन्य पशुओं का विचार आएगा । लेकिन मेरे अनुसार इस पृथ्वी का सबसे खूंखार पशु मनुष्य है, मनुष्य ने इस ग्रह को जितनी क्षति पहुंचाई है शायद ही किसी अन्य पशु की पूरी प्रजाति ने मिलकर उतनी क्षति पहुंचाई होगी। आज मनुष्य सिर्फ अपना स्वार्थ देखता है इसके लिए वह सारी हदें पार करके प्रकृति पर विजय पाना चाहता है जबकि मनुष्य यह नहीं समझ रहा कि पृथ्वी केवल उसका घर नहीं बल्कि लाखों जीव जंतुओं का घर है लेकिन सब की परवाह किए बिना मनुष्य अंधाधुध जंगल काट व जला रहा है, जरूरत से कहीं ज्यादा शिकार कर रहा है, जीवाश्म इंधनों को बनने में लाखों साल लग जाते हैं यह जानते हुए भी उनके उपयोग में जरा भी कोताही नहीं बरती जा रही । ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों के प्रति भी लोगों की जागरूकता बड़ी है लेकिन फिर भी वैश्विक तापमान संकट( ग्लोबल वार्मिंग) कम होने के बजाय कई गुना तेजी से बढ़ रही है हमारी धरती पूर्ण रूप से बीमार हो चुकी है और ना जाने कितने लोगों को इसकी भनक तक नहीं है। कुछ वर्षों से कुछ बुद्धिजीवी लोगों द्वारा जगह-जगह पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं इससे प्रतिवर्ष लोगों में जागरूकता तो बढ़ रही है लेकिन पृथ्वी के स्वास्थ्य में कोई खास सुधार नहीं हो रहा बल्कि जागरूकता फैलाने के बावजूद भी दिन प्रतिदिन हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं । प्रतिवर्ष औसतन प्रति व्यक्ति प्लास्टिक की खपत में लगभग 2 से 3% की वृद्धि देखी जा रही है। पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक ऊर्जा की खपत में व प्रति व्यक्ति जीवाश्म ईंधन की खपत में प्रतिवर्ष लगभग दो प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रतिवर्ष औसतन 1-2 मिलियन पेड़ संपूर्ण विश्व में लगाए जा रहे हैं जबकि 15 बिलियन पेड़ प्रतिवर्ष काटे जा रहे हैं, परिणामस्वरूप पृथ्वी का औसत तापमान 0.06त्सेल्सियस प्रतिदशक की दर से बढ़ रहा है। मानव की इन्हीं गतिविधियों की वजह से मौसम चक्र में बदलाव,लू चलना, जल संकट ,अत्यधिक तापमान आदि घटनाएं सामने आ रही हैं ।वैश्विक स्तर पर लगभग 7 मिलियन लोग वायु प्रदूषण से संबंधित बीमारियों के कारण मरते हैं, विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व की 91% जनसंख्या ऐसी स्थान पर निवास कर रही है जहां की

वायु गुणवत्ता विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा निर्देशों से अधिक है वैश्विक स्तर पर 2.5 बिलियन लोगों को सुरक्षित पेयजल नहीं पहुंच रहा है, हर साल 8 मिलियन टन प्लास्टिक महासागरों में जाता है जो समुद्री जीवन को नुकसान पहुंचता है।

## कुकी क्रॉनिकल्स

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**दुनिया सदी दर स**दी गलत रही है। नहीं, हजारों सालों से! डॉक्टर, पोषण विशेषज्ञ, और वो माताएँ जो काले स्मूदी के गिलास पकड़कर हेल्थ के उपदेश देती थीं–सबके सब झूठे! कहते हैं सब्ज़ियाँ सेहत के लिए फायदेमंद हैं। फलों को प्रकृति की मिठाइ बताया गया। पर मैंने सच्चाई खोज निकाली है। स्वास्थ्य का असली राज छिपा है बिस्किट, चिप्स और कोल्ड ड्रिंक में। ये शुरूआत हुई जैसे हर महान क्रांति होती है–एक दिव्य प्रेरणा के साथ। मेरी प्रेरणा आई डिस्काउंट स्टोर से, जहाँ तेज लाइट्स के नीचे इंसानी जीवन के अस्तित्व की त्रिमूर्ति चमक रही थीः कुकीज, चिप्स और कोला। इनके पैकेट पर खुशी, संतोष, और रिवॉर्ड पॉइंट्स कमाने के वादे लिखे थे। मैंने सोचा, "जब पनीर पाउडर और हाई-फ्रक्टोज कॉर्न सिरप ने स्वाद का अविष्कार कर लिया है, तो सलाद में खटने की क्या जरूरत है?" इस तरह शुरू हुआ मेरा आहार-क्रांति का सफर।हर सुबह मेरी थाली में चॉकलेट चिप बिस्किट होते। वो भी दादी के हाथ के नहीं, जो गलती से उसमें किशमिश डाल देती हैं। ये तो वो कुकीज थीं, जिनका हर टुकड़ा कोला में डुबाने पर ऐसे टूटता था जैसे ब्रह्मांड की हर समस्या हल हो गई हो। दूध? वो तो गाय के बछड़े और कायरों के लिए होता है। शुगर जब मेरी नसों में दौड़ती, तो ऐसा लगता जैसे पूरे ब्रास बैंड ने मेरी रगों में परेड निकाल दी हो। हाथ थोड़े कांपते थे, लेकिन भला कीबोर्ड चलाने में स्थिर हाथों की क्या जरूरत? मेरे बॉस ने एक बार पूछा, "तुम्हारे रिपोट्र्स में 72 साइज के अक्षरों में डीकेएसएफजेडीकेएफजे क्यों लिखा है?" मैंने जवाब दिया, "मैं भविष्य की सेहत की क्रांति में व्यस्त हूँ।" उन्होंने कहा, "तुम्हें नौकरी से निकाल सकते हैं," लेकिन मैंने सुना, "तुम क्रांतिकारी हो।" अब बारी थी दोपहर की। दोपहर का खाना? वो एक रस्म थी। चिप्स के पैकेट मेरी टेबल पर ऐसे सजे होते जैसे प्राचीन ग्रंथ। हर क्रंच में एमएसजी और आलू के टुकड़े ऐसे गूंजते जैसे आत्मा को तृप्ति मिल रही हो। मेरी उंगलियाँ संतरे के पाउडर से चमक उठती थीं। नैपकिन का इस्तेमाल बंद कर दिया था।

## न्यूज फ्लैश

### श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल अस्पताल में मुफ्त शिविर 16 फरवरी को

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** राष्ट्र संत वाचनाचार्य श्री मनोहर मुनि जी महाराज की 77वीं दीक्षा जयन्ती पर इलाका निवासियों के लाभार्थ विशाल मुफ्त स्वास्थ्य शिविर 16 फरवरी को श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल हस्पताल, दरड कुराली चौक में सुबह साढ़े 9 से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें काफी सेवाएं निशुल्क रहेगी और सभी महंगी जांच 25 प्रतिशत छूट पर की जाएगी। जनरल मैडिसन, हड्डी जोड़ रोग, सामान्य तथा यूरोलोजी सर्जरी संबंधी परामर्श, नेत्र बाबत जांच, बाल रोग स्त्री रोग, हृदय, कान-नाक-गला, दांत, चमड़ी, आहार एवं पोषण परामर्श के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। हस्पताल के प्रतिष्ठित सेवारत डॉक्टरों के अलावा कार्डियोलोजिस्ट डा. रवनीश गुप्ता, ईएनटी सर्जन डा.गौरव भाम्बा, बाल रोग विशेषज्ञ डा. मोहित गुप्ता, महिला रोग विशेषज्ञ डा. दीपा जैन, सर्जन डा. कमल भूषण जैन, चमड़ी विशेषज्ञ डा. पल्लवी गोयल, डाईटिशियन डा. समीर अरोड़ा खासतौर पर अपनी सेवाएं देने और मरीजों को एक्सपर्ट परामर्श देने हेतु उपस्थित रहेंगे। जरूरतमंद रोगियों को विशेष छूट के साथ उपचार सुविधाएं दी जाएंगी। स्व.श्री लखपत राय-श्रीमति बिमला देवी जैन, नौलखा साबुन, दिल्ली परिवार शिविर का लाभ कर रहा है। इस मौके पर हरियाणा के सामाजिक न्याय, अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी, विधानसभा में मुख्य सचेतक रामकुमार कश्यप विधायक, एसके जैन (पुलिस महानिदेश-मानवाधिकार) मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। हस्पताल प्रबन्धन ने सभी से शिविर का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

### 17 फरवरी तक अवकाश को छोड़कर सभी कार्यदिवस में दाखिल हो सकेंगे नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि वीरवार को मेयर पद तथा निगम पार्षद के लिए कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि नगर निकाय चुनाव की घोषणा के अंतर्गत संबंधित नगर निकायों में आदर्श आचार संहिता लागू है। उन्होंने बताया कि करनाल नगर निगम के मेयर पद और सभी 20 वार्डों के पार्षद सदस्यों के चुनाव के लिए एडीसी यश जालुका को रिटर्निंग अधिकारी लगाया गया है। डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि मतदान 2 मार्च को करवाया जाएगा। वहीं मतगणना 12 मार्च को करवाई जाएगी। इसके बाद 19 फरवरी को ही चुनाव लडने.वाले प्रत्याशियों व मतदान केंद्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। वहीं 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी।

### नीलोखेड़ी नगरपालिका चुनावों के लिए और तरावड़ी नगर पालिका के वार्ड नंबर 5 के उपचुनाव के लिए नहीं हुआ नामांकन दाखिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नीलोखेड़ी के** एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि वीरवार को नीलोखेड़ी नगरपालिका चुनावों के लिए और तरावड़ी नगरपालिका के वार्ड नंबर 5 के उपचुनाव के लिए कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि मतदान 2 मार्च को करवाया जाएगा, वहीं मतगणना 12 मार्च को करवाई जाएगी। नगरपालिका चुनाव तथा तरावड़ी नगरपालिका के वार्ड नंबर 5 के लिए प्रत्याशी 17 फरवरी तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक राजपत्रित अवकाश को छोड़कर.सभी कार्यदिवस पर नामांकन दाखिल करवा सकेंगे। 18 फरवरी को नामांकन की जांच का कार्य किया जाएगा।

# प्राकृतिक खेती से रोजगार की संभावनाएं बढ़ रही: नवीन जिन्दल

## प्राकृतिक कृषि उत्पाद प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान लोगों के साथ अनुभव सांझा किये

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: सांसद नवीन** जिन्दल ने कहा कि रासायनिक खेती से हो रहे दुष्प्रभावों से बचने के लिए लोगों को प्राकृतिक खेती की ओर रुख करना होगा। प्राकृतिक खेती जहां किसानों के लिए लाभदायक है, वहीं इससे तैयार उत्पाद इंसानी शरीर के लिए भी बेहतर लाभदायक है। सांसद नवीन जिन्दल वेद विद्या शोध संस्थान पिपली द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती की द्वी जन्म शताब्दी वर्ष समापन समारोह के अवसर पर आयोजित प्राकृतिक कृषि उत्पाद प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कैंसर, शुगर, बीपी व हार्ट अटैक जैसी समस्याएं बढ़ गई हैं। प्रत्येक आयु वर्ग के



अधिकतर व्यक्ति इन समस्याओं से जूझ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, कुट्टू, रागी के अनाज को खानपान में शामिल किया जाए और इस अनाज को तैयार करने की विधि प्राकृतिक खेती हो। उन्होंने बताया कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र में भी प्राकृतिक खेती के लाभ और इसकी विधि बताने के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें कोई भी व्यक्ति अपना रजिस्ट्रेशन करा कर प्रशिक्षण हासिल कर सकता है। सांसद जिन्दल ने कहा कि रसायनिक खेती का दुष्प्रभाव जहां मानवीय शरीर पर हो रहा है वही पर्यावरण को भी इसका भारी नुकसान पहुंच रहा है। पेस्टिसाइड और यूरिया के प्रयोग से जमीन की ऊपरी परत बंजर हो रही है। मित्र कीट जहर के प्रभाव से नष्ट हो रहे हैं। जिसका उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने प्रदर्शनी में लगाए गए प्राकृतिक कृषि उत्पादों का बारीकी से अवलोकन किया तथा ऐसे किसानों की सराहना की जो इस दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं।प्राकृतिक खेती से मिट्टी का स्वास्थ्य बेहतर होता है। प्राकृतिक खेती से भूमि का जलस्तर बढ़ता है और जल की बचत होती है। इससे जैव विविधता की रक्षा होने के साथ किसानों की आय बढ़ती है। प्राकृतिक खेती से रोजगार पैदा होता है।

उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों को गंभीर बीमारियों से बचने के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाएं और स्वस्थ भारत के लक्ष्य में सरकार का सहयोग करें।

# धोखाधड़ी होने पर साइबर क्राइम रिपोर्टिंग हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करें

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन ) पुलिस अधीक्षक** लोकेंद्र सिंह ने साइबर अपराध पर जानकारी देते हुए बताया कि तकनीकी के इस युग में हर कोई मोबाइल कंप्यूटर से जुड़ा हुआ है। इंटरनेट की इस दुनिया में साइबर अपराधी भी तरह तरह हथकंडे अपनाकर लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी की वारदातों का अंजाम दे रहें है। कभी फेसबुक का फर्जी अकाउंट बनाकर, अकाउंट को हैक कर आपके परिचितों को बीमारी का बहाना बनाकर हॉस्पिटल में एडमीट होने की बात कहकर पैसों की डिमांड करते है। फेसबुक के माध्यम से फ्रेंड बनकर वॉट्सअप के माध्यम से वीडियों कॉल कर न्यूड वीडियों बना ब्लैकमेल करते है। इस प्रकार के साइबर अपराधियों से बच कर रहें। क्योंकि आज का युग रिकॉर्डिंग व स्क्रीन शार्ट का है अगर किसी से भी कोई बात करते हो तो सोच समझकर करें। अपने बैंक खाता की जानकारी किसी को भी मोबाइल के माध्यम सें न दें। किसी भी अंनजान व्यक्ति के



द्वारा की गई कॉल पर विश्वास न करें इसके साथ ही किसी संस्था बारे जानकारी लेने के लिए टोल फ्री नम्बर को गुगल पर सर्च न करें। संस्था से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए उसकी वेबसाइट पर जाएं। बहुत बार ऐसा होता है कि साइबर क्राइम के जरिए आपके बैंक खाते में से पैसे निकाल लिए जाते हैं, और हमे पता भी नहीं होता कि वह व्यक्ति कौन है। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा की साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत साइबर क्राइम रिपोर्टिंग हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करें या साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाएं। यहा

### बंद घर में नगदी व सोने की अंगूठियां चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला में कस्बा** तरावड़ी की अशोक विहार कॉलोनी में चोरी की वारदात सामने आई है। घर के मालिक शादी में गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके घर को निशाना बनाया। जब परिवार लौटा तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला और घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। जांच में पता चला कि अलमारी का लॉक भी टूटा था और उसमें रखी 30 हजार रुपए की नकदी और दो सोने की अंगूठियां गायब थीं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिकायतकर्ता गुरमीत कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वह और उनका परिवार पिछले 6-7 दिनों से पेहवा में एक रिश्तेदार की शादी में गए हुए थे।

# नशा मुक्ति का सन्देश पहुंचा रहे, किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: हरियाणा** राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रतिदिन साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए एक स्थान से दूसरे स्थान तक नशा मुक्ति का सन्देश पहुंचा रहे हैं। आज वे भारत कॉलेज ऑफ लॉ में पहुंचे और एक दिवसीय 416 वां जागरूकता कार्यक्रम किया जिसमें प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार के नेतृत्व में 162 विद्यार्थियों और 18 शिक्षकों आदि ने भाग लिया।

दूसरे 417 वें जागरूकता कार्यक्रम में भारत इंस्टिट्यूट



ऑफ फार्मेसी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेश बेनीवाल के नेतृत्व में 110 विद्यार्थियों और 10 शिक्षकों आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर परमजीत सिंह रहे। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे के प्रकार, आगम और दुष्परिणामों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और बताया कि हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए ब्यूरो प्रमुख ओपी सिंह साहब द्वारा बकेट चैलेंज के माध्यम से प्रत्येक वर्ग के लोगों को नशे से दूर रहने के लिए अभियान से जोड़ा जा रहा है जिसमें कोई भी व्यक्ति इस अभियान के साथ जुड़कर अपने जीवन से नशे को बाहर करने का संकल्प ले सकता है और अन्य लोगो को भी इस अभियान से जोड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कोई भी व्यक्ति हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं दे सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई। संस्थान की प्रधान प्रोफेसर कैलाशो सैनी ने ब्यूरो और डॉ. अशोक वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

### छात्र अपने राष्ट्र को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर सकते: राजेश कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एससीईआरटी** के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डबकौली कलां के प्रांगण में एक स्टेम मेले का आयोजन किया गया। मेले का मुख्य उद्देश्य छात्रों को ज्ञान, विज्ञान प्रौद्योगिकी एइंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में रुचि उत्पन्न करना और ज्ञान प्रदान करना था। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलसीरा के प्राचार्य राजेश कुमार ने विशेष तौर पर शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य विनोद कुमार ने की। राजेश कुमार ने कहा कि छात्रों को स्टेम के क्षेत्र में अपना करियर बनाने के लिए विज्ञान प्रौद्योगिकी व गणित जैसे विषयों में रुचि लेनी चाहिए। इस क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं, क्योंकि आगे आने वाला भविष्य एआई तकनीक का है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में करियर बनाकर छात्र अपने राष्ट्र को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने मेले का आयोजन करने वाले अध्यापकों का भी उत्साहवर्धन किया। इसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति दी।

यह कार्यक्रम विज्ञान अध्यापिका अंशुल व गणित प्राध्यापक विक्रमजीत की देखरेख में संपन्न हुआ।

# पीआरपीसी ने 2780 टीबी रोगियों को पोषण किट वितरित की

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**जिला** पानीपत एवं इसके आसपास के गांवों के टीबी रोगियों का निक्षय पोषण आहार सुनिश्चित करने हेतु इंडियनऑयल की पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत 13 फरवरी, 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ददलना में 2780 टीबी रोगियों को पोषण किट वितरित की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य अतिथि श्री एम एल




डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, (पीआरपीसी) ने तरुण कुमार बिसाई, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन), डॉ जयंत आहूजा, सिविल सर्जन, पानीपत, डॉ पवन , सीनियर मेडिकल ऑफिसर, ददलना, डॉ लाभ सिंह, डिस्ट्रिक्ट टीबी ऑफिसर, पानीपत की गरिमामयी उपस्थिति में पानीपत एवं इसके आसपास के गांवों के 2780 टीबी रोगियों को पोषण आहार किट प्रदान की। इस अवसर पर चरणजीत , सरपंच प्रतिनिधि, ददलना, दीपक राणा, चेरमेन ब्लॉक समिति एवं नैन पाल राणा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एम एल डहरिया ने अपने संबोधन में कहा कि पीआरपीसी इंडियनऑयल के मूल मूल्य "राष्ट्र- प्रथम" की अवधारणा के तहत आज इस नेक काम को किया है। इंडियनऑयल अपने अथक प्रयासों से न केवल देश को स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा प्रदान कर रहा है बल्कि अपने मूल मूल्यों के तहत कई तरह के समाज कल्याण के कार्य भी आगे बढ़कर कार्य कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि पीआरपीसी की इस निस्वार्थ सेवा के जरिए टीबी रोगियों को मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता अर्जित करने में सहायता प्राप्त होगी जिसके फलसवरूप उनको इस बीमारी से छुटकारा प्राप्त होगा। इस के द्वारा इन लोगों को आत्मनिर्भर बनने और साथ ही देश के समावेशी विकास के लिए उन्हें अपना योगदान देने में बहुत बड़ी सहायता मिलेगी।

# विभागीय अधिकारी नियमानुसार अप्रेंटिस के पद भरना करे सुनिश्चित: डा. रमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : नगराधीश डा. रमन** गुप्ता ने कहा कि सरकार के आदेशानुसार हर विभाग में अप्रेंटिस के पद भरे जाने है। इसलिए सभी विभाग नियमानुसार पदों की रिक्तियों की संख्या आईटीआई विभाग के पास भिजवाना सुनिश्चित करें। नगराधीश डा. रमन गुप्ता वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आईटीआई विभाग की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले आईटीआई के प्रधानाचार्य जगमोहन ने विभिन्न विभागों में आईटीआई के पदों के



बारे में विस्तृत रिपोर्ट दी और किन-किन विभागों में अप्रेंटिस के पद खाली है इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा सभी विभागों के अधिकारियों से आईटीआई अप्रेंटिस के लिए डिमांड भेजने के लिए कहा है। नगराधीश ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागाध्यक्ष अपने-अपने विभाग में कार्यरत एप्रिंटिस शिक्षु की हाजिरी व कॉन्ट्रैक्ट को पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

# नप चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों को मिलेगी बहुमत से जीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : पूर्व राज्यमंत्री** सुभाष सुधा ने कहा कि नगर परिषद चुनावों में भाजपा के प्रत्याशियों की भारी बहुमत से एक तरफा जीत होगी। इस कांग्रेस पार्टी का आने वाले समय में कोई नाम लेने वाला नहीं रहेगा। आज के दिन हर नेता भाजपा के साथ जुड़ना चाहता है, क्योंकि भाजपा ने हमेशा साफ व सुथरी राजनीति की है। इस पार्टी ने हमेशा सबका साथ-सबका विकास और हरियाणा एक हरियाणवी एक की नीति को आधार मानकर योजनाओं को धरातल पर लागू किया है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा वीरवार को देर सायं सेक्टर



7 आवास कार्यालय पर पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। इससे पहले गत देर सायं पूर्व पार्षद नरेन्द्र शर्मा निंदी के साथ दर्जनों कांग्रेस और विभिन्न दलों के कार्यकताओं, कांग्रेस के नेता नरेन्द्र कौशल, प्रतीक कौशल सहित दर्जनों नेताओं और कार्यकताओं ने कांग्रेस को अलविदा कह कर भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्य शैली से खुश होकर भाजपा पार्टी में पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व भाजपा के युवा नेता साहिल सुधा के नेतृत्व में शामिल हुए है। पूर्व पार्षदों और कांग्रेस नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों में आस्था रखते हुए और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्य शैली से प्रभावित होकर भाजपा में पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के नेतृत्व में शामिल हुए है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। इस संगठन की खास बात यह है कि हर छोटे और बड़े कार्यकर्ता और नेता को पूरा मान सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद थानेसर में 32 के 32 वार्डों में भाजपा के चिन्ह पर लडने.के लिए प्रत्याशियों की होड लगी हुई है। इन प्रत्याशियों ने भाजपा कार्यालय में संगठन द्वारा नियुक्त की गई चयन कमेटी के समक्ष चुनाव लडने.की इच्छा भी जाहिर की है। आज हर नेता भारतीय जनता पार्टी के साथ जुडक? शहर, प्रदेश और देश के विकास में अपना सहयोग देना चाहता है। ऐसे नेताओं को संगठन में पूरा तवज्जो दिया जाएगा और बकायदा पार्टी के हक में सोच रखने वाले व्यक्ति को जिम्मेवारी भी सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हमेशा थानेसर के विकास पर फोकस रखा है। इस सरकार के 10 सालों के कार्यकाल में थानेसर शहर के हर वार्ड में समान रूप से विकास कार्य करवाए है।

# बंद कैफे से सामान चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**सीआईए वन पुलिस** टीम ने जीटी रोड पर गांजबड़ गांव के नजदीक खोतपुरा मोड़ के पास स्थित बंद कैफे से सामान चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान अजय निवास सींक व गौरव निवासी कोहंड करनाल के रूप में हुई। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम ने बुधवार शाम को मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर पूंडरी गांव के समीप स्थित फैक्टरी के पास से आरोपी अजय निवासी सींक को काबू कर पूछताछ की तो उसने कोहंड निवासी अपने साथी आरोपी गौरव व एक अन्य



साथी आरोपी के साथ मिलकर 31 जनवरी की रात जीटी रोड पर गांजबड़ गांव के नजदीक खोतपुरा मोड़ के पास स्थित एक बंद कैफे से स्पीकर चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस ने इसके पश्चात आरोपी अजय की निशानदेही पर आरोपी गौरव को कोहंड से गिरफ्तार किया। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना सदर में अंकुश टांक निवासी सेक्टर 12 की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया वह दोनों व वारदात में शामिल फरार उनका साथी आरोपी एक साथ बैठकर शराब का पीते है। तीनों आरोपियों ने अपनी शराब की लत पूरी करने व खाने पीने का शौक पूरा करने के लिए मिलकर कैफे से स्पीकर चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के दो स्पीकर बरामद कर वीरवार को दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें 1 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से वारदात में शामिल फरार इनके साथी आरोपी के ठिकानों का पता लगा काबू करने, वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद करने व चोरी के बचे स्पीकर व एम्पलीफायर बरामद करने का प्रयास करेंगी। थाना सदर में अंकुश टांक पुत्र जोगिंद्र निवासी सेक्टर 12 ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था उसने जीटी रोड पर गांजबड़ गांव के नजदीक खोतपुरा मोड़ के पास स्थित जंगल सिएस्टा कैफे को लीज पर लिया हुआ है।

कैफे कुछ समय से बंद है। उसने 3 फरवरी को कैफे पर आकर सामान चैक किया तो 2 एम्पलीफायर व 6 स्पीकर नहीं मिले। अज्ञात चोर स्पीकर व एम्पलीफायर चोरी कर ले गए। थाना सदर में अंकुश की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की पहचान व धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

# 1984 सिख दंगो मे दोषी करार देने पर सिखों ने ली राहत की सांस: जगतार

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

**सुप्रीमकोर्ट द्वारा 1984 के** सिख दंगों मे कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को 41 साल बाद दोषी करार दिए जाने पर सिख समुदाय ने अदालत के फैसले का स्वागत किया है। समालखा गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष जगतार सिंह बिल्ला ने प्रैस को ब्यान जारी करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह के आदेश पर केन्द्र सरकार द्वारा 1984 के सिख कत्लेआम की फिर से जांच कराने के लिए एसआईटी गठित करने पर आभार व्यक्त किया तथा 41 साल बाद



सिख कत्लेआम के दूसरे केस मे सज्जन कुमार के खिलाफ आया फैसला काबिले तारीफ है उन्होंने सिख कत्लेआम के पीडितो को इंसाफ व दोषियो को सजा दिलाने के लिए दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रयासो की भी सराहना की। जगतार बिल्ला ने कहा कि आखिर लम्बे समय की जद्दोजहद के बाद सिख दंगों के सबसे बड़े आरोपी सज्जन कुमार को दोषी करार दे दिया गया।

नई दिल्ली, 14 फरवरी 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

## न्यूज फ्लैश

### थाना अम्बाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला सुरेन्द्र सिंह भोरिया के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में 12 फरवरी 2025 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी सौरभ निवासी रंगियों मण्डी नन्हेड़ा थाना पड़ाव जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में सम्बन्ध में शिकायतकर्ता साहिल कुमार निवासी अशोक नगर अम्बाला छावनी ने 03 फरवरी 2025 को थाना अम्बाला छावनी में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 31 जनवरी 2025 को निक्लसन रोड अम्बाला छावनी के पास से अज्ञात आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

### विद्यालय राजाखेड़ी में छात्राओं को स्वास्थ्य सखी अभियान के तहत जागरूक किया



पानीपत, ( कमाल हुसैन )
राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजाखेड़ी में छात्राओं को स्वास्थ्य सखी अभियान के तहत मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन के बारे में किया जागरूक मासिक धर्म प्रबंधन के बारे में शर्म और हिचक को मिटाना जरूरी - जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव मीनू जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं एमडीडी ऑफ इण्डिया का संयुक्त प्रयास जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व एमडीडी ऑफ इण्डिया संस्था तथा संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी के संयुक्त तत्वाधान में राजाखेड़ी के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को 'स्वास्थ्य सखी अभियान' के तहत जागरूक किया गया। एमडीडी ऑफ इण्डिया की सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता पायल ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि मासिक धर्म के दौरान साफ सफाई रखना बहुत जरूरी है। छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान सैनेटरी नेपकिन का इस्तेमाल करना चाहिए। इस्तेमाल के बाद सेनेटरी नेपकिन को खुले में नहीं फेंकना चाहिए बल्कि इसे किसी पेपर में लपेट कर जला दें।

# समस्याओं के निदान का सशक्त माध्यम है समाधान शिविर: उपायुक्त

## विश्वसनीयता के साथ एक जिम्मेदार का फर्ज निभा कर समस्याओं का करें निर्वहन: एडीसी डॉ.पंकज

**शिविर**

**जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का लगातार आयोजन हो रहा है**



टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने प्रदेश के हर वर्ग की सुध लेकर उनकी तकलीफों को समझ कर उन पर प्रशासन द्वारा संज्ञान लेने के निर्देशों पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री का मानना है कि जब तक लोगों की समस्याएं रहेंगी वो सशक्त कैसे हो सकते है। अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना सरकार का उद्देश्य है। इसी कड़ी के तहत जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का लगातार आयोजन हो रहा है।

उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने वीरवार को जिला सचिवालय के सभागार में जनता समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि समाधान शिविर जनता की समस्याओं के निदान का सशक्त माध्यम है। इसका फायदा आम जन को अधिकारियों की मेहनत से निरंतर मिल रहा है। समाधान शिविर में जो समस्या एक बार पहुंच जाती है उसका निश्चित रूप से समाधान होना तय है।

उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों को मन व लगन से समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का निदान करना चाहिए। ये समाधान शिविर शासन व प्रशासन द्वारा जन कल्याण के लिए लगाये जा रहे है ये समाधान शिविर हर प्रकार के भेदभाव से दूर है व सबका लक्ष्य व उद्देश्य जनता को राहत प्रदान करना और उनकी समस्याओं का कम से कम समय में समाधान करना है।

उपायुक्त ने कहा कि हर अधिकारी जो दो घंटे इन समस्याओं के निदान को लेकर समाधान शिविर में अपनी योग्यता का लोहा मनवाते है उससे जनता का और विश्वास बढ़ा है। यही कारण है कि शिविर में समस्याओं को लेकर पहुंचने वालों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

उपायुक्त ने कहा कि फैमली आईडी में आय कम करवाने से संबंधित आने वाली समस्याओं को और गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। पैंशन से संबंधित मामलों पर भी संबंधित विभाग के अधिकारियों को और ध्यान देना होगा। बिजली विभाग में बिजली से संबंधित आ रही समस्याओं पर भी और गंभीर होने की आवश्यकता है।

पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने बताया कि जनता का हम पर भरोसा ही हमारी जीत है। जिस भरोसे के साथ नागरिक समाधान शिविर में अपनी समस्याओं के निदान के लिए आते है उनकी समस्याओं पर विभाग के अधिकारी संज्ञान ले रहे है। उनकी कठोर मेहनत का लाभ शिकायतकर्ताओं को निश्चित रूप से मिल रहा है।

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज ने बताया कि अधिकारी समाधान शिविर के लिए निर्धारित किये गए इन दो घंटो में शिविर में आने वाली समस्याओं को लेकर किसी भी तरह की कोताही न बरतें। शिविर में विश्वसनीयता के साथ एक जिम्मेदार अधिकारी का फर्ज निभा कर समस्याओं का निर्वहन करें।

## युवाओं को राष्ट्र निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी: डॉ. वीरेन्द्र



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र:** एनएसएस यूटीडी इकाई तीन द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेंद्र पाल ने कहा कि युवाओं को समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने स्तर पर कुछ न कुछ करना चाहिए, जैसे कि घर से बाहर निकलते समय लाइट बंद करना, कूड़ा-कचरा न फैलाना, और पेड़ लगाना। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य युवाओं पर निर्भर है इसलिए, युवाओं को समाज की भलाई एवं मानवता कल्याण कार्यों में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और एनएसएस के गीत के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल को स्मृति चिन्ह और शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि नरकातारी गाँव के सरपंच, मास्टर मेहर सिंह ने सात दिवसीय शिविर की सराहना की तथा स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें एक हरियाणवी नर्तक एवं हिमाचली नृत्य की प्रस्तुति हुई। समापन समारोह में सात दिवसीय शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सर्वश्रेष्ठ नर्तक, सर्वश्रेष्ठ वक्ता, सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी और सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक के पुरस्कार दिए गए।

**भागीदारी**

**घर से बाहर निकलते समय लाइट बंद करना, कूड़ा-कचरा न फैलाना, और पेड़ लगाना**

## विदेश भेजने वाले अनाधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों से रहें सावधान

टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** शिक्षा, रोजगार व अन्य उद्देश्यों के लिए विदेश भेजने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने वाले अनाधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों से सावधान रहने की जरूरत है। लोगों को चाहिए कि वे सरकार की ओर से अधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों से ही विदेश जाने के लिए संपर्क करें और अच्छी तरह से पूछताछ कर लें। हरियाणा सरकार कबूतरबाजी को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की ओर से कबूतरबाजों से बचने के लिए जनहित में टोल फ्री नंबर 8053003400 जारी किया गया है। उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार इस बारे लोगों को जागरूक एवं सावधान किया जाता है। प्रायः देखने में आता है कि विदेश भेजने के नाम पर लोगों से पैसे ठगने वाले एजेंट पंजीकृत नहीं होते हैं। इसलिए ऐसे एजेंटों से आमजन को सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे नकली या अनाधिकृत एजेंट विभिन्न प्रचार माध्यमों में अपना विज्ञापन प्रकाशित व प्रसारित करवाते हैं, जिससे आमजन उनके झांसे में आकर अपनी मेहनत की कमाई, अन्य संपत्ति या गहने इत्यादि गंवा बैठते हैं।

## शिव की प्रतिमा शिवलिंग के रूप में पाई जाती है: शैली दीदी

**आध्यात्मिक**

**रामेश्वर के स्थान पर श्रीराम ने तथा वृन्दावन में गोपेश्वर के स्थान पर श्रीकृष्ण ने भी शिव का पूजन किया था**




टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला:** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम, 36-37, दयाल बाग द्वारा आगामी महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में टोबा गाँव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि भारत के कोने-कोने में शिव के लाखों मंदिर हैं जिनमें शिव की प्रतिमा शिवलिंग के रूप में पाई जाती है। कहा जाता है कि दक्षिण भारत तमिलनाडु में रामेश्वर के स्थान पर श्रीराम ने तथा वृन्दावन में गोपेश्वर के स्थान पर श्रीकृष्ण ने भी शिव का पूजन किया था। यह वृतान्त भी इस सत्यता के द्योतक हैं कि शिव ही देवों के देव एवं श्रीराम और श्रीकृष्ण के भी परमपिता परमात्मा हैं। शिव की प्रतिमा का शिवलिंग के रूप में दिखाया जाना सिद्ध करता है कि परमात्मा निराकार है जिसका देवी-देवताओं जैसा कोई साकार पुल्लिंग अथवा स्त्रीलिंग का स्वरूप नहीं वरन् ज्योतिर्लिंग निराकार स्वरूप है। ब्रह्मा, विष्णु एवं शंकर तीन सूक्ष्म व आकारी देवताओं के भी रचयिता होने के कारण निराकार परमात्मा शिव को 'त्रिमूर्ति' भी कहते हैं। शिवलिंग पर जो तीन लकीरें वाली त्रिपुण्डी होती है वह शिव परमात्मा के त्रिमूर्ति, त्रिनेत्री, त्रिकालदर्शी एवं त्रिलोकीनाथ होने का प्रतीक है। शिव को 'शम्भू' अर्थात? ह्रस्वयं भू' तथा ह्रसदाशिव' भी कहा जाता है जिसका अर्थ है कि शिव ही परमात्मा हैं जिसका कोई रचयिता नहीं। हमारे देश में शिवरात्रि का पर्व हर वर्ष मनाया जाता है। इस दिन शिवभक्त, शिव मंदिरों में जाकर शिवलिंग पर लोटी, बेल-पत्र आदि चढ़ाते, पूजन करते, उपवास करते तथा रात्रि को जागरण करते हैं। शिवरात्रि को सार्थक बनाने के लिए यह जानना अति आवश्यक है कि शिव कौन हैं तथा उनकी रात्रि क्यों मनाते हैं? परमात्मा शिव के ऊपर बेल-पत्र चढ़ाना, उपवास तथा रात्रि जागरण करना एक विशेष कर्म की ओर इंगित करता है जो कर्मकाण्ड मनुष्यों द्वारा किये जाते हैं।

# वन्य जीव अवैध व्यापार व शिकार में संलिप्त आरोपी काबू

**शिकंजा**

**अपराधी की लोकेशन टीम को प्राप्त हुई जिस पर दोनों टीमों ने मिलकर अपराधी को काबू किया**



टीम एक्शन इंडिया
**सोनीपत:** वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो दिल्ली व राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा करीब 2:30 बजे दोपहर सूचना मिली कि अकबरपुर बरोटा गांव में एक संदिग्ध व्यक्ति मौजूद है जो वन्य जीव अवैध व्यापार व शिकार में संलिप्त है। उसको गिरफ्तार करने में वन विभाग सोनीपत से मदद मांगी गई जिस पर श्रीमती रेणु बाला भारतीय वन सेवा के द्वारा तुरंत प्रभाव से टीम का गठन किया गया। जिसमें नरेश कुमार उप वन राजिक अध्यक्ष व विशाल वन दरोगा, अरुण वनरक्षक, विजय वनरक्षक को सदस्य व मंगिराम वाहन चालक को नियुक्त किया गया। मौके की गंभीरता को देखकर श्री नरेश कुमार द्वारा बिना समय नष्ट किया टीम को एकत्रित करके व साथ में वन्य अपराध ब्यूरो के सदस्य को लेकर संदिग्ध को पकड़ने के लिए योजना बनाई। योजना के अनुसार टीम को दो हिस्सों में बांटा गया एक टीम को गांव के बाहर रोका गया वह दूसरी टीम द्वारा गांव में रेकी की गई। कुछ समय बाद करीब 4:30 बजे अपराधी की लोकेशन टीम को प्राप्त हुई जिस पर दोनों टीमों ने मिलकर अपराधी को काबू किया पूछताछ करने पर सूचना अनुसार संदिग्ध से मिलान किया गया जो सही पाई गई। वन विभाग सोनीपत के पास बंदीगृह ना होने के कारण संदीप को सदर थाना सोनीपत में रखा गया जिसकी सूचना ग्राम सरपंच व परिवारजन को दे दी गई अगले दिन सुबह को महाराष्ट्र वन विभाग की टीम सोनीपत पहुंची।

## 4 मामलों में कमेटी ने 4 लाख 20 हजार की आर्थिक सहायता की मंजूर: उपायुक्त



टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
जिला सचिवालय में स्थित सभागार में वीरवार को उपायुक्त एवं कमेटी चेयरमैन डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने निगम के अंतर्गत पशुओं व आवारा कुत्तों द्वारा काटे जाने वाले जिले को नागरिकों को एक महत्वपूर्ण बैठक के तहत आर्थिक मदद प्रदान की गई। इसमें चार मामलों को लेकर उपायुक्त ने 4 लाख 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा कई ऐसी योजनाएं क्रियान्वित की गई है जो उन लोगों को राहत प्रदान करती है। जो किसी कारण से आवारा पशुओं द्वारा क्षति ग्रस्त हो जाते है व बाद जिनकी मौत हो जाती है। आवारा कुत्ते भी नागरिकों को काट लेते है। ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा दुर्घटना ग्रस्त लोगों को आर्थिक मदद प्रदान की जाती है।

उपायुक्त ने बताया कि आवारा पशुओं द्वारा संजय मेहता की पत्नी की आवारा पशुओं द्वारा बुरी तरह से क्षति ग्रस्त करने से मौत हो गई थी। उन्हें इस पर आर्थिक रूप से 2 लाख रुपए की सहायता प्रदान की गई।

### भीख मांगने वाले पांच बच्चों का किया रेस्क्यू

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
आरोही मॉडल सी0 से0 स्कूल, छाजपुर कलाँ में छठी, नौवी व ग्यारहवीं की कक्षाओं में प्रवेश हेतु 23 फरवरी को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्य हेमलता बाल्यान ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक छात्र 17 फरवरी तक स्कूल में आकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्णा खत्री जी ने सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के छात्रों से अनुरोध किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रवेश परीक्षा में भाग लें। जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने बताया कि सभी छात्रों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है।

## कुवि कुलपति को मिला आउटस्टैंडिंग वाइस चांसलर ऑफ इंडिया अवार्ड



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र,:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा को आउटस्टैंडिंग वाइस चांसलर ऑफ इंडिया अवार्ड मिला है। 12 फरवरी 2025 को नई दिल्ली में इंडियन एजुकेशन नेटवर्क द्वारा आयोजित 14वें इंडिया एजुकेशन समिट में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, नेतृत्व और अनुसंधान में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए आउटस्टैंडिंग वाइस चांसलर ऑफ इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया। अवार्ड प्राप्त करने पर कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं है, बल्कि पूरे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिवार की मेहनत और प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा से अनुसंधान, नवाचार और उच्च शिक्षा के सतत विकास के लिए प्रयासरत रहा है और यह सम्मान इस दिशा में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत अपने सभी पाठ्यक्रमों में स्किलिंग, उद्यमिता और नवाचार को एकीकृत कर दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य अधिकतम रोजगार सृजन करना और भारत को 2047 तक एक ज्ञान-आधारित समाज के रूप में विकसित करना है। इस उपलब्धि पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों में अत्यधिक हर्ष और गर्व की भावना है।

**सम्मान**

**यह पुरस्कार केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं है, विश्वविद्यालय परिवार की मेहनत और प्रतिबद्धता का परिणाम है**

## खुद अपनी परीक्षा लेने के लिए इंसान को अपने अंदर झांकना पड़ता है: मलिक

**सम्मेलन**

**अंतर्दर्शन या आत्म-चेतना मनोविज्ञान की एक पद्धति है, इसका उद्देश्य मानसिक प्रक्रियाओं का स्वयं अध्ययन करके उनकी व्याख्या करना है**



टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
जिसने भी खुद पर ध्यान केंद्रित किया, लक्ष्य पर निगाहें को टिकाकर रखा उसी ने इतिहास रचा है। दुनिया में आपको कोई भी हरा नहीं सकता अगर आपने खुद के मन को साध लिया है, खुद पर विजय पा ली है। उक्त बातें आज हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की महत्वाकांक्षी राज्य परियोजना के तहत मतलौडा खंड के गांव अटावला स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु पानीपत जिले के तीसरे तथा राज्य के 180वें बाल सलाह, परामर्श व कल्याण केंद्र की स्थापना करते हुए मुख्य अतिथि मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कहीं।

इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा खुद को परखने का सही समय विषय पर आयोजित सेमिनार में उपस्थित किशोरावस्था के विद्यार्थियों व उनके शिक्षक को संबोधित करते हुए अनिल मलिक ने कहा कि खुद को परखने, खुद अपनी परीक्षा लेने के लिए इंसान को अपने अंदर झांकना पड़ता है। अंर्तदर्शन या आत्म-चेतना मनोविज्ञान की एक पद्धति है, इसका उद्देश्य मानसिक प्रक्रियाओं का स्वयं अध्ययन करके उनकी व्याख्या करना है। विद्यार्थी जीवन ऐसा समय है जब आप अपने जीवन की बुनियाद तैयार करते हैं। पाठ्य-पुस्तकें, उदाहरण, प्रेक्टिकल अनुभव, कक्षा में ध्यान लगाना, लिखना, पढना, सुनना, दोहराना निरन्तर जीवन भर काम आता है। यूं तो मानव जीवन में तनाव बना ही रहता है लेकिन उच्च स्तर का नकारात्मक तनाव नहीं बढना चाहिए। परीक्षा का समय ज्यादा तनाव देने वाला होता है, जरूरत उत्पन्न हो रहे तनाव की असली वजह समझने की है। अनावश्यक रूप से परीक्षा की तैयारी में देरी बहुत बड़ा कारण होता है। उत्पन्न हो रहे तनाव प्रबंधन के लिए जरूरी है कि निरंतर एक अच्छा स्टडी शेड्यूल बनाकर, जरूरत अनुसार उपयोगी ब्रेक लेते, शांत रहते हुए, डिजिटल उपभोगिता से दूर रहते हुए परीक्षा तनाव को बेहतर तरीके से प्रबंधित किया जा सकता है। विद्यार्थी जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण है कौवे की तरह सभी ओर दृष्टि बनाए रखें, निरीक्षण क्षमता बढ़ाए, बगुले की तरह ध्यान केंद्रित करें और शवान की तरह निद्रा लें। पौष्टिक आहार, पढ़ाई लिखाई के लिए दोस्तों, शादी समारोह आदि का मोह त्यागना होगा। एक समय में एक काम करें, बाकी सब भूलकर इस पर पूरा ध्यान केंद्रित करें।

## महिलाओं को उच्च शिक्षा ऋण पर दी जा रही पांच प्रतिशत की सब्सिडी: डीसी

टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**सीमित** साधनों, अत्यधिक फीस और बैंकों के शिक्षा ऋण पर ब्याज के भार के कारण व्यावसायिक शिक्षा, तकनीकी डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर व चिकित्सा शिक्षा आदि प्राप्त करने से वंचित रहने वाली छात्राओं के शिक्षा के लक्ष्य को सुगम करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा सार्थक प्रयास निरंतर जारी हैं। इसी क्रम में हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा छात्राओं पर शिक्षा ऋण के भार को कम करने के लिए पांच प्रतिशत ब्याज राशि बतौर सब्सिडी दी जा रही है। डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि उपरोक्त योजना के तहत हरियाणा मूल की छात्राएं एवं हरियाणा सरकार में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों की बेटियां और पत्नी पात्र होंगी हैं जो देश-विदेश में कहीं पर भी शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। उन्होंने बताया कि ऋण बैंक की उच्च शिक्षा स्कीम के अनुसार ही दिया जाएगा। इसमें प्रत्येक हरियाणा निवासी महिला व लडकी ऋण की पात्र है। शिक्षा के लिए आमदनी, जाति एवं सम्प्रदाय मापदंड नहीं है। डीसी ने बताया कि बैंक अगर 9.25 प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण देते हैं तो छात्राओं को अपनी जेब से सिर्फ 4.25 प्रतिशत ब्याज देना होगा। इसके साथ ही पांच प्रतिशत राशि महिला विकास निगम चुकाएगा।

उन्होंने योजना से जुड़ी अन्य जानकारी देते हुए बताया कि ऋण के लिए आवेदन पत्र सम्बन्धित बैंक से लेकर उसमें वर्णित सभी औपचारिकताएं पूरी करके उसी बैंक में जमा करवाना है तथा आवेदन पत्र की एक प्रतिलिपि महिला विकास निगम के संबंधित जिले में जिला प्रबंधक के पास देनी होगी।

ऋण स्वीकृत होने के बाद बैंक स्वीकृत पत्र की एक प्रति सम्बन्धित जिला प्रबंधक के पास भेजनी होगी। जिसमें दिनांक व ऋण की राशि स्पष्ट रूप से अंकित होनी चाहिए।

# राज्य स्तरीय युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता में रा. वरि. मा. विद्यालय किरमच प्रथम स्थान पर रहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :आज राज्य** स्तरीय "युवा ग्राम पंचायत" प्रतियोगिता का परीक्षा परिणाम जारी हुआ । इस प्रतियोगिता का यह परिणाम एन.सी.ई.आर.टी. गुड़गांव द्वारा जारी किया गया है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किरमच, ब्लॉक थानेसर, जिला कुरूक्षेत्र ने राज्य स्तर की इस प्रतियोगिता में 29 जनवरी, 2025 को भाग लिया था जिसमें श्री नरेंद्र मान, राजनीति शास्त्र प्राध्यापक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिथाना,श्री मनोज कुमार, एसिस्टेंट प्रोफेसर



डाइट शाहपुर और श्री जयदीप जागलान, एसोसिएट प्रोफेसर डाइट शाहपुर ने जज की भूमिका निभाई थी। यह प्रतियोगिता कुल सौ अंक की थी जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किरमच, जिला कुरुक्षेत्र ने 82 अंक प्राप्त करके पूरे हरियाणा राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती कुसुम लता ने सबसे पहले गांव के सरपंच श्री रणवीर सिंह बुरा और ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया जिन्होंने तीन बार इस कार्यक्रम का सफल आयोजन कराने में हर संभव मदद की।
उन्होंने सभी विद्यार्थियों को, सभी शिक्षकों को भी हार्दिक बधाइयां दी और उन्होंने कामना की की यह विद्यालय ऐसे ही दिन दुगनी रात चौगुनी उन्नति करता रहे । इस अवसर पर प्रधानाचार्या जी ने डाइट पलवल के सीनियर लेक्चरर श्री विद्याधन जी, डाइट पलवल के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ राजेंद्र कुमार और राजनीति शास्त्र के प्राध्यापक श्री राजेश कुमार जी का विशेष आभार प्रकट किया जिन्होंने समय-समय पर आकर के इस कार्यक्रम का निरीक्षण किया और उसमें अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।
उन्होंने यह भी बताया कि दिनांक 21 फरवरी, 2025 को "युवा ग्राम पंचायत" कार्यक्रम में भाग लेने वाले इस विद्यालय के प्रतिभागी विद्यार्थियों को और इस कार्यक्रम को तैयार करने वाले तीनों शिक्षकों श्री ज्ञान सिंह, राजनीति शास्त्र प्राध्यापक, डॉक्टर पवन कुमार यादव, हिंदी प्राध्यापक तथा श्रीमती वंदना, अर्थशास्त्र प्राध्यापिका को एन.सी.ई.आर.टी. गुड़गांव द्वारा बुलाया गया है ताकि इन सभी को सम्मानित किया जा सके ।

# गीता विद्यालय के समर्पण कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने किया समर्पण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : आज श्रीमद्** भागवत गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में पूर्व छात्रों के द्वारा सरस्वती पूजन एवं समर्पण कार्यक्रम किया गया जिसमें पूर्व छात्रों ने सर्वप्रथम दीप ज्योति मंत्र के द्वारा दीपक जलाकर स्तुति की तत्पश्चात उन्होंने अपनी पुरानी यादें सांझा की और अपने-अपने अनुभव सभी पूर्व छात्रों ने प्रबंध समिति व विद्यालय के प्राचार्य अनिल मदन के सामने व्याख्यान किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अनिल मदान व प्रबंधक वीरेंद्र वालिया, कोषाध्यक्ष रमेश गुलाटी, प्रबंध समिति के सदस्य जंग बहादुर सिंगल ने सभी पूर्व छात्रों को अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित किया तत्पश्चात सभी



पूर्व छात्रों ने अपना समर्पण मां शारदा के सम्मुख कलश में डालकर किया ।
कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल मदान ने अपने उद्बोधन में बताया कि विद्या भारती किस हेतु इस प्रकार के समर्पण कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष करती है उन्होंने कहा विद्या भारती द्वारा गरीब छात्रों के लिए एकल विद्यालय व संस्कार केंद्र चलाए जाते हैं जिसमें उन्हें शिक्षा खान-पान रहना आदि की व्यवस्था विद्या भारती के द्वारा की जाती है इस हेतु यह समर्पण कार्यक्रम किए जाते हैं और इस धनराशि का सदुपयोग किया जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### 15 फरवरी को ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम का राष्ट्रीय सम्मेलन: एडवोकेट अंकित गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :ऑल इंडिया लॉयर्स** फौरम के प्रदेश महासचिव, एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा, ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम द्वारा 15 फरवरी को फरीदाबाद में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सेमिनार में सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के न्यायाधीश, माननीय श्री जस्टिस राजेश बिंदल, मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि "हमें माननीय श्री जस्टिस राजेश बिंदल के साथ इस सम्मेलन को आयोजित करने का अवसर मिला है, जो कि कानूनी पेशेवरों और छात्रों के लिए बहुत प्रासंगिक होगा।" काबिले गौर है कि ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम एक प्रमुख संगठन है जो कानूनी पेशेवरों के हितों की रक्षा और प्रोत्साहन के लिए काम करता है।

### संत गुरु रविदास जी की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**बुधवार को संत शिरोमणि गुरु** रविदास की जयंती पर विधायक पवन खरखौदा खरखौदा महंत श्री श्री 1008 मोनी दास द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर पुष्प अर्पित किए और ग्रामवासियों को संबोधित किया। गुरु रविदास ने अपने उपदेशों से समाज को प्रेम, समानता और भक्ति का मार्ग दिखाया। उनके आदर्श हमें सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने संत परंपरा के महान योगी और परम ज्ञानी, गुरु रविदास जी की जयंती पर शत-शत नमन किया।

### राजीव जैन ने दी संत शिरोमणि गुरू रविदास की 648वीं जयंती की बधाई

**सोनीपत। मुख्यमंत्री जी** के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने लाल दरवाजा स्थित गुरू रविदास मंदिर परिसर में संत शिरोमणि गुरू रविदास जी की 648वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की और कहा की गुरू रविदास को संतो में शिरोमणि का दर्जा दिया गया है, जिन्होंने मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश दिया। ऐसे विरले संत सदैव पूजनीय रहेंगे, जिनकी शिक्षाएं व संदेश युगों-युगों तक मानव का पथप्रदर्शन करेंगे। राजीव जैन ने श्याम नगर, लाल दरवाजा (जटवाड़ा), गांव लहराड़ा में आयोजित कार्यकर्मो में भी भाग लिया और कहा कि अगर हमारी आत्मा और हृदय शुद्ध है तो हम पूरी तरह से पवित्र है। आपसी सौहार्द व भाईचारे का संदेश देते हुए संत रविदास ने समाज को नई दिशा देने का काम किया। उन्होंने कहा कि संत गुरू रविदास जी ने उस समय सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका सम्पूर्ण जीवन सदाचार, सादगी और कर्मयोग का संदेश देता है।

### समालखा को स्वच्छ शहर बनाने को नगर पालिका ने गठित की स्वच्छता कमेटी,हेल्पलाइन नंबर भी जारी

**समालखा ( कुलदीप सिंह ) समालखा** नगर पालिका द्वारा शहर की साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए स्वच्छता अभियान चलाने का फैसला किया गया है इसके लिए बाकायदा सफाई निरीक्षक विकास के नेतृत्व मे एक छः सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। पालिका सचिव मनीष शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता से संबंधित शिकायतें जैसे वार्डों में झाड़ू न लगाना, बाजार व सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकना जैसी शिकायते नियमित रूप से प्राप्त हो रही हैं, जिन पर तत्काल कार्रवाई करने हेतू सफाई निरीक्षक विकास की अगुवाई मे एक टीम गठित की गई है जो स्वच्छता संबंधी शिकायतों से संबंधित समस्या का समाधान करने तथा सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वाले नागरिकों का चालान काटेगी।इस टीम मे सफाई निरीक्षक विकास के अलावा नगर पालिका मे बतौर ट्रेक्टर चालक आजाद सिंह व सफाई कर्मचारी बलबीर सिंह,संदीप,पुनीत व परवीन को शामिल किया गया है।

# मुफ्त बिजली योजना के बारे में बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**वीरवार को अतिरिक्त** उपायुक्त डॉ. पंकज यादव की अध्यक्षता में जिला सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना के बारे में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बिजली विभाग के अधीक्षक अभियंता धर्म सिंह सुहाग, आदित्य कुंडू, कार्यकारी अभियंता बिजली विभाग, कंचन लता, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् पानीपत, राजेश हुड्डा, परियोजना अधिकारी, राजकुमार, एलडीएम पानीपत तथा लोकेश नागरू प्राइवेट सदस्य ने भाग लिया। जिले का कोई भी नागरिक उक्त योजना का लाभ



लेने के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकता है या बिजली विभाग के अधीक्षक अभियंता, के कार्यालय में जाकर जानकारी व आवेदन कर सकता है। एलडीएम पानीपत ने बताया कि गरीब आदमियों को सोलर पैनल लगवाने के लिए बैंक लोन भी उपलब्ध करवाएगा। कंचन लता, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् पानीपत जिला के सभी सरपंचों को उक्त योजना के बारे में अवगत करवाएंगे तथा सभी गांवो में मुनादी करवाएंगे। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा यह भी चाहा गया कि 5000 आबादी से अधिक वाले गाँव में सोलर प्लॉट लगाने पर ध्यान केन्द्रित किया जाए ताकि भविष्य में इन गाँव में से मॉडल सोलर विलेज चुना जा सके। चुने गए मौडल सोलर विलेज को सरकार की तरफ से एक करोड रुपए की वितिय सहायता प्रदान की जाएगी और उस राशि से गांव में ओर सोलर परियोजनाएं भी लगाई जाएगी।
एडीसी डॉ पंकज यादव ने बताया कि घरों पर सोलर रूफटोप सिस्टम लगवाने के लिए भारत सरकार द्वारा अधिकतम 78 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। यह सब्सिडी पहले 1 करोड़ घरेलू आवेदकों को दी जाएगी। पहले दो किलोवाट तक 30 घर रुपये प्रति किलोवॉट के हिसाब से 60 हजार रुपये तक सब्सिडी दी जा रही है।

# पेंचक सिलाट प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय** जौरासी रोड समालखा की 11वीं कक्षा की नॉन मेडिकल की छात्रा कोमल ने मार्शल आर्ट खेलों से संबंधित पेंचक सिलाट प्रतियोगिता जो कि आगरा में आयोजित हुई थी,उसमे शानदार दमखम दिखाते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर-केअपने स्कूल तथा जिले का नाम रोशन किया।स्कूल पहुँचने पर प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा,प्राचार्या डाक्टर अभिलाषा व प्राध्यापक जितेन्द्र उत्तम ने विजेता खिलाड़ी कोमल का जीतने पर भव्य स्वागत किया।

# समाधान शिविर में 23 समस्याओं का मौके पर किया गया समाधानः कृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जिला परिषद** की डिप्टी सीईओ कृष्ण लाल ने कहा कि समाधान शिविर में अलग-अलग विभागों से सम्बन्धित 31 समस्याओं को रखा गया था। इनमें से 23 समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया है। डिप्टी सीईओ कृष्ण लाल वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में लगाए गए समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इससे पहले डिप्टी सीईओ कृष्ण लाल ने क्रिड की 30 और अन्य विभाग से सम्बन्धित 1 समस्या को सुना और इनमें से क्रिड विभाग की 23 समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया है। इस शिविर में जो समस्याएं लम्बित रह गई है उन समस्याओं का निवारण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का सुनने और उनका मौके पर समाधान करने के उद्देश्य से ही नियमित रूप से सोमवार से शुक्रवार कार्य दिवस पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का अधिक से अधिक नागरिकों को फायदा उठाना चाहिए। जब नागरिक शिविर में पहुंचेंगे और उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान होगा तभी सरकार का उद्देश्य पूरा होगा।

# हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम के विद्यार्थियों ने आईआईटी जेईई मेंस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : इस कार्यक्रम के** तहत 10 विद्यार्थियों ने आईआईटी जेईई मेंस परीक्षा में 99 से अधिक परसेंटाइल प्राप्त किया है। सुपर 100 केंद्र बारना में पढ़ रहे आदित्य ने 99.91, रवींद्र ने 99.87, मुस्कान ने 99.84, तनिष ने। 99.81, विशेष यादव ने 99.56, रोहित ने 99.44, सुफता परवीन ने 99.35, योगेश ने 99.31, विवेक ने 99.19 तथा दीपेंद्र ने 99.17 परसेंटाइल प्राप्त कर देश भर में हरियाणा का नाम रोशन किया। जिला विज्ञान विशेषज्ञ तथा नोडल अधिकारी सुपर 100 कार्यक्रम डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम हरियाणा शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य ग्रामीण परिवेश में पढ़ रहे विद्यार्थियों को निजी विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के समान अवसर प्रदान करना तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करना है। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि जिला कुरुक्षेत्र के भी 6 विद्यार्थियों पलक ने 94.28, पारस ने 91.8, उज्ज्वल ने 88.68, आशीष ने 87.87, पंकज ने 86.79 तथा अमिता ने 85.96 परसेंटाइल हासिल कर जिला कुरुक्षेत्र का नाम रोशन किया। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि शिक्षा विभाग हरियाणा के सहयोग से हरियाणा सुपर 100 कुरुक्षेत्र में लगभग 640 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिन्हें विकल्प संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष नवीन मिश्रा के मार्गदर्शन में प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताओं जैसे आईआईटी जेईई मेंस परीक्षा तथा नीट की तैयारी करवाई जाती है। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि आईआईटी जेईई मेंस परीक्षा में 16 विद्यार्थियों ने 97 से 99 परसेंटाइल, 26 विद्यार्थियों ने 95 से 97 परसेंटाइल, 46 विद्यार्थियों ने 90 से 95 परसेंटाइल तथा 46 विद्यार्थियों ने 85 से 90 परसेंटाइल प्राप्त कर शिक्षा विभाग द्वारा संचालित हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम की श्रेष्ठता सिद्ध की है। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा ने सभी विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा सुपर 100 के माध्यम से विद्यार्थियों के स्वप्नों को साकार किया जा रहा है।
उन्होंने शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल तथा निदेशक जितेंद्र दहिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा सुपर 100 केंद्र को कुरुक्षेत्र में स्थानांतरित करने से न केवल विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए अनुकूल वातावरण मिला है।

# कुरुक्षेत्र में गोली चलाने के मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः जिला पुलिस** ने पशु मेला थीम पार्क कुरुक्षेत्र में गोली चलाने के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है । पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने पशु मेला थीम पार्क कुरुक्षेत्र में गोली चलाने के मामले में मुख्य आरोपी रणजीत वासी भैंसवाल कलां जिला सोनीपत को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है ।
जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 11 जनवरी 25 को अंकुर रावत वासी फ्रांसवाला कैथल ने थाना कृष्णा गेट पुलिस




को दी अपनी शिकायत में बताया कि दिनांक 10 जनवरी को वह अपनी मुर्राह नस्ल की भैंस को लेकर कुरुक्षेत्र के थीम पार्क मे लगे पशु मेले में आया था। जहां पर अजय वासी सुन्दरेहडी जिला झज्जर भी अपने पशु को लेकर मेले में आया हुआ था। अजय उसकी भैस की नस्ल को लेकर उसे प्रतियोगिता से बाहर करवाना चाहता था। लेकिन कमेटी ने उसकी भैंस की जांच की और प्रतियोगिता से बाहर करने से मना कर दिया।
इसी बात को लेकर आरोपी और उसके साथियों ने जान से मारने के नीयत से कमेटी के मैम्बर के ऊपर 6/7 रौंद फायर कर दिए। किसी तरफ उन्होंने अपनी जान बचाई। फायर करने के बाद वह सभी आरोपी मौका से भाग गये। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके जांच की गई। बाद मे मामले की जांच अपराध अन्वेषण शाखा-2 को सौंपी गई। दिनांक 31 अक्टूबर को अपराध अन्वेषण शाखा-1 के पीएसआई जसबीर सिंह की टीम ने मामले में मनोज कुमार व अंकित उर्फ अतिल को गिरफ्तार कर लिया था।दिनांक 12 फरवरी को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह के मार्गनिर्देश मे मामले की आगामी करवाई करते हुए पीएसआई जसबीर सिंह, उप निरीक्षक सुदेश, मुख्य सिपाही पवन कुमार, संदीप कुमार व नरेश कुमार की टीम ने मामले के मुख्य आरोपी रणजीत वासी भैंसवाल कलां जिला सोनीपत को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश करके 1 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया।

# बच्चों ने विज्ञान-गणित के मॉडल बनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक** विद्यालय नारायणा में स्टेम मेला आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय की कक्षा 6 से 8 के बच्चों ने विज्ञान और गणित के मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया .इस स्टेम मेले में 30 बच्चों ने अपने विज्ञान अध्यापक अनिल शर्मा के मार्गदर्शन में 30 विज्ञान और गणित के मॉडल बनाकर मेले को सफल बनाया. विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित मित्तल ने मेले का विधिवत उद्घाटन किया. एसएमसी सदस्यों अभिभावकों विद्यालय के विद्यार्थियों तथा अध्यापक गणों द्वारा मेले का अवलोकन किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय रेडियो दिवस पर हुआ विस्तार व्याख्यान का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**आर्य कॉलेज के जनसंचार** विभाग के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय रेडियो दिवस के अवसर पर एक दिवसीय विस्तार व्याख्यान का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर सुप्रसिद्ध वाइस ओवर आर्टिस्ट निशा शर्मा ने शिरक्त की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने मुख्य वक्ता का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर पौधा देकर स्वागत किया और साथ ही जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश गाहल्याण, प्राध्यापक शिवांक रावल, केशव शर्मा प्राध्यापिका गजल पांचाल व सोनू अठावले को कार्यक्रम के सफल



आयोजन के लिए बधाई दी।
प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने अपने संबोधान में बताया कि 2011 में यूनेस्को सदस्य देशों द्वारा और 2012 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अनुमोदित 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाने की घोषणा की थी। डॉ. गुप्ता ने बताया कि 19 वीं शताब्दी से विकसित होते हुए रेडियो ने विज्ञान, संचार व ऑडियो कार्यक्रमों से होते हुए एफएम से लेकर वर्तमान में पोडकास्ट तक का सफर तय करते हुए लोगों के दिलों में अपनी छाप छोडी है।
उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आज के समय में जनसंचार के विद्यार्थियों के लिए रेडियो के क्षेत्र में रोजगार के बहुत सारे अवसर हैं, बस इसके लिए विद्यार्थियों को निरंतर अपने अपनी आवाज के साथ-साथ अपनी स्किल्स पर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की आज के दौर मे पढ़ाई के साथ-साथ स्किल्स का भी होना बहुत जरूरी है। अगर हम अपनी स्किल्स पर फोकस नहीं करेंगे तो हम भविष्य में आने वाले अवसरों से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने कहा की अगर हमारे पास किसी काम को करने का जूनून और लगन है तो हम हर एक मंजिल को प्राप्त कर सकते है। जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश गाहल्याण ने बताया कि जब 1987-88 में टेलीविजन घर-घर पहुंचने लगा और केबल की शुरूआत हुई तो लोगों के मन में ये धरणा बनना शुरू हो गई थी के अब रेडियो का समय खत्म हो गया है लेकिन 2001 में जब प्राइवेट एफ.एम शुरू हुआ तो लोगों की यह धारणा गलत साबित हुई।
उन्होंने बताया की आज स्मार्ट फोन के समय में भी रेडियो पोडकास्ट व एफ.एम के माध्यम से लोगों का ज्ञान अर्जन व मनोरंजन कर रहा है।

# परीक्षा केन्द्रों की 200 मीटर की परिधि में धारा 163 लागू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जिलाधीश** एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लगाने के आदेश जारी किए गए है। इन आदेशों के तहत परीक्षा केन्द्रों की 200 मीटर की परिधि में किसी भी व्यक्ति को हथियार और मोबाइल फोन ले जाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। जिलाधीश नेहा सिंह ने जारी आदेशों में कहा कि सीबीएसई की



10वीं व 12वीं कक्षाओं की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए बीएनएसएस 2023 की धारा 163 लगाने के आदेश जारी कर दिए गए है। यह आदेश 15 फरवरी से लेकर 4 अप्रैल 2025 तक सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 1 बजकर 30 मिनट तक लागू रहेंगे। इन आदेशों के दौरान परीक्षा केन्द्रों की 200 मीटर की परिधि में किसी भी व्यक्ति को हथियार, मोबाइल फोन ले जाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही स्कूलों के पास फोटोस्टेट की मशीन भी दुकानदार बंद करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सीबीएसई बोर्ड नई दिल्ली द्वारा 10वीं व 12वीं सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं का आयोजन 15 फरवरी से लेकर 4 अप्रैल 2025 तक किया जा रहा है।

# टूटी है नाली, बहता है पानी, यही है झड़ौदा वार्ड की कहानी







**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्र सिंह**
**नई दिल्ली: हम सरकार** व उसके नुमाइंदों को इसलिए चुनकर सत्ता की सीट तक पहुंचाते है कि जब भी क्षेत्र के लोगों के साथ व क्षेत्र में कोई समस्या हो तो वह नेता तुरंत ही समस्या का हल करें व जनता का साथ दें। लेकिन सत्ता की हनक चढ़ने के बाद वह नेता सिर्फ अपनी ही सोचने लगता है जिसके चलते क्षेत्र के लोग विभिन्न समस्याओं से त्रस्त हो जाते है। कुछ ऐसा ही हाल पिछले 11 सालों से है बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले झड़ौदा वार्ड नंबर-10 का। जहां पर लोगों को अन्य सुविधाएं मिलना तो दूर की बात लोग मुलभूत सुविधाओं के लिए भी तरस रहे है।

**पार्षद ने नहीं किया काम, बस फरमाया है आराम:** वैसे तो बुराड़ी का इतिहास प्राचीन काल से भी जुड़ा हुआ है, बावजूद इसके क्षेत्र में किसी भी तरह से कोई विकास कार्य नहीं दिखाई पड़ रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से विधायक संजीव झा भी आम आदमी पार्टी से है और निगम पार्षछ गगन चौधरी भी आम आदमी पार्टी से होने के बावजूद भी क्षेत्र निवासी नारकीय जीवन जीने को विवश है। मिलन विहार के क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि हमारे क्षेत्र में पिछले दस सालों से मुलभूत सुविधाओं का अकाल पडा हुआ है, जिसकी ओर कभी न तो क्षेत्रीय विधायक ने ध्यान दिया है और न ही निगम पार्षद ने इस ओर कभी ध्यान देने की जहमत भी उठाई हो। जिसके चलते लोगों को आए दिन विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड रहा है।









**टूटी है नाली बहता है पानी, यही है क्षेत्र की कहानी:** लोगों ने कहा कि मिलन विहार कॉलोनी में निगम पार्षद गगन चौधरी द्वारा सफाई के बहाने लोगों के घरों के बाहर बने हुए थड़े व चबूतरों को यह बोलकर तोड़ा गया था कि नालियों की सफाई करवाई जाएगी। चूंकि इस बात को भी महीनों बीत चुके है और अभी तक नालियों में सफाई नहीं हुई है। जिसके चलते नालियां हमेशा ही ओवरफ्लो रहती है और नालियों का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। जिससे यहां के लोगों में गंदगी से पैदा होने वाली खतरनाक संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है।

**चौधरी विजेंद्र सिंह, कांग्रेसी नेता** ने कहा कि वैसे तो बुराड़ी का इतिहास तो लगभग पांच हजार साल पुराना है बावजूद इसके उस इतिहास को जमीजोंद करने में आप विधायक संजीव झा व क्षेत्रीय पार्षदों ने खाक में मिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। यहां पर सुविधाओं का टोटा पडा हुआ है। यहां पर न तो पीने का पानी आता है और कभी-कभी तो गंदा व बदबूदार पानी की सप्लाई हो जाती है।

**महेश, स्थानीय निवासी** ने कहा कि हमारे क्षेत्र में बनी हुई नालियां पूरी तरह से टूटी पड़ी है, इसके साथ ही नालियों में गाद भी भरा पड़ा है जिसके चलते नालियों का गंदा व बदबूदार पानी पूरी गलियों में भरा रहता है जिसके चलते गलियों से गुजरना भी दूभर हो गया है। क्षेत्रीय निगम पार्षद गगन चौधरी को कई बार शिकायत भी की जा चुकी है बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी हुई है।

**बद्रीनाथ तिवारी, स्थानीय निवासी** का कहना है कि जहां एक ओर तो नालियां टूटी पड़ी है, जिसके चलते सड़क से नीचे दबे हुए घरों में नालियों का पानी भर जाता है। जिससे उन लोगों को दिक्तें तो बनी हुई है बल्कि गंदगी से होने वाली खतरनाक व जानलेवा बिमारी फैलने का भी भय सताता रहता है। क्षेत्र के लोगों ने कई बार सफाई करवाने के लिए निगम कर्मियों व पार्षद से भी शिकायत की, लेकिन किसी के कानों तले जूं तक न रेंगी। **पुजारी सिंह, क्षेत्रीय निवासी:** मिलन विहार कॉलोनी में रहने वाले पुजारी सिंह ने कहा कि निगम पार्षद गगन चौधरी द्वारा सफाई के बहाने लोगों के घरों के बाहर बने हुए थड़े व चबूतरों को यह बोलकर तोड़ा गया था कि नालियों की सफाई करवाई जाएगी। चूंकि इस बात को भी कई महीनों बीत चुके है न तो अभी तक नालियों की मरम्मत करवाई गई और न ही नालियों में झाडू तक लगाई गई।

## गरीबों की मदद के लिए सभी को आगे आना चाहिए: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी पवन शर्मा ने बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए।
उन्होंने आगे बताया कि सभी को बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए और हमेशा ही देशहित में कार्य करना चाहिए, क्योंकि सबसे पहले देश होता है, बाद में ही कुछ और है, इसलिए सभी हमेशा ही देशहित में ही निर्णय ले। वजीरपुर क्षेत्र के समाजसेवी पवन शर्मा ने आगे बताया कि सत्य हमेशा ही सत्य



रहता है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी सत्य की राह पर चले। सत्य की राह कठिन अवश्य ही होती है, लेकिन जो इस राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही मिलती है, इसलिए सभी सत्य ही राह पर चले और हमेशा ही सत्य का साथ दें।

## भाजपा ने एक्स पोस्ट हैंडल 'सीएमओ दिल्ली' का नाम बदलने पर केजरीवाल पर कार्रवाई करने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा एक्स हैंडल "सीएमओ दिल्ली" को खुद का निजी एक्स पोस्ट खाता बना कर उसे "केजरीवाल एट वर्क" का नाम देने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने उपराज्यपाल से इसके लिए केजरीवाल पर कार्रवाई करने की मांग की है। वीरेंद्र सचदेवा ने एक बयान में कहा कि यह कहना अतिशयोक्ति ना होगा कि अपने घोटालों की सरकार के हारते ही अरविंद केजरीवाल डिजिटल लुटेरे भी बन गए हैं। उन्होंने दिल्ली के उपराज्यपाल से



मांग की है कि वह सरकारी पैसे से बने बढ़े एक्स पोस्ट हैंडल "सीएमओ दिल्ली" का नाम बदल कर उसे अरविंद केजरीवाल का निजी पोस्ट बनाने पर दिल्ली सरकार के सोशल मीडिया और आईटी विभाग से रिपोर्ट मांगें और इस डिजिटल


**अध्यक्ष ने कहा**

**यह डिजिटल लूट करके अरविन्द केजरीवाल ने लोगों की निजी जानकारी भी लूट ली है।**

लूट को रोकें। अध्यक्ष ने कहा कि "सीएमओ दिल्ली" एक्स पोस्ट से लाखों लोग मुख्यमंत्री का पोस्ट मान कर जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल लूट करके अरविंद केजरीवाल ने लोगों की निजी जानकारी भी लूट ली है और उन पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

## दिल्ली में खिला कमल, अब होगा दिल्ली में भी विकास: उटवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता संजय उटवाल ने कहा कि राजधानी दिल्ली में भाजपा का परचम लहराया है, दिल्ली की जनता ने इस बार भाजपा पर पूरा भरोसा किया है, मैं इसके लिए दिल्ली की जनता का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र से पूनम शर्मा भारद्वाज को विधायक बनने पर बधाई देता हूं। उन्होंने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है इस बार दिल्ली की जनता ने चुनाव में भाजपा का साथ दिया है। क्योंकि हम चुनाव के दौरान जहां पर भी



जनता से मिल रहे थे, तो जनता आम आदमी पार्टी के कार्यों से खुश नहीं थी। यही कारण है कि दिल्ली की जनता ने भाजपा को राजधानी दिल्ली की कमान सौंपी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश में विकास करके दिखाया है। भाजपा राज में शहरों व गांवों दोनों जगहों पर विकास ही विकास हुआ है।

## सैनी समाज ने दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर सीएम नायब सिंह सैनी का किया अभिनन्दन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा पंजीकृत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी के नेतृत्व में विभिन्न प्रदेशों से आए प्रतिनिधियों ने दिल्ली के हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हार्दिक अभिनंदन कर बधाई दी। अत्यंत खुशी के अवसर पर एक-दूसरे का अभिनंदन कर गले मिले एवं मिठाई वितरित कर विजय पर्व मनाया।
इस मौके पर बीजेपी हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली का भी पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र सिंह के साथ समाज के सभी लोगों ने सम्मान किया। इस अवसर पर सैनी संगठन के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष रणधीर सिंह सैनी, उत्तर प्रदेश सैनी संगठन के अध्यक्ष डॉ. किशोर सैनी, संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार मुकेश सैनी, संगठन के राष्ट्रीय संगठन सचिव वीरेंद्र सैनी, सविता समाज प्रदेश अध्यक्ष हरिद्वार, लाल आर्य प्रसिद्ध समाजसेवी, नीरज प्रजापति





आईआईटी के प्रोफेसर गौरव सिंघल, पत्रकार उमेश सैनी, कुशवाहा समाज के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष डीके सिन्हा, दिल्ली की समाजसेविका ज्योति सैनी, कलम की ताकत महा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुवर आरिफ अली खान ने भी इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर भाजपा की विजय पर हार्दिक प्रसन्नता प्रकट की। हरियाणा प्रदेश से समालखा के प्रसिद्ध समाजसेवी डॉक्टर सूरजभान सैनी, राकेश सैनी, बिहारी लाल, मनीष सैनी, एशिया की सबसे बड़ी सब्जी मंडी के प्रमुख व्यवसायी जय किशन सैनी, ईश्वर चंद सैनी, नेमीचंद सैनी, अखिल भारतीय

**सीएम का किया अभिनन्दन**

**अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी के नेतृत्व में विभिन्न प्रदेशों से आये सामाजिक प्रतिनिधियों ने किया सीएम नायब सिंह सैनी का भव्य अभिनन्दन।**

सैनीसंगठन सभा के संरक्षक सतवीर सैनी ने भी इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हार्दिक अभिनंदन किया।
उत्तराखंड से अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र सिंह सैनी, हरिद्वार बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट जितेंद्र सैनी, सैनी संगठन के राष्ट्रीय सचिव इंजीनियर रविंद्र सैनी, हरिद्वार से एडवोकेट सुनील सैनी, देहरादून से सतीश सैनी, अंकित सैनी, उपेश सैनी, रुड़की से शेखर सैनी ने भी इस अवसर पर हार्दिक प्रसन्नता प्रकट की। पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को हनुमान जी की गदा भेंटकर सम्मानित किया। राजस्थान से सैनी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नेमीचंद सैनी प्रसिद्ध समाजसेवी नरेश सैनी, जय भगवान सैनी ने भी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का अभिनंदन कर हार्दिक बधाई दी।
अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के पंजाब प्रदेश अध्यक्ष मोहनजीत सिंह सैनी ने इस अवसर पर अपनी हार्दिक प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा के शीर्ष नेताओं ने मोदी जी की नीतियों से जनता को अवगत कराकर दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराने में कामयाबी हासिल की है, जिसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित सभी शीर्ष नेता बधाई के पात्र हैं।

## धूमधाम से मनाया गया पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर का जन्मदिन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भाजपा दिल्ली** प्रदेश पूर्वांचल मोर्चा के उपाध्यक्ष एवं पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर का जन्मदिन उनके समर्थको ने बड़े ही धूमधाम से मनाया। आपको बातदें कि सुबह से सुजीत ठाकुर को जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।
इस मौके पर सुजीत ठाकुर को बधाई देने वालों ने जहां एक ओर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी, वहीं उनकी दीघार्यु की कामना भी की और कहा कि पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर बड़े ही अच्छे व्यक्ति है और सभी के सुख-दुख में साथ रहते है, यही कारण है कि आज उनको बधाई देने के लिए बहुताय की संख्या में लोग उनके निवास पर मौजूद है।
इस अवसर पर भाजपा दिल्ली प्रदेश पूर्वांचल मोर्चा के उपाध्यक्ष एवं पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे आज जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उन सभी का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं।







# महाकुम्भ में दिख रहा श्रद्धा और सेवा का अनूठा मेल

## योग, भजन और संगम स्नान से बुजुर्गों को नई मिल रही नई ऊर्जा

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगरः उत्तर** प्रदेश की डबल इंजन सरकार प्रदेश के विकास के साथ-साथ समाज के हर वर्ग का ध्यान रख रही है। विशेष रूप से समाज के उन वर्गों के लिए जो अक्सर उपेक्षित रह जाते हैं। इसी दिशा में योगी सरकार एक अनूठी पहल करते हुए महाकुम्भ में 2000 निराश्रित वृद्धजनों को संगम स्नान कराने की व्यवस्था की है। इसमें अबतक 600 से अधिक बुजुर्गों को संगम स्नान कराया जा चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह पहल न केवल बुजुर्गों के सम्मान और सुविधा को बढ़ावा देती है, बल्कि समाज में सेवा और समरसता की मिसाल भी पेश करती है।



समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के निर्देश पर बीते दो दिन में देवरिया, बहराइच, अमरोहा और बिजनौर जनपद के वृद्धाश्रमों में रहने वाले 100 से अधिक वरिष्ठजनों को विभागीय अधिकारियों द्वारा बसों से प्रयागराज लाया गया। कुंभ क्षेत्र में पहली बार समाज कल्याण विभाग द्वारा एक विशेष कैंप स्थापित किया गया, जहां 100 बेड की क्षमता वाला आश्रम तैयार किया गया है। यहां बुजुर्गों के लिए निःशुल्क भोजन, आवास और चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

**सामाजिक समरसता को बढ़ावा दे रही योगी सरकारः** योगी सरकार ने हमेशा से बुजुर्गों, किसानों, महिलाओं और समाज के अन्य वंचित वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता दी है। इसी क्रम में, समाज कल्याण विभाग द्वारा महाकुम्भ के दौरान पहली बार यह विशेष पहल की गई है। इस कैंप में वरिष्ठजनों की दिनचर्या को न केवल सुविधाजनक बनाया गया है, बल्कि उनके मानसिक और आध्यात्मिक उत्थान का भी विशेष ध्यान रखा गया है। यहां हर दिन की शुरूआत योग और ध्यान से होती है, जिससे बुजुर्गों को मानसिक शांति और स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। शाम को भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है, जिससे आध्यात्मिक माहौल बना रहता है और बुजुर्ग अपने अकेलेपन को महसूस नहीं करते। यह पहल समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान और देखभाल की भावना को मजबूत करती है।

**महाकुम्भ में दिख रहा सेवा और आध्यात्म का संगमः** महाकुम्भ दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन है, जहां करोड़ों श्रद्धालु स्नान करने और पुण्य अर्जित करने पहुंच रहे हैं। लेकिन निराश्रित वृद्धजनों के लिए यह अनुभव केवल एक सपना बनकर रह जाता था।

समाज कल्याण विभाग की इस पहल ने इस सपने को हकीकत में बदल दिया। योगी सरकार द्वारा बुजुर्गों के सम्मान और कल्याण के लिए उठाए गए कदमों में यह एक और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। कुंभ क्षेत्र में बनाए गए इस आश्रम में चिकित्सा सुविधाओं की भी विशेष व्यवस्था की गई है।

# महाकुम्भ से जुड़ी भ्रामक पोस्ट करने वाले 07 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगरः उत्तर प्रदेश** पुलिस सोशल मीडिया पर महाकुम्भ से जुड़ी अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तेज कर दी गई। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान सात ऐसे अकाउंट चिन्हित किए गए, जो गाजीपुर में नदी किनारे मिले शवों के पुराने वीडियो को महाकुम्भ में भगदड़ से जोड़कर भ्रामक प्रचार कर रहे थे। इन अकाउंट्स पर प्रदेश सरकार और पुलिस की छवि धूमिल करने तथा समाज में विद्वेष फैलाने का आरोप है। प्रयागराज के कोतवाली कुम्भ मेला थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।



**भ्रामक वीडियो के जरिए अफवाह फैलाने की साजिशः** सोशल मीडिया पर एक पुराना वीडियो, जिसमें गाजीपुर में वर्ष 2021 में नदी किनारे मिले शव दिखाए गए थे, उसे महाकुम्भ प्रयागराज से जोड़कर फैलाया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस ने इस फर्जी वीडियो का पदार्फाश करते हुए स्पष्ट किया कि यह महाकुम्भ प्रयागराज से संबंधित नहीं है, बल्कि गाजीपुर की पुरानी घटना का वीडियो है।

## संक्षिप्त खबरें

### हिस्ट्री टीवी18 लेकर आ रहा है डार्क मार्वल्स

**नई दिल्ली।** मानव सभ्यता की शुरूआत से ही इनोवेशन एक दोधारी तलवार रहा है, एक ओर अद्भुत खोजें और आविष्कार, तो दूसरी ओर विनाशकारी हथियार। डार्क मार्वल्स इसी द्वंद्व की गहराइयों में उतरती है, ऐसे भयावह यंत्रों की पड़ताल करती है, जिन्हें दर्द, आतंक और मौत फैलाने के लिए बनाया गया था। 15 फरवरी से हर शनिवार और रविवार रात 11 बजे, हिस्ट्री टीवी18 की यह रोमांचक डॉक्यूमेंट्री सीरीज आपको इतिहास के सबसे खतरनाक आविष्कारों की दुनिया में ले जाएगी—ऐसे हथियार, जिनका मकसद सिर्फ और सिर्फ मारना, घायल करना और भय पैदा करना था।




हिस्ट्री टीवी18 के प्रेसिडेंट - कंटेंट और कम्युनिकेशन, अरुण थापर कहते हैं, हिस्ट्री टीवी18 में हम इतिहास को जीवन में उतारने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ऐसी कहानियों के साथ जो आपको बांधकर रखें, ऐसे दृश्य जो आपको उस युग में ले जाएं, और ऐसे इनसाइट्स जो आपकी सोच को चुनौती दें। डार्क मार्वल्स हमारे नाइट-टाइम कंटेंट में एक दमदार एडिशन है, यह दिखाता है कि प्रतिभा और नृशंसता के बीच की रेखा कितनी पतली हो सकती है और इंसानी दिमाग की क्षमता कितनी खतरनाक हो सकती है। यह इतिहास प्रेमियों, इंजीनियरिंग के शौकीनों और उन सभी के लिए जरूरी है जो इन्वेंशन की खौफनाक ताकत को समझना चाहते हैं। विशेषज्ञों की गहन पड़ताल, अत्याधुनिक 3ऊरिक्रिएशन और दुर्लभ ऐतिहासिक फुटेज के जरिए डार्क मार्वल्स इन डरावनी रचनाओं के पीछे छिपी दिमागी चालाकी और निर्मम इरादों को उजागर करेगी। हर एपिसोड आपको दिखाएगा कि दबदबा कायम करने, विनाश फैलाने और सत्ता बनाए रखने के लिए मध्यकालीन युद्ध मशीनें, घातक जाल और निर्मम फांसी के उपकरण कैसे तैयार किए गए। फिर चाहे बात गिलोटीन की निर्दयी सटीकता की हो, इलेक्ट्रिक चेयर की धोखेबाज "मानवता" की, समुराई तलवार की पवित्र लेकिन घातक धार की, या फिर नाजी सुपर कैनन की, जिसने युद्ध की परिभाषा ही बदल दी—यह वो इतिहास है, जो आपने पहले कभी नहीं देखा होगा।

### सूरजकुंड मेले के लिए ओयो ने हरियाणा पर्यटन के साथ साझेदारी की

**फरीदाबाद।** ग्लोबल हॉस्पिटैलिटी टेक्नोलॉजी कंपनी, ओयो सूरजकुंड मेले के लिए आधिकारिक आवास और परिवहन साझेदार के रूप में काम कर रही है। यह मेला हरियाणा पर्यटन द्वारा 7 से 23 फरवरी, 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस साझेदारी के तहत, ओयो प्रतिभागियों के लिए अपने होटलों के साथ-साथ फरीदाबाद, सूरजकुंड और दिल्ली के 5-स्टार, 4-स्टार और 3-स्टार होटलों में ठहरने की सुविधा देगा, जिससे हर बजट और पसंद के मुताबिक सबसे बेहतर विकल्प मिल सकें।इसके अलावा, रूसी मेहमानों के अनुभव को और भी खास बनाने के लिए ओयो ने संडे एम3एम में एक दिन के विशेष स्टे की व्यवस्था भी की है। ये सभी आवास कार्यक्रम स्थल के बिल्कुल नजदीक स्थित हैं। ऐसे में, प्रतिभागियों को मेले तक आसानी से पहुँचने की सुविधा मिल सकेगी। सूरजकुंड मेले में 40 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे, जो भारत की समृद्ध विरासत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगा। इस अवसर पर ओयो के सरकारी व्यवसाय प्रमुख, पंकज कुमार ने कहा, "दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित सांस्कृतिक आयोजनों में से एक 'सूरजकुंड मेला 2025' में हरियाणा पर्यटन के साथ साझेदारी करना हमारे लिए सम्मान की बात है। आतिथ्य और परिवहन में अपनी विशेषज्ञता के साथ, हमारा लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों को आवास और यात्रा के सबसे बेहतरीन अनुभव प्रदान करना है, ताकि ग्लोबल टूरिज्म हब के रूप में भारत की स्थिति और भी मजबूत हो सके।" ओयो को भरोसा है कि उसकी विशेष होटल इन्वेंट्री, ठहरने की गुणवत्ता, किफायती मूल्य, उपयोग में आसान ऐप, व्यक्तिगत सेवाएँ, सुरक्षा, भरोसेमंद प्लेटफॉर्म और यो! चैट के जरिए 24७7 ग्राहक सहायता जैसी सुविधाओं के माध्यम से वह प्रतिभागियों की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरेगा।

इसके अलावा, इवेंट मैनेजमेंट एजेंसी के रूप में ओयो प्रतिभागियों के लिए परिवहन की व्यवस्था भी करेगा। इस प्रतिष्ठित आयोजन में शामिल होने वाले मेहमानों के लिए आरामदायक और सुरक्षित सफर सुनिश्चित करने के लिए ओयो विभिन्न प्रकार के सुविधाजनक वाहन उपलब्ध करा रहा है। प्रतिभागियों और आयोजकों की सहायता के लिए ओयो ने एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया है। इसके लिए समर्पित टीमें तीन शिफ्टों में काम करेंगी। यह पूरी व्यवस्था दो प्रोटोकॉल अधिकारियों और चार नोडल अधिकारियों की निगरानी में होगी, ताकि चौबीसों घंटे सहायता प्रदान की जा सके।

## सपा नेता आजम खान से परिजनों ने की मुलाकात

**सीतापुर सीतापुर** जेल में बंद समाजवादी पार्टी के नेता व पूर्व मंत्री आजम खान से उनके पारिवारीजनों ने मुलाकात की। दोपहर बाद जेल में मुलाकात करने आए पारिवार के लोगों ने आजम के साथ लगभग 40 मिनट तक रहकर उनका हाल-चाल जाना। इससे पहले उनके परिजनों द्वारा उनसे दिसम्बर माह में मुलाकात की गई थी।गुरुवार उनकी पत्नी तंजीन फातिमा व बेटे ने जेल में ऑनलाइन पंजीकरण कराने के बाद दोपहर जेल में प्रवेश किया। सीतापुर जेल अधीक्षक सुरेश सिंह ने इस मुलाकात की पुष्टि करते हुए हिन्दुस्थान समाचार से बताया कि आजम खान से उनकी पत्नी और बेटे मिलने आए थे।

# एईएसएल के अमोघ बंसल ने जेईई मेन्स 2025 (सत्र 1) में 99.99 पर्सेंटाइल के साथ टॉप किया हरियाणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम।** परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई मेन्स 2025 (सत्र 1) में एक असाधारण उपलब्धि की घोषणा की है। अमोघ बंसल परीक्षा के पहले सत्र में 99.99 पर्सेंटाइल हासिल करके हरियाणा राज्य के टॉपर बने हैं। यह परिणाम भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक में छात्रों की कठिन मेहनत और शैक्षणिक उत्कृष्टता को दशार्ता है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज इन परिणामों



की घोषणा की, जो इस वर्ष के दो निर्धारित जेईई सत्रों की शुरूआत का पहला एग्जाम रिजल्ट है। छात्रों को उनकी सफलता पर आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के चीफ एकेडमिक एंड बिजनेस हेड, डॉ. यशपाल ने बधाई दी। उन्होंने कहा, जेईई मेन्स 2025 में हमारे छात्रों की शानदार सफलता पर हमें गर्व है। उनकी कठिन मेहनत और समर्पण के साथ-साथ आकाश की गुणवत्तापूर्ण कोचिंग ने इन बेहतरीन परिणामों को संभव बनाया है। हम आकाश में हमेशा ऐसे पाठ्यक्रमों पर जोर देते हैं जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुँचने में मदद करें। हम सभी सफल छात्रों को बधाई देते हैं और उनके भविष्य के अगले चरण के लिए उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएँ देते हैं। जेईई (मेन) को दो सत्रों में आयोजित किया जाता है, जिससे छात्रों को अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के कई मौके मिलते हैं। जेईई एडवांस्ड विशेष रूप से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश का द्वार है, जबकि जेईई मेन्स भारत के विभिन्न राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटी) और अन्य केंद्रीय सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों के लिए प्रवेश परीक्षा के रूप में कार्य करता है। जेईई एडवांस्ड में भाग लेने के लिए जेईई मेन्स में उपस्थित होना आवश्यक है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड को मेडिकल (नीट) और इंजीनियरिंग (जेईई) प्रवेश परीक्षाओं के अलावा, एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्रों को बेहतरीन परिणाम दिलाने के लिए जाना जाता है।

# माघ पूर्णिमा स्नान के बाद सफाई अभियान ने बदली तस्वीर, श्रद्धालुओं को पवित्र स्नान की हुई अनुभूति

## स्नान पर्व के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा छोड़े गए ठोस अपशिष्ट को प्रशासन ने तुरंत निस्तारित किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगरः महाकुम्भ** 2025 के तहत माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व के बाद संगम घाटों की सफाई को लेकर मेला प्रशासन ने एक बार फिर अपनी तत्परता साबित की। स्नान पर्व समाप्त होने के बाद शाम को ही सफाईकर्मियों की टीम ने व्यापक सफाई अभियान शुरू किया, जिसके परिणामस्वरूप रातों-रात संगम घाट फिर से स्वच्छ और सुंदर नजर आने लगे। उल्लेखनीय है कि माघ पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को 2 करोड़ से ज्यादा लोगों ने संगम स्नान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने फूल, माला, कपड़े, खाना घाट पर ही छोड़ दिया। साथ ही बड़ी संख्या में शौचालयों का भी उपयोग किया गया। मेला प्रशासन ने घाटों पर भीड़ घटने के बाद सफाई अभियान चलाया और सुबह तक एक बार फिर घाटों को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सफलता प्राप्त की।

**ठोस अपशिष्ट का निस्तारण और सेसपूल ऑपरेशन चलायाः** मेला प्रशासन की ओर से सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए थे कि भीड़ खत्म होते ही वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाए। निदेर्शों के क्रम में भीड़ कम होते ही अभियान की शुरूआत की गई। स्नान पर्व के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा छोड़े गए ठोस अपशिष्ट को प्रशासन ने तुरंत निस्तारित किया। विशेष सफाई वाहनों की मदद से घाटों और मेला क्षेत्र से कचरा उठाया गया। इसके अलावा, सभी शौचालयों में सेसपूल ऑपरेशन चलाया गया, जिससे स्वच्छता सुनिश्चित हो सके।

## अभद्रत करने पर राम सुधाकर यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**लखनऊः मुख्य** चुनाव आयुक्त का पुतला फूंकने वाले समाजवादी पार्टी के नेता राम सुधाकर यादव के विरुद्ध गौतमपल्ली थाने में उपनिरीक्षक से अभद्रता करने के मामले में एफआईआर दर्ज करायी गयी है।
दो दिन पूर्व समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय के बाहर सुधाकर यादव ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार का पुतला फूंका था। पुतला फूंकने के दौरान सुधाकर को गौतमपल्ली थाने के एक उपनिरीक्षक ने रोकना चाहा था। फिर भी सुधाकर ने उपनिरीक्षक से अभद्रता करते हुए पुतला फूंक दिया था।

## एईएसएल की रिद्धिमा सिंह और दिव्यांशु ने जेईई मेन्स 2025 (सत्र 1) में नोएडा - ग्रेटर नोएडा में किया टॉप



**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा। परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी**, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन्स 2025 (सत्र 1) में एक असाधारण उपलब्धि की घोषणा की है। दिव्यांशु ने परीक्षा के पहले सत्र में 99.88 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर ग्रेटर नोएडा टॉपर बने, जबकि रिद्धिमा सिंह ने 99.98 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर नोएडा में टॉप किया। रिद्धिमा को फिजिक्स में भी 100 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ। यह परिणाम भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक में छात्रों की कठिन मेहनत और शैक्षणिक उत्कृष्टता को दशार्ता है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 11 फरवरी को इन परिणामों की घोषणा की, जो इस वर्ष के दो निर्धारित जेईई सत्रों की शुरूआत का पहला एग्जाम रिजल्ट है। छात्रों को उनकी सफलता पर आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के चीफ एकेडमिक एंड बिजनेस हेड, ह्लडॉ. यशपाल ने बधाई दी। उन्होंने कहा, "जेईई मेन्स 2025 में हमारे छात्रों की शानदार सफलता पर हमें गर्व है। उनकी कठिन मेहनत और समर्पण के साथ-साथ आकाश की गुणवत्तापूर्ण कोचिंग ने इन बेहतरीन परिणामों को संभव बनाया है। हम आकाश में हमेशा ऐसे पाठ्यक्रमों पर जोर देते हैं जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुँचने में मदद करें। हम सभी सफल छात्रों को बधाई देते हैं और उनके भविष्य के अगले चरण के लिए उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएँ देते हैं।"
जेईई (मेन) को दो सत्रों में आयोजित किया जाता है, जिससे छात्रों को अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के कई मौके मिलते हैं। जेईई एडवांस्ड विशेष रूप से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश का द्वार है, जबकि जेईई मेन्स भारत के विभिन्न राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटी) और अन्य केंद्रीय सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों के लिए प्रवेश परीक्षा के रूप में कार्य करता है। जेईई एडवांस्ड में भाग लेने के लिए जेईई मेन्स में उपस्थित होना आवश्यक है।आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड को मेडिकल (नीट) और इंजीनियरिंग (जेईई) प्रवेश परीक्षाओं के अलावा, एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्रों को बेहतरीन परिणाम दिलाने के लिए जाना जाता है। संस्थान उच्च गुणवत्ता वाली परीक्षा तैयारी सेवाएँ प्रदान करने के लिए समर्पित है।

# जावा येजदी मोटरसाइकिल्स ने जावा 42 एफजे की शानदार सफलता का मनाया जश्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा । जावा** येजदी मोटरसाइकिल को जावा 42 एफजे की शानदार सफलता की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह एक ऐसी मोटरसाइकिल है जिसने भारत में नियो-क्लासिक सेगमेंट को फिर से परिभाषित किया है। स्वतंत्रता और व्यक्तित्व की भावना का जश्न मनाने के लिए डिजाइन की गई, जावा 42 एफजे ने देश भर के राइडर्स के दिलों में जगह बनाई है। इसमें अत्याधुनिक तकनीक और कालातीत डिजाइन का मिश्रण किया गया है। जावा के दूरदर्शी संस्थापक, फ्रांतिसेक जेनेक के नाम पर बनी इस मोटरसाइकिल को आज के उत्साही लोगों को एक बोल्ड



और आधुनिक राइडिंग अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। पूरे भारत के 120 से अधिक शहरों में होने वाले समारोह सवारियों के उत्साह को बढ़ाते रहते हैं, 150 से अधिक आयोजनों में 5,400 से अधिक उत्साही सवार एक साथ आते हैं, जो जावा की उत्कृष्टता की विरासत को और मजबूत करते हैं और मोटरसाइकिलिंग अनुभवों को फिर से परिभाषित करते हैं। जावा येजदी मोटरसाइकिल्स के चीफ बिजनेस ऑफिसर शरद अग्रवाल ने मोटरसाइकिल की सफलता पर कहा, जावा 42 ऋख में वो सारी खूबियाँ है जो एक मोटरसाइकिल में होनी चाहिए - यह बोल्ड, यूनिक और रोमांचक है। जब हमने इस मोटरसाइकिल को बनाने का फैसला किया, तो हम केवल नए मानक स्थापित नहीं करना चाह रहे थे, हम चाहते थे कि कुछ ऐसा बनाएं जो राइडर्स के दिलों की धड़कनें तेज कर दे। हमने जो हासिल किया है, वह एक ऐसी मशीन है जो न केवल शानदार प्रदर्शन करती है झ्र पर एक अनोखा राइडिंग अनुभव देती है। यह हमारे इस विश्वास को रेखांकित करता है कि अच्छी डिजाइन और इंजीनियरिंग केवल तकनीकी दक्षता के बारे में नहीं है; यह भावनात्मक जुड़ाव बनाने के बारे में है।

# आस्था ने लांघी सीमाएं, विंध्यधाम में झुके सवा करोड़ शीश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मीरजापुरः महाकुम्भ के** पावन अवसर पर मां विंध्यवासिनी धाम श्रद्धा, आस्था और दिव्यता के महासंगम का साक्षी बना। सवा करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में नतमस्तक होकर अपनी मनोकामनाएँ अर्पित कीं। भक्ति के इस महासमुद्र ने विंध्य पर्वत की गोद में बसे इस दिव्य धाम को ऊर्जा और आध्यात्मिक तेज से भर दिया। जयकारों की गूँज, शंखध्वनि और घंटे-घड़ियालों की मधुर अनुगूंज से ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं देवी मां अपने भक्तों के बीच उपस्थित होकर आशीर्वाद बरसा रही हों।
जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने



जानकारी दी कि महाकुंभ मेले के दौरान लगभग 12 से 15 करोड़ श्रद्धालु मीरजापुर होकर गुजरे, जिनमें से करीब सवा करोड़ भक्तों ने मां विंध्यवासिनी के दरबार में हाजिरी लगाई। भक्तों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने 28 फरवरी तक सुरक्षा और दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश जारी किए हैं। सुबह की पहली किरण के साथ ही मंदिर के घंटे-घड़ियालों की अनुगूंज और शंखध्वनि ने भक्तों के हृदय को भक्ति से भर दिया। मां विंध्यवासिनी की भव्य आरती के दौरान पूरा मंदिर प्रांगण हजारों दीपों की रोशनी से स्वर्णिम आभा में नहा उठा। भक्तगण मां के चरणों में शीश नवाकर अपने कंठ से प्रेम और श्रद्धा का अमृत बरसा रहे थे।

**सनातन संस्कृति की अटूट आस्थाः** मां विंध्यवासिनी धाम में उमड़ा यह आस्था का महासागर केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि सनातन संस्कृति की अखंडता और इसकी गहरी जड़ों का प्रमाण है। यह स्पष्ट करता है कि युग बदले, पीढ़ियां बदलीं, पर मां विंध्यवासिनी की महिमा और उनके भक्तों की श्रद्धा कभी कम नहीं होगी।

**प्रशासन मुस्तैद, व्यवस्था पर कड़ी निगरानीः** मां विंध्यवासिनी के धाम में उमड़ी अभूतपूर्व भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और दर्शन प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। डीएम प्रियंका निरंजन सहित अन्य आला अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था और दर्शन प्रक्रिया का निरीक्षण किया। जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को लगातार चक्रमण के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा का सामना न करना पड़े।

# शाहजहांपुर में ट्रक और टाटा मैजिक की टक्कर में चार की मौत, 16 घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहजहांपुरः उत्तर** प्रदेश के जनपद शाहजहांपुर में बीती देर रात कलान-बदायूं मार्ग पर ट्रक और टाटा मैजिक की आमने सामने हुई भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई और 16 घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को फरुर्खाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए राहत एवं बचाव कार्य के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं। जारी बयान में कहा है कि अधिकारी मौके पर पहुंच कर घायलों का समुचित इलाज कराएं। क्षेत्राधिकारी जलालाबाद अमित चौरसिया ने गुरुवार को बताया कि कलान थाना क्षेत्र में रात करीब ग्यारह बजे कलान-बदायूं मार्ग पर ग्राम बिचौला के पास ट्रक और टाटा मैजिक वाहन



की टक्कर हो गई। हादसे में टाटा मैजिक पर सवार चार लोगों की मृत्यु हो गयी और 16 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान जनपद हरदोई निवासी श्यामवती (60), जनपद खीरी निवासी रामकुमारी (35),
जनपद सीतापुर निवासी शमीर्ला (26) तथा लवकुश (30) के रूप में हुई है। जबकि सीतापुर निवासी रोशन(48), ठाकुर प्रसाद(35), संगम(32), अरुण(26), छोटी बिटिया(30), रजनेश(25), रेखा(25), संध्या(06), सूर्यांश(02), शिवानी(08), रामू(04), रितिका(05), जनपद खीरी निवासी उपेंद्र सिंह(40), गोलू(10) तथा हरदोई निवासी अरुण(20) और कमल किशोर (10) गंभीर रूप से घायल हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 14 फरवरी 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

## फास्ट न्यूज

### यूसीसी मामले में फर्जी शिकायत करने पर लगेगा जुर्माना

**देहरादून।** उत्तराखंड समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के तहत होने वाले आवेदनों पर कोई भी व्यक्तिकिसी अन्य व्यक्ति के खिलाफ फर्जी शिकायत नहीं करा पाएगा। ऐसा करने वाले व्यक्ति पर जुर्माना लगाया जा सकता है। जिसकी वसूली भू-राजस्व की तर्ज पर की जाएगी। इस तरह सरकार ने यूसीसी के तहत होने वाले आवेदनों पर झूठी शिकायतों से अड़ंगा लगाने वालों को भी दूर रखने का प्रावधान किया गया है। अपर सचिव गृह निवेदिता कुकरेती ने गुरुवार को बताया कि समान नागरिक संहिता के तहत होने वाले आवेदनों और पंजीकरणों को हर तरह से विवाद रहित बनाने का प्रयास किया है। इसके तहत समान नागरिक संहिता, नियमावली के अध्याय 6 के नियम 20 (उपखंड 02) में स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति, किसी अन्य व्यक्ति के खिलाफ मिथ्या शिकायत दर्ज कराता है तो उसे पहली बार में भविष्य के लिए सचेत किया जाएगा। अपर सचिव गृह निवेदिता कुकरेती ने बताया कि ऐसा व्यक्ति आवेदन या पंजीकरण से जुड़े किसी भी अन्य मामले में मिथ्या शिकायत दर्ज करता है तो उसे दूसरी बार शिकायत करने पर पांच हजार और तीसरी बार झूठी शिकायत करने पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया जाएगा। अर्थदंड लगाए जाने पर शिकायतकर्ता को इसका भुगतान 45 दिन के भीतर ऑनलाइन तरीके से करना होगा। यदि वो ऐसा करने में असफल रहता है तो अर्थदंड की वसूली भू-राजस्व की तर्ज पर तहसील के माध्यम से की जाएगी। इससे झूठी शिकायतों के आधार पर किसी को परेशान करने वाले लोगों का हतोत्साहित किया जा सकेगा।

### जामताड़ा गैंग की कमर तोड़ने की कोशिश

टीम एक्शन इंडिया

**कोलकाता:** प्रदेश भर में साइबर ठगी बढ़ती जा रही है। राज्य पुलिस इसे रोकने के लिए ऑपरेशन 'साइबर शक्ति' नामक एक विशेष अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत पिछले 15 दिनों में पुलिस ने राज्य के विभिन्न हिस्सों से 46 लोगों को गिरफ्तार किया है। बड़ी संख्या में सिम कार्ड, डेबिट और क्रेडिट कार्ड जब्त किए गए हैं। जांचकर्ताओं ने कई बैंक खाते भी फ्रीज कर दिए हैं। दक्षिण बंगाल के एडीजी सुप्रतिम सरकार ने बताया कि आसनसोल, बीरभूम, दुर्गापुर, चंदननगर और पूर्व बर्दवान से कई शिकायतें मिली हैं। साइबर धोखाधड़ी मुख्य रूप से किसी प्रसिद्ध कंपनी के नाम पर की जाती है।

# सनातन धर्म से ही सुरक्षित रहेगी विश्व मानवता : सीएम योगी

**गोरखनाथ मंदिर में श्रृंगेरी शारदा पीठ) के जगद्गुरु शंकराचार्य जगद्गुरु शंकराचार्य विधुशेखर भारती सन्निधानम के अभिनंदन समारोह में बोले मुख्यमंत्री**

**सेवारत**

▸▸ सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा तो न केवल भारत सुरक्षित रहेगा बल्कि विश्व मानवता सुरक्षित रहेगी: सीएम योगी

टीम एक्शन इंडिया

**गोरखपुर:** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सनातन धर्म वास्तव में मानव धर्म है। सनातन धर्म ही विश्व मानवता का धर्म है। सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा तो न केवल भारत सुरक्षित रहेगा बल्कि विश्व मानवता सुरक्षित रहेगी। सीएम योगी बुधवार शाम, श्रृंगेरी शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य श्री श्री भारती तीर्थ महासन्निधानम के मंगलमय आशीर्वाद और दिव्य आदेश से विजय यात्रा लेकर



गोरखपुर पधारे जगद्गुरु शंकराचार्य विधुशेखर भारती सन्निधानम के शंकर वचन (आशीर्वचन) के पूर्व उनके अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जगद्गुरु शंकराचार्य को अंगवस्त्र ओढ़ाकर तथा उपहार भेंटकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सनातन धर्म अवाचीन है। समय समय पर इस पर अनेक प्रहार हुए

### सनातन परंपरा को पुनर्जीवित किया भगवान आदि शंकर ने

**गोरक्षपीठाधीश्वर** एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक समय यह लगने लगा था कि सनातन धर्म समाप्त हो जाएगा पर तब सनातन परंपरा को भगवान आदि शंकर ने पुनर्जीवित किया था। सनातन धर्म की परंपरा को सतत आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने विजय यात्रा निकाली, शास्त्रार्थ किया और देश के चार कोनों में चार धर्म पीठों, उत्तर में ज्योतिष, पूरब के जगन्नाथ, पश्चिम में द्वारिका और दक्षिण में श्रृंगेरी पीठ की स्थापना की। उन्होंने कहा लेकिन भगवान की अवतार परंपरा, संतों, ऋषियों और महात्माओं ने धराधाम पर सनातन धर्म का संरक्षण किया और सनातन धर्मावलंबियों के सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में अनेक पंथ, सम्प्रदाय, मत, मजहब ने अपने

कि उन्होंने व्यक्तिगत कई बार श्रृंगेरी पीठ जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। गोरक्षपीठाधीश्वर ने कहा कि हर कालखंड में श्रृंगेरी पीठ की परंपरा का गोरक्षपीठ में आगमन होता रहा है।

वर्ष 1977 में प्रयागराज महाकुंभ के समय श्रृंगेरी पीठ के पूज्य शंकराचार्य का आगमन गोरक्षपीठ में हुआ था। शंकराचार्य भारतीय तीर्थ जी महाराज तथा अब जगद्गुरु शंकराचार्य विधुशेखर भारती जी का आगमन हुआ है। विचार लोगों पर थोपने के प्रयास किए लेकिन सनातन अपने विचार किसी पर थोपता नहीं है। यह जीवन जीने के तरीके को स्वतंत्रता, उन्मुक्तता और सहजता से आगे बढ़ाने का मार्ग दिखाता है। सनातन धर्म जितनी स्वतंत्रता, उन्मुक्तता और

सहजता अन्यत्र कहीं नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म को किसी एक परिभाषा में सीमित नहीं किया जा सकता। वास्तव में यह कृत और कर्ता के प्रति कृतज्ञता का भाव है। वाल्मीकि रामायण में भी यही बात उल्लिखित है।

**महाकुंभ का संदेश, एकता से अखंड रहेगा देश**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज का महाकुंभ पूरे विश्व को एकता का संदेश दे रहा है। 45 दिन के महाकुंभ के आयोजन में अब 14 दिन का समय शेष है।

अब तक 31 दिन में करीब 48 करोड़ श्रद्धालु गंगा जमुना, सरस्वती की त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह एक भारत, श्रेष्ठ भारत का उदाहरण प्रस्तुत करने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कहते हैं कि महाकुंभ का यही है संदेश, एकता से अखंड रहेगा देश।

### मेहरागांव के अधिवक्ता आलोक मेहरा बने उत्तराखंड हाईकोर्ट के जज

टीम एक्शन इंडिया

**नैनीताल।** राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद केंद्रीय न्याय एवं विधि मंत्रालय ने अधिवक्ता आलोक मेहरा को उत्तराखंड हाईकोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया है। आलोक मेहरा नैनीताल के मेहरा गांव के निवासी हैं और उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा सेंट जोसेफ कॉलेज और राजकीय इंटर कॉलेज नैनीताल से प्राप्त की है। स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी जबकि विधि की डिग्री 1998 में कैंपस लॉ सेंटर,

दिल्ली विश्वविद्यालय से हासिल की। 1999 में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में पंजीकरण के बाद उन्होंने नैनीताल जिला अदालत से वकालत की शुरूआत की।

# महाकुम्भ में दिख रहा श्रद्धा और सेवा का अनूठा मेल

**अब तक प्रदेश भर से 600 से अधिक निराश्रित बुजुर्गों ने किया महाकुम्भ स्नान**

टीम एक्शन इंडिया

**महाकुम्भ नगर।** उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार प्रदेश के विकास के साथ-साथ समाज के हर वर्ग का ध्यान रख रही है। विशेष रूप से समाज के उन वर्गों के लिए, जो अक्सर उपेक्षित रह जाते हैं। इसी दिशा में योगी सरकार एक अनूठी पहल करते हुए महाकुम्भ में 2000 निराश्रित वृद्धजनों को संगम स्नान कराने की व्यवस्था की है। इसमें अबतक 600 से अधिक बुजुर्गों को संगम स्नान कराया जा चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह पहल न केवल बुजुर्गों के सम्मान और सुविधा को बढ़ावा देती है, बल्कि समाज में सेवा और समरसता की मिसाल भी पेश करती है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के निर्देश पर



**हर वर्ग का ध्यान**

▸▸ योग, भजन और संगम स्नान से बुजुर्गों को नई मिल रही नई ऊर्जा, बुजुर्गों को स्नान करा रही योगी सरकार

बीते दो दिन में देवरिया, बहराइच, अमरोहा और बिजनौर जनपद के वृद्धाश्रमों में रहने वाले 100 से अधिक वरिष्ठजनों को विभागीय अधिकारियों द्वारा बसों से प्रयागराज लाया गया। कुंभ क्षेत्र में पहली बार समाज कल्याण विभाग द्वारा एक विशेष कैंप स्थापित किया गया, जहां 100 बेड की क्षमता वाला आश्रम तैयार किया गया है। यहां बुजुर्गों के लिए निःशुल्क भोजन, आवास और चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

**सामाजिक समरसता को बढ़ावा दे रही योगी सरकार**

योगी सरकार ने हमेशा से बुजुर्गों, किसानों, महिलाओं और समाज के अन्य वंचित वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता दी है। इसी क्रम में, समाज कल्याण विभाग द्वारा महाकुम्भ के दौरान पहली बार यह विशेष पहल की गई है। इस कैंप में वरिष्ठजनों की दिनचर्या को न केवल सुविधाजनक बनाया गया है, बल्कि उनके मानसिक और आध्यात्मिक उत्थान का भी विशेष ध्यान रखा गया है। यहां हर दिन की शुरूआत योग और ध्यान से होती है, जिससे बुजुर्गों को मानसिक शांति और स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। शाम को भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है, जिससे आध्यात्मिक माहौल बना रहता है और बुजुर्ग अपने अकेलेपन को महसूस नहीं करते।

### बंगाल के बर्दवान में डॉ. भागवत की सभा को मंजूरी नहीं

टीम एक्शन इंडिया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस की तरफ से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत की बर्दवान में प्रस्तावित सभा के लिए अनुमति नहीं दिए जाने पर संघ की राज्य इकाई ने गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया। पूर्व बर्दवान जिले के बर्दवान शहर में 16 फरवरी को आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत की सभा होनी थी लेकिन जिला पुलिस ने माध्यमिक परीक्षा के मद्देनजर लाउडस्पीकर के उपयोग पर लगी पाबंदी का हवाला देते हुए इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया। पुलिस का कहना है कि प्रस्तावित सभा स्थल के पास एक स्कूल है, जिससे परीक्षा प्रभावित हो सकती है। हालांकि, आरएसएस के समर्थन में तर्क दिया

**मामला कोर्ट में**

▸▸ जिले के बर्दवान शहर में 16 फरवरी को आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत की सभा होनी थी

जा रहा है कि चूंकि यह सभा रविवार को होनी है इसलिए परीक्षा में किसी तरह की बाधा नहीं आएगी। आरएसएस ने इस फैसले को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की है, जिस पर शुक्रवार को सुनवाई की संभावना है। डॉ. मोहन भागवत इन दिनों पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं, जहां वे आरएसएस के पदाधिकारियों से मुलाकात कर संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा कर रहे हैं।



38वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्टेडियम का निरीक्षण किया।




# प्रयागराज में ट्रैफिक सुचारू, बिना किसी बाधा के यात्री कर रहे संगम स्नान

टीम एक्शन इंडिया

**महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ** 2025 में माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच शहर की ट्रैफिक व्यवस्था अब पूरी तरह से सुचारू रूप से संचालित हो रही है। प्रशासन की ओर से किए गए व्यापक प्रबंधों का सकारात्मक असर दिख रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है और वो सुगमता के साथ संगम स्नान कर रहे हैं।



**सभी प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक हुआ सुगम:** मेला पुलिस के अनुसार मलाक हरहर (लखनऊ), मिर्जापुर रोड, रीवा रोड, सहसो (जौनपुर),

**संचालित**

▸▸ माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से हो रही संचालित

फाफामऊ (लखनऊ), अंदावा (वाराणसी रूट) और कौशांबी रूट पर यातायात सामान्य रूप से जारी है।

### शाह के दौरे से पहले हल्द्वानी पहुंचे सीएम

टीम एक्शन इंडिया

**हल्द्वानी।** 38वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी मिलने से राज्य में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ा है। उन्होंने यह भी बताया कि उत्तराखंड ने इस बार 100 पदक जीते हैं, जो राज्य के लिए गर्व की बात है। पिछले राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड 25वें स्थान पर था, लेकिन इस बार वह सातवें स्थान पर पहुंच गया है।

**एक्टर विवेक ओबरॉय और विक्की कौशल ने पुण्य की डुबकी लगाकर संगम व महाकुम्भ मेला क्षेत्र का किया भ्रमण**

# महाकुम्भ में लगा फिल्म जगत के सितारों का जमघट

टीम एक्शन इंडिया

**महाकुम्भनगर।** गंगा-यमुना-सरस्वती का पवित्र त्रिवेणी संगम महाकुम्भ 2025 के दौरान न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए धरती के सबसे बड़े केंद्र के तौर पर उभरा है। चाहें राजनीति हो, चाहें उद्योग जगत हो या फिर फिल्म जगत, सभी कलाओं, सभी संस्कृतियों और विश्व के सभी क्षेत्रों के दिग्गजों का संगम स्थल महाकुम्भ 2025 बनकर उभरा है। महाकुम्भ 2025 में यूं तो हर दिन ही कोई न कोई प्रख्यात शख्सियत संगम पर डुबकी लगाकर खुद को धन्य मानती है और इस दिव्य-भव्य महाकुम्भ के आयोजन के लिए योगी सरकार की प्रशंसा करती



है मगर गुरुवार का दिन कई मायनों में विशिष्ट रहा। इस दिन फिल्म जगत के बड़े कलाकार विवेक ओबराय व विक्की कौशल ने संगम में डुबकी लगाई। वहीं, महाराष्ट्र की फायरब्रांड नेत्री और पूर्व एक्ट्रेस नवनीत राणा ने भी संगम में स्नान किया। इससे पूर्व, प्रसिद्ध ड्रमर शिवमणि, महाभारत में दुर्योधन का कैरेक्टर प्ले करने वाले पुनीत इस्सर व फेमस मेंटलिस्ट सुहानी शाह समेत कई कलाकार महाकुम्भ के महाआयोजन का हिस्सा बनकर खुद को धन्य माना।

**विक्की कौशल ने खुद को बताया सौभाग्यशाली**

शुक्रवार को शिवाजी महाराज के पुत्र सम्भाजी महाराज की जीवनी पर आधारित फिल्म छावा की रिलीज के पहले गुरुवार को एक्टर विक्की कौशल ने तीर्थराज प्रयागराज पहुंचकर संगम में पवित्र डुबकी लगाई और फिल्म की सफलता की कामना की। विक्की कौशल गुरुवार को दोपहर अरैल घाट से क्रूज में सवार होकर संगम स्थल पर गए जहां उन्होंने पवित्र डुबकी लगाई।

उन्होंने मीडिया को दिए संक्षिप्त इंटरव्यू में महाकुम्भ का हिस्सा बनने के लिए, खुद को सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि वह कई दिन से इस अवसर की प्रतीक्षा में थे और आज जाकर उनकी यह इच्छा पूरी हो सकी।